दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — लत छूटी तो वजन बढ़ा और अब ले...
4 अभिव्यक्ति — आरोग्य सेतु एप और डाटा सुरक्षा...
9 मनोरंजन/खेल — सोनाक्षी के खिलाफ धोखाधड़ी मामले में...
11 व्यापार — कोरोना के कारण नीतिगत दरों में कमी...

www.navpradesh.com
रायपुर, शनिवार 23 मई 2020, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-प्रतिपदा, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-102 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कोरोना भारत आकर सोच में पड़ गया है कि ये भारतीय आखिर किस मिट्टी के बने है? सारी दुनिया जिसके खौफ से थर-थर कांप रही है वहीं भारतीय उसे कोई भाव नहीं दे रहे है। लॉकडाउन की खुले आम धज्जियां उड़ा रहे है। कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़ रही है और केन्द्र व राज्य सरकारें लोगों को छूट पर छूट दे रही है। शराब दुकानों में मेला लग रहा है। बस रेल या हवाई शुरू करने की कवायद हो रही है। राजनीतिक दल कोरोना से लडने् की जगह एक दुसरे से लड़ रहे हैं। ये सब नौटंकी देखकर कोरोना पशोपेश में पड़ गया है कि वह यहां रहे या चला जाए।

छत्तीसगढ़ की खाद्य वितरण व्यवस्था को केंद्र से मिली तारीफ

■ केंद्रीय खाद्य मंत्री पासवान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से प्रदेश के मंत्री भगत से की बात

■ कहा- लोगों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने में छत्तीसगढ़ ने हासिल की अहम सफलता

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। केन्द्रीय खाद्य मंत्री रामविलास पासवान ने देशव्यापी लॉकडाउन के दौरान देश के विभिन्न राज्यों में खाद्यान्न व्यवस्था की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। पासवान ने लॉकडाउन के दौरान कोरोना वायरस के संक्रमण से सुरक्षा के लिए छत्तीसगढ़ में किए गए प्रभावी उपायों और खाद्यान्न वितरण व्यवस्था की सराहना की। पासवान ने कहा कि छत्तीसगढ़ में लोगों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। छत्तीसगढ़ में पहुंचने वाले प्रवासी श्रमिकों के लिए परिवहन, भोजन और स्वास्थ्य की समुचित व्यवस्था प्रशंसनीय है। खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा के दौरान कहा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सहयोग के लिए केंद्र को दिया धन्यवाद

मंत्री भगत ने केन्द्रीय मंत्री को छत्तीसगढ़ के लिए किए गए सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर खाद्य विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, विशेष सचिव मनोज कुमार सोनी, एमडी नान निरंजन दास सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

गरीब परिवार को नि:शुल्क चावल वितरण तीन माह बढ़ाने की मांग

भगत ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत गरीब परिवारों को दी जा रही प्रति सदस्य 5 किलो नि:शुल्क चावल को तीन महीने और बढ़ाने का आग्रह किया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के बीपीएल कार्डधारी परिवारों के समान ही एपीएल कार्डधारी सामान्य परिवारों को भी सस्ता चावल देने का आग्रह किया। भगत ने कहा कि लॉकडाउन के बाद राज्य में लगभग 40 हजार नये राशन कार्ड बने हैं, जो अन्य राज्यों से वापस आये प्रवासियों के थे। इन राशनकार्डो पर भी प्रवासी मजदूरों को भारत सरकार की योजना का लाभ दिया जाए।

प्रदेश के लिए शक्कर का कोटा अलग से देने का आग्रह

भगत ने छत्तीसगढ़ के शक्कर कारखानों से राज्य के लिए शक्कर का कोटा पीडीएस के माध्यम से वितरण के लिए अलग से देने का अनुरोध किया है। भगत ने बताया कि छत्तीसगढ़ में चने का वितरण माह अप्रैल के लिए हो गया है और मई का वितरण किया जा रहा है। प्रदेश में देश के अन्य राज्यों से आने वाले प्रवासी श्रमिकों को भी खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रदेश में कही भी खाद्यान्न की कमी नहीं है।

प्रसंगवश | न्याय योजना

दिल्ली के पैकेज पर भारी पड़ता छत्तीसगढ़ी न्याय

यशवंत धोटे

महज पौने तीन करोड़ की आबादी वाले छत्तीसगढ़ राज्य में किसानों,मजदूरों के खाते में सीधे पैसे डालकर राजीव गांधी न्याय योजना का आगाज हो गया । 5700 करोड़ रुपए के घोषित न्याय में से 1500 करोड़ की पहली किश्त काश्तकारों के खाते में जा चुकी हैं। अब किसान, मजदूर दिल्ली के पेकेज की तुलना छत्तीसगढ़ी न्याय से करने लगे हैं। आपदा को अवसर में बदलने की घोषणा के साथ प्रधानमंत्री ने देश की 135 करोड़ आबादी के लिए 20 लाख करोड़ का दस्तावेजी पैकेज जब घोषित किया तो उसे आम लोगों को समझाने में पांच दिन लगे और धरातल पर उतरने का समय अभी निश्चित नहीं हैं। केन्द्र सरकार तीन किश्तों में प्रति किसान सालाना 6 हजार रुपए दे रही है और वह भी इस पेकेज में शामिल है। छत्तीसगढ़ी न्याय का फलसफा यह है कि इसमें काश्तकार को 14 क्विन्टल प्रति एकड़ धान की औसत पैदावार के हिसाब से दिया जाने वाला न्याय 9590 हैं। अब इसे किसान सीधी और सरल भाषा में ऐसे समझ सकता है। केन्द्र ने धान का समर्थन मूल्य 1835 रुपए तय किया है और राज्य सरकार प्रति क्विंटल 25 सौ रुपए दे रही है । अब यह 685 रुपए की अंतर राशि को एक एकड़ के औसत उत्पादन से गुणा किया जाय तो प्रति एकड़ 9590 रुपए होती हैं। इस लिहाज से काश्तकार को रकबे के मुताबिक मिलने वाली राहत केन्द्र के पैकेज को मुंह चिढ़ाती है । अब इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिहाज से देखा जाय तो बार बार राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल यह क्यों कहते हैं कि पौने तीन करोड़ की आबादी वाले इस राज्य की ■ शेष पृष्ठ 8 पर

खतरा

हिमालयी क्षेत्र में बड़े भूकंप के खतरे की आहट

नई दिल्ली (वार्ता)। देश पिछले काफी दिनों से कोरोना महामारी का सामना कर रहा है और दो दिन पहले ओड़िशा तथा पश्चिम बंगाल में अम्फान तूफान अपने पीछे तबाही का कभी न भुलाया जाने वाला मंजर छोड़ गया है। ऐसे में अगर देश पर कोई अवांछित आपदा आ जाए जो शायद कोई भी देशवासी इसके लिए तैयार नहीं होगा , लेकिन इस तरह के खतरे की आहट को लेकर कई मौसम वैज्ञानिक संस्थाएं चौकन्नी हैं। राजधानी दिल्ली में एक माह में भूकंप के चार झटकों का विश्लेषण करने वाले 'राष्ट्रीय भूकंप केन्द्र' एनसीएस का कहना है कि इस समय हिमालयी क्षेत्र में जबर्दस्त भूकंप की आशंका है। एनसीएस ने अपने अनुमानों से एनडीआरएफ को अवगत करा दिया है और भीषण चक्रवाती तूफान अम्फान से निपट रहे बल के लिए ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पाकिस्तान: घरों से टकराकर क्रैश हुआ विमान, कई की मौत

90 से ज्यादा लोग सवार थे विमान में, कुछ बचाए भी गए

इस्लामाबाद/ए.। पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइन्स (पीआईए)का एक विमान शुक्रवार को भयानक दुर्घटना का शिकार हो गया। लाहौर से कराची आ रहा यह प्लेन कराची एयरपोर्ट के पास एक रिहायशी इलाके में घरों से टकराकर क्रैश हो गया। पीआईए के प्रवक्ता अब्दुल सत्तार ने क्रैश की पुष्टि की है। राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। विमान में 90 से ज्यादा लोग सवार थे। इनमें से अधिकतर की जान चली गई जबकि कुछ को बचा लिया गया। पाकिस्तानी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के फुटेज में दिखा कि जिस जगह विमान क्रैश हुआ उन घरों को आग लग गई। जिसकी वजह से वहां धुएं का भयानक गुबार उठ गया। खबर लिखे जाने तक किसी के हताहत होने की आधिकारिक पुष्टि तो नहीं की गई है।

लैंडिंग से एक मिनट पहले ही दुर्घटना

बताया गया है कि लैंडिंग से एक मिनट पहले ही प्लेन दुर्घटना का शिकार हो गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस प्लेन की चपेट में मॉडल टाउन इलाके के कम से कम 4-5 मकान आए हैं। कई गाड़ियां भी इससे टकराने के बाद बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। मौके पर अधिकारियों समेत ऐंबुलेंस और राहतकर्मी पहुंच गए। प्लेन में सवार लोगों के अलावा जमीन पर इसकी चपेट में आने से भी कई लोगों की मौत की आशंका है।

विमान में आई थी तकनीकी खराबी

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान एटीसी से विमान के पायलट की हुई अंतिम बातचीत में यह बात सामने आई कि विमान में तकनीकी खराबी आई थी, जिसके कारण यह हादसा हुआ। प्लेन के टकराते ही घरों में आग लग गई और धमाकों की आवाज सुनाई देने लगी। गली में इतना धुआं भर गया कि कुछ भी देखना मुश्किल हो गया। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सरकार के पास रणनीति नहीं: सोनिया गांधी

नई दिल्ली ए.। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने लॉकडाउन से बाहर आने के लिए सरकार के पास कोई रणनीति नहीं होने का दावा करते हुए शुक्रवार को कहा कि संकट के इस समय भी सारी शक्तियां प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) तक सीमित हैं। 22 प्रमुख विपक्षी दलों की वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से हुई बैठक में उन्होंने यह भी कहा कि इस सरकार में संघवाद की भावना को भूला दिया गया है और विपक्ष की मांगों को अनसुना कर दिया गया। उन्होंने कहा, ''कोरोना वायरस के खिलाफ युद्ध को 21 दिनों में जीतने की प्रधानमंत्री की शुरुआती आशा सही साबित नहीं हुई। ऐसा लगता है कि वायरस दवा बनने तक मौजूद रहने वाला है। मेरा मानना है कि सरकार लॉकडाउन के मापदंडों को लेकर निश्चित नहीं थी । उसके पास इससे बाहर निकलने की कोई रणनीति भी नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से 20 लाख करोड़ रुपये के आर्थिक पैकेज की घोषणा करने और फिर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पांच दिनों तक इसका ब्यौरा रखे जाने के बाद यह एक क्रूर मजाक साबित हुआ।

पीएम मोदी ने किया अम्फान प्रभावित इलाके का हवाई सर्वेक्षण

प. बंगाल के लिए 1 हजार करोड़ का ऐलान

कोलकाता/वार्ता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भीषण चक्रवाती तूफान 'अम्फान' से बुरी तरह प्रभावित पश्चिम बंगाल के लिए तत्काल एक हजार करोड़ रुपये की मदद की घोषणा की है। मोदी ने शुक्रवार को तूफान प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण करने के बाद यह घोषणा की। मोदी ने राज्यपाल जगदीप धनखड़, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य सरकार के अन्य अधिकारियों के साथ बशीरहाट में एक समीक्षा बैठक को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य और केन्द्र सरकार चक्रवाती तूफान अम्फान से प्रभावित लोगों के साथ एकजुट होकर खड़ी हुई है। मोदी ने कहा कि पूरा देश आपके साथ खड़ा हुआ है। केन्द्र सरकार हर समय आपके साथ है। मैं आप सभी लोगों से मिलने आया था ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ओडिशा के लिए 500 करोड़ के राहत पैकेज का ऐलान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को ओडिशा के अम्फान चक्रवात से प्रभावित इलाकों का हवाई दौरा किया। तूफान प्रभावित इलाकों का दौरा करने के बाद पीएम मोदी ने एक समीक्षा बैठक की। बैठक में ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और प्रताप चंद्र सारंगी भी शामिल रहे। बैठक के बाद प्रधानमंत्री ने ओडिशा के लिए 500 करोड़ रुपये के राहत पैकेज का ऐलान किया।

कोरोना अपडेट

देश	कंफर्म केस	मौत
भारत	1,24,073	3,707
अमेरिका	1,623,352	96,526
ब्रिटेन	254,195	36,393
इटली	228,006	32,486
स्पेन	280,117	27,940
फ्रांस	181,826	28,215
ब्राजील	312,074	20,112
बेल्जियम	56,511	9,212
जर्मनी	179,160	8,316
ईरान	131,652	7,300
मैक्सिको	59,567	6,510
कनाडा	81,324	6,152
नीदरलैंड	44,888	5788
टर्की	153,548	4,249
स्वीडन	32,809	3,925
रूस	326,448	3,249

शेयर बाजार

संसेक्स- 30672.59
निफ्टी- 9039.25
गोल्ड- 47090 (10 ग्रा.)
सिल्वर- 48369 (1 कि ग्रा.)

तीन डिस्चार्ज, 40 नए, अब 110 मरीज

■ शुक्रवार को अकेले कोरबा जिले से ही मिले 12 कोरोना पॉजिटिव

रायपुर/कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में शुक्रवार को कोरोना के 3 मरीजों के स्वस्थ व 40 नए मरीजों के आने के साथ ही प्रदेश में अब एक्टिव पॉजिटिव केस की संख्या 110 हो गई है। 40 में से अकेल एम्स रायपुर में 36 की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। शुक्रवार को पहले 16 नए कोरोना पॉजिटिव पाए गए। इसके बाद बिलासपुर के कोविडि हॉस्पिटल से जांजगीर के तीन मरीजों को स्वस्थ होने के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया। इसके बाद रात तक 24 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। अब राज्य में अब एक्टिव पॉजिटिव केस की संख्या बढ़कर 110 हो गई है। शुक्रवार को कोरोना संक्रमितों की जिलों वाली सूची में बेमेतरा व बलरामपुर भी जुड़ गए, जहां पहले कोई मरीज नहीं था। जबकि कोरबा में एक्टिव पॉजिटिव की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। शुक्रवार तक राज्य के कुल मामलों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

रेपो-रिवर्स रेपो रेट में कमी, लोन की किश्त चुकाने और 3 माह का समय

■ दोनों दरों में 40 बेसिस पॉइंट की हुई कटौती

नई दिल्ली/वार्ता। कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण के कारण लॉकडाउन के मद्देनजर रिजर्व बैंक ने कर्ज की किश्त चुकाने से तीन महीने की और राहत देने की घोषणा की है। केन्द्रीय बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने मौद्रिक नीति समिति की बैठक के लिए गये निर्णयों की जानकारी देते हुये शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा कि कर्ज की किश्ते चुकाने में राहत को अगस्त तक बढ़ाने का फैसला किया गया है। पूरे देश में लॉकडाउन की अवधि 31 मई तक बढ़ाए जाने के मद्देनजर केंद्रीय बैंक ने यह निर्णय लिया है। दास ने कहा कि रेपो दर और रिवर्स रेपो दर में 40 आधार अंकों की कमी किये जाने के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

विकासखंडों को बांटा तीन जोन में

■ राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया आदेश, 44 कंटेंनमेंट जोन

रायपुर/नवप्रदेश। कोरोना से बचाव के मद्देनजर राज्य शासन के स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेश के सभी विकासखंडों को रेड, ऑरेंज और ग्रीन जोन में वर्गीकृत किया है। विभाग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना शुक्रवार को जारी कर दी गई है। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के मुताबिक प्रदेश के सभी विकासखंडों और शहरी क्षेत्रों में कोरोना कोविड-19 के सक्रिय मामलों की संख्या, इनके दोगुने होने की दर तथा प्रति एक लाख जनसंख्या पर सैंपल जांच के आधार पर उन्हें रेड, ऑरेंज और ग्रीन जोन में वर्गीकृत किया गया है। इनके अलावा 44 कंटेंनमेंट जोन भी घोषित किए गए हैं। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

रेड जोन बालोद जिला: डौंडीलोहारा, बिलासपुर जिला: तखतपुर, मस्तूरी, कोरबा जिला : कोरबा

ऑरेंज जोन *बालोद जिला: बालोद, डौंडी, जांजगीर जिला: बम्हनीडीह, ढभरा, जैजेपुर, मालखरौदा, नवागढ़, सक्ती, बलौदाबाजार जिला: भाटापारा, बिलाईगढ़, सिमगा, पलारी कसडोल,* ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गरमा-गरम

एकल खिड़की | आवासीय कॉलोनी के अनुमोदन की प्रक्रिया हुई सरल, 100 दिन के भीतर मिलेगी सभी अनुमतियां

'सीजी आवास' लागू, अब तेजी से विकसित होंगी कॉलोनियां

■ कार्यालयों के चक्कर काटने से मिली मुक्ति

रायपुर (नव प्रदेश)। प्रदेश में आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा आवासीय कॉलोनी के अनुमोदन की प्रक्रिया में तेजी लाने और इसे सुगम बनाने के लिए एकल खिड़की प्रणाली 'सीजी आवास' विकसित किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में आवासीय कालोनियों के विकास की प्रक्रिया को सरलीकरण करने के निर्देश दिए थे। इसीके तहत ये व्यवस्था की गई है। एकल खिड़की प्रणाली से अब समस्त अनुमति 100 दिवस के अंदर पूर्ण कर ली जाएगी। कॉलोनाईजर-आवेदक द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि की चतुर्सीमा के अंतर्गत खसरे को एकीकृत कर प्रस्तुत नहीं किये जाने पर खसरा एकीकरण हेतु 40 दिन का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। इस प्रक्रिया के तहत आवेदक को अब बार-बार किसी भी दफ्तर में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पहले लगता था डेढ़-दो साल का समय

पहले आवासीय कॉलोनी के विकास की अनुज्ञा प्राप्त करने के लिए जहां डेढ़ से दो साल का समय लग जाता था, वहीं अब इसकी समय-सीमा तय कर दी गई है और आवेदकों को 100 दिन के भीतर विकास अनुज्ञप्ति मिल जाएगी। इसके तहत भू-व्यपवर्तन प्रमाण पत्र, अनुमोदित अभिन्यास, कॉलोनी विकास की अनुमति की स्वीकृति सभी एकल खिड़की के माध्यम से प्राप्त होगी।

आवेदक को एसएमएस से मिलेगी स्थिति की जानकारी

आवेदक को पोर्टल पर एवं एस.एम.एस. के माध्यम से आवेदन की स्थिति की जानकारी समय-समय पर प्राप्त होती रहेगी। इस प्रणाली से जहां प्रक्रिया की पुनर्रावृत्ति नहीं होगी वहीं अधिकारियों की जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी। प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी और नयी तकनीक से लागों के समय में बचत होगी।

विभाग अब कार्यालय में नहीं लेंगे आवेदन

सीजीआवास के तहत अब 21 मई 2020 से इस प्रक्रिया से जुड़े सभी संबंधित विभाग अपने कार्यालय में आवासीय कॉलोनी की अनुज्ञा से संबंधित कोई भी आवेदन नहीं लेंगे। इन विभागों में अब सीजी आवास के माध्यम से ही आवेदन जमा कराया जाना है। इसके तहत अब कॉलोनी के विकास के लिए आवेदन छत्तीसगढ़ के किसी भी स्थान से सर्विस प्लस पोर्टल के माध्यम से सीजी आवास द्वारा किया जा सकेगा।

भारत-नेपाल तनाव : नेपाल के रुख पर तय होगी कूटनीति

नई दिल्ली ए.। नेपाल के नए नक्शे में कालापानी और लिपुलेख को शामिल किए जाने के बाद दोनों देशों के बीच सीमा संबंधी विवाद पर बातचीत को लेकर संशय हो गया है। भारत ने नेपाल के नए नक्शे को खारिज करने के साथ ही वार्ता के लिए उपयुक्त माहौल बनाने का जिम्मा भी नेपाल के ऊपर डाल दिया है।

यह स्पष्ट संकेत है कि नेपाल की प्रतिक्रिया और ताजा घटनाक्रम से भारत खुश नहीं है, इसलिए दोनों देशों के बीच विदेश सचिव स्तर की प्रस्तावित वार्ता अब नेपाल के रुख पर तय होगी। भारत ने कहा था कि कोविड संकट के बाद दोनों देशों के बीच विदेश सचिव स्तर की बातचीत हो सकती है। भारत ने बातचीत के जरिए आशंकाओं को दूर करने के साथ नेपाल को भरोसा दिया था कि उसने कालापानी, लिपुलेख इलाके में कुछ भी नया नहीं किया है।

सूत्रों ने कहा नेपाल काफी समय से चीन की

आड़ में भारत पर दबाव बनाने की कोशिश करता रहा है। नेपाल में कम्युनिस्ट सरकार चीन के लगातार संपर्क में रही है। ताजा मुहिम में भी चीन की भूमिका दिख रही है। चीन की मदद से कई परियोजना भारत की सुरक्षा चिंताओं की अनदेखी करके वहां शुरू की गई हैं। कूटनीतिक स्तर पर संकेत दिया गया है कि उसे बनाए गए तंत्र के जरिये वार्ता पर जोर देना चाहिए था।

एक धड़ा चाहता है बातचीत

नेपाल में एक बड़ा धड़ा ताजा घटनाक्रम से चिंतित है। नेपाल प्रजातांत्रिक गठबंधन के किशोरी महतो ने कहा कि नेपाल में बड़ा समुदाय भारत के साथ अच्छे संबंध के पक्ष में है। भारत को बड़े भाई की भूमिका निभाना चाहिए। दोनों देशों के बीच बातचीत जरूरी है। हिन्दूवादी ताकतों को भारत सरकार को मदद करना चाहिए। इससे दोनों देशों के संबंधों में मजबूती आएगी। नेपाल की प्रतिक्रिया के पीछे बड़ी वजह अंदरूनी राजनीति है। कुछ समय से केपी शर्मा ओली के नेतृत्व को लेकर सवाल सरकार के अंदर से उठ रहे थे। सहयोगी दल उनकी घेराबंदी कर रहे थे। इस कदम से ओली ने विरोध के सुर थामने की कोशिश की है। वे चाहते हैं कि राष्ट्रवाद के नाम पर लोगों का समर्थन उन्हें मिले।

अमेरिका बोला- उकसावे वाली सैन्य गतिविधियों में शामिल है ड्रैगन

एजेंसी,वाशिंगटन। भारत के अपने क्षेत्र में चीन की दखलअंदाजी का कड़ा विरोध किए जाने के कदम का अमेरिका के एक शीर्ष राजनयिक द्वारा समर्थन करने के एक दिन बाद व्हाइट हाउस ने गुरुवार को कहा कि चीन भारत समेत अपने पड़ोसी देशों के साथ उकसावे वाली और बलपूर्वक सैन्य एवं अर्द्धसैन्य गतिविधियों में संलिप्त है। व्हाइट हाउस ने एक रिपोर्ट में कहा कि बीजिंग पीला सागर, पूर्व तथा दक्षिण चीन सागरों, ताइवान जलडमरूमध्य और चीन-भारत सीमा इलाकों में उकसावे वाली और बलपूर्वक सैन्य तथा अर्द्धसैन्य गतिविधियों में संलिप्त होकर अपने पड़ोसियों से की गई

प्रतिबद्धताओं का उल्लंघन करता तथा अपने बयान से विरोधाभासी रुख अपनाता है। चीन गणराज्य की ओर अमेरिका का कूटनीतिक रुख शीर्षक की यह रिपोर्ट कांग्रेस को सौंपी गई।

रिपोर्ट में कहा गया है कि चूंकि चीन की ताकत बढ़ी है तो अपने हितों के लिए माने जा रहे खतरों को खत्म करने तथा वैश्विक रूप से कूटनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति करने की कोशिशों में चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की धमकी देने और बल का इस्तेमाल करने की इच्छा तथा क्षमता प्रबल हुई है। दरअसल चीन से लगी भारत की सीमा पर तनाव के बीच अमेरिका ने नयी दिल्ली का समर्थन किया। एक शीर्ष अमेरिकी राजनयिक ने बीजिंग पर आरोप लगाया कि वह अपने अतिसक्रिय और परेशान करने वाले व्यवहार से यथास्थिति को बदलने की कोशिश कर रहा है और उसका विरोध करना चाहिए।

पर्यावरण नियमों को नहीं मानने वालों को खामियाजा भुगतना होगा : जावड़ेकर

नयी दिल्ली (वार्ता)। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने जैव विविधता के संरक्षण के लिए शुक्रवार को कई

कार्यक्रमों की शुरुआत की तथा कहा कि पर्यावरण नियमों का उल्लंघन करने वालों को इसका खामियाजा भुगतना होगा। अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के मौके पर एक वेबीनार में श्री जावड़ेकर ने स्नातकोत्तर छात्रों के लिए एक इंटर्नशिप कार्यक्रम, दो जागरूकता कार्यक्रमों और एक मॉडल कॉप की शुरुआत की तथा जैवविविधता वेबीनार श्रृंखला का एक बुकलेट लॉन्च किया। मॉडल कॉप में हिस्सा लेने वाली एक छात्रा के प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि आम लोग भी पर्यावरण नियम नहीं मानने वाली कंपनियों की पोल खोलकर पर्यावरण तथा जैव विविधता के संरक्षण में योगदान दे सकते हैं।

कोरोना मरीज के शव में कब तक जिंदा रहता है वायरस? पता लगाएंगे एम्स के डॉक्टर

नई दिल्ली ए.। एम्स के डॉक्टर यह अध्ययन करने के लिए कोविड-19 से मरने वाले व्यक्ति का पोस्टमार्टम करने पर विचार कर रहे हैं कि कोरोना वायरस संक्रमण कितने समय तक किसी शव में रह सकता है और क्या इससे संक्रमण का फैलाव हो सकता है। दिल्ली के अस्पताल के फॉरेंसिक प्रमुख डॉ. सुधीर गुप्ता ने कहा कि इस अध्ययन से यह पता लगाने में भी मदद मिलेगी कि विषाणु कैसे मानव अंगों पर असर डालता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए मृतक के कानूनी वारिस से सहमति ली जाएगी। इस अध्ययन में रोग विज्ञान और अणुजीव विज्ञान जैसे कई और विभाग भी शामिल होंगे। डॉ. गुप्ता ने कहा कि यह अपने आप में पहला अध्ययन होने जा रहा है और इसलिए सावधानीपूर्वक इसकी योजना बनानी होगी। इससे हमें यह समझने में मदद मिलेगी कि वायरस शरीर पर क्या असर डालता है। साथ ही इससे यह भी पता चलने में मदद मिलेगी कि कोरोना वायरस किसी मृत शरीर में कितने समय तक रह सकता है।

बिहार के रण में कूदने से पहले जेपी नड्डा चुनेंगे अपनी सेना

बिहार के बाद प. बंगाल के चुनाव पर रहेगी नजर

टीम में किसको मिलेगी जगह, कौन होगा बाहर, सबकी है नजर

पटना ए.। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा यानी जेपी नड्डा बिहार जैसे बड़े चुनाव से पहले अपनी नई टीम का ऐलान करेंगे। दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी की कमान संभालने के बाद नड्डा का पहला बड़ा टेस्ट बिहार में ही होगी। राजनीति के जनक कहे जाने वाले चाणक्य की यह वही धरती है जहां बीजेपी के सबसे बड़े चुनाव प्लानर कहे जाने वाले अमित शाह को भी चुनौती का सामना करना पड़ा था। हालांकि, बिहार में 2020 में, 2015 से अलग परिस्थितियां हैं। थोड़ी बहुत भी बिहार की राजनीति को समझने वाले जानते हैं कि नड्डा को अमित शाह जैसी चुनौती सामना नहीं करना होगा। आइए पहले नड्डा की बनने वाली नई टीम के बारे में समझने की कोशिश करते हैं।

नड्डा के 'थिंकटैंक' में किसको मिलेगी जगह?

बीजेपी को करीब से जानने वाले जानते हैं कि बीजेपी की केंद्रीय टीम पार्टी को चलाने में थिंकटैंक का काम करती है। ऐसे में जेपी नड्डा भली-भांति समझते होंगे कि किसी भी चुनाव की प्लानिंग में थिंकटैंक का मजबूत होना कितना जरूरी होता है। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को अध्यक्ष बने चार महीने से ज्यादा का समय बीत गया है, लेकिन अब तक उन्होंने अपनी टीम फाइनल नहीं की है। सूत्रों का कहना है कि जेपी नड्डा अपनी टीम का ऐलान इस महीने के आखिरी में या जून के

पहले सप्ताह में कर देंगे। पहले चुनावी व्यस्तता और फिर कोरोना की वजह से अभी तक संगठन का विस्तार नहीं हो पाया था, लेकिन अब इसकी तैयारी चल रही है। राज्य स्तर पर संगठन बनाने का काम दिल्ली जैसे राज्यों को छोड़कर लगभग पूरा हो चुका है।

पार्टी में कौन संभालेगा सुषमा-जेटली की कुर्सी?

सूत्रों के मुताबिक, अब पार्टी के केंद्रीय संगठन में भी फेरबदल की तैयारियां शुरू हो गई हैं। बीजेपी कार्यालय में सीमित स्टॉफ के साथ नियमित कामकाज कुछ हद तक शुरू हो गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जो कि इसी साल जनवरी में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे, अब अपनी नई टीम पर काम करना शुरू कर दिया है। सूत्रों का कहना है कि इस महीने के अंतिम में या जून के पहले सप्ताह तक नई राष्ट्रीय टीम की घोषणा कर दी जाये। नड्डा की नई टीम नए कलेवर वाली होगी। सभी वर्गों और सभी राज्यों को उचित स्थान दिया जाएगा। नड्डा ने नई टीम के लिए राज्यों को भेजे एक सर्कुलर में कहा था कि युवाओं, महिलाओं और नए चेहरों को मौका देने पर जोर होना चाहिए। सर्कुलर में कहा गया था कि इन वर्गों में समान अनुपात से लोगों को मौका दिया जाए। इसके लिए राज्यों से उन्होंने वर्ग के हिसाब से सूची भी मंगवा ली थी।

बिहार- बंगाल की जिम्मेदारी पर सबकी नजर

नड्डा की नई टीम नए और पुराने कद्दावर अनुभवी नेताओं की मिलीजुली टीम होगी। जिन महासचिवों के पास चुनावी राज्यों की जिम्मेदारी है उनको नड्डा नहीं बदलेंगे। लिहाजा बिहार में प्रभारी महामंत्री भूपेंद्र यादव और पश्चिम बंगाल के प्रभारी कैलाश विजयवर्गीय नड्डा की नई टीम में भी शामिल रहेंगे। चुनाव वाले राज्य जैसे बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड, गुजरात और हिमाचल प्रदेश समेत सात राज्यों में आने वाले समय में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में नड्डा इन राज्यों के कुछ नए चेहरों को राष्ट्रीय टीम में मौका देंगे। इसके अलावा राजस्थान, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, झारखंड, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के कुछ पुराने नेताओं को नई राष्ट्रीय टीम में जगह मिल सकती है। जानकारी के मुताबिक नड्डा पार्टी के पूरी टीम की घोषणा करेंगे, जिसमें महासचिव, सचिव, उपाध्यक्ष, मोर्चा के अध्यक्ष और मीडिया टीम समेत बाकी विभागों के प्रभारी होंगे। सबसे ज्यादा नजर महासचिवों की टीम और पार्टी की नीति निर्धारण इकाई पार्लियामेंट्री बोर्ड पर रहेगी। महासचिवों में कुछ ही बने रहेंगे। बाकी जगहों पर नए चेहरों को मौका मिल सकता है। वहीं पार्लियामेंट्री बोर्ड में कई जगह खाली पड़े हैं। अरुण जेटली, सुषमा स्वराज और अनंत कुमार के निधन के बाद ये तीनों जगह पहले से खाली हैं।

रोहतगी ने कहा: 'माय लॉर्ड, मेरा क्लाइंट गरीब है', जज मुस्कुराये

सुप्रीम कोर्ट में एक सुनवाई के दौरान आज आया रोचक क्षण

नई दिल्ली (वार्ता)। सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को उस समय रोचक क्षण आया जब देश के सबसे महंगे वालों में शुमार मुकुल रोहतगी ने कहा कि माय लॉर्ड मेरा मुवक्किल गरीब है तब जज मुस्कुराने लगे। इस पर मुकुल रोहतगी ने कहा माय लॉर्ड अब मैं गरीबों का केस देखने लगा हूं।

दरअसल जमीन अधिग्रहण मामले की सुनवाई चल रही थी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जस्टिस अरुण मिश्रा की अगुआई वाली बेंच मामले की सुनवाई कर रही थी। इस दौरान जज मास्क लगाए हुए थे और हाथों में दस्ताने भी पहने हुए थे। पक्षकार की ओर से पेश सीनियर ऐडवोकेट और पूर्व अटॉर्नी जनरल मुकुल रोहतगी पेश हो रहे थे। मुकुल रोहतगी ने सुनवाई के दौरान कहा कि माय लॉर्ड आप सभी सुरक्षा उपाय किए हुए हैं और सुनवाई कर रहे हैं इसको लेकर उन्हें खुशी है। तब जस्टिस अरुण मिश्रा ने कहा कि आपको देखकर भी खुशी हुई कि आप अपने चैंबर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े हैं। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट में कोरोना के कारण चैंबर बंद कर दिए गए थे जो शुक्रवार को खोले गए जिसके बाद वकील अपने चैंबर से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हो रहे हैं।

रोहतगी बोले, मेरा मुवक्किल गरीब, सुनते ही हंस पड़े जज

सुनवाई जब आगे बढी तो मुकुल रोहतगी ने अपने क्लाइंट की ओर से केस की पैरवी करते हुए कहा कि उनका मुवक्किल गरीब है और उन्हें राहत दी जाए। इस पर जस्टिस अरुण मिश्रा मुस्कुराने लगे। इस पर मुकुल रोहतगी ने मौके की नजाकत को समझा और फिर कहा कि माय लॉर्ड अब मैं गरीबों की वकालत करने लगा हूं। अब लीगल फ्रेटरनिटी बदल गई है। हम गरीबों का केस लड़ते हैं। दरअसल मुकुल रोहतगी देश के सबसे महंगे वकीलों में से एक हैं और उन्होंने जब दलील में कहा कि उनका मुवक्किल गरीब है तो ऐसी परिस्थिति बन गई कि जज मुस्कुराने लगे।

जूम ऐप पर प्रतिबंध संबंधी याचिका पर केंद्र से जवाब तलब

नयी दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने 'जूम' ऐप को प्रतिबंधित करने संबंधी याचिका पर केंद्र सरकार को शुक्रवार को नोटिस जारी किया। मुख्य न्यायाधीश शरद अरविंद बोबडे, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति ह्रषिकेश राय की खंडपीठ ने हर्ष चुघ की याचिका पर केंद्र सरकार एवं 'जूम' ऐप का संचालन करने वाली कंपनी जूम वीडियो कम्युनिकेशन्स को नोटिस जारी किये। न्यायालय ने नोटिस के जवाब के लिए चार सप्ताह का समय दिया है। याचिकाकर्ता ने निजता के अधिकार का हवाला देते हुए जूम ऐप को प्रतिबंधित करने का अनुरोध किया है। याचिका में मांग की गई है कि शासकीय और व्यक्तिगत स्तर पर जूम के इस्तेमाल को लेकर शीर्ष अदालत एक उचित कानून बनाने का सरकार को निर्देश दे। याचिका में कहा गया है कि इस ऐप के इस्तेमाल से राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा हो सकता है। इसके अलावा इस ऐप के जरिये अलग-अलग तरह के साइबर अपराधों को भी बढ़ावा मिल सकता है। जूम ऐप के लगातार इस्तेमाल से साइबर अपराध का खतरा है, इसलिए इसके इस्तेमाल के संबंध में विस्तृत तकनीकी अध्ययन कराने के लिए केंद्र सरकार को निर्देश दिया जाए, ताकि इससे पैदा होने वाले सुरक्षा और गोपनीयता के खतरों का पता चल सके।

पाकिस्तान : कोरोना से लड़ने के लिए बने फंड से कर्ज का ब्याज चुकाएगी सरकार

इस्लामाबाद ए.। पाकिस्तान में कोरोना वायरस से लड़ने के लिए बने पीएम कोरोना रिलीफ फंड का दस अरब रुपया देश के ऊर्जा क्षेत्र पर चढ़े कर्ज के ब्याज को चुकाने के लिए किया जाएगा। पाकिस्तानी मीडिया में प्रकाशित रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। 'रोजनामा पाकिस्तान' ने 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' के हवाले से प्रकाशित अपनी ऑनलाइन रिपोर्ट की सुर्खी में कहा, 'पाकिस्तानी फिर बुद्धु बन गए, हुकूमत कोरोना वायरस फंड की रकम का इस्तेमाल कहां करेगी? इंतेहाई शर्मनाक खबर सामने आ गई'। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री इमरान खान ने कोरोना के खिलाफ जंग में कोरोना रिलीफ फंड बनाकर इसमें देशवासियों से अधिक से अधिक धन डालने के लिए कहा और अभी भी कह रहे हैं। उन्होंने लोगों से यह भी कहा कि

लोग इस फंड में जो एक रुपया डालेंगे, सरकार उसके बदले में इसमें चार रुपए अपनी तरफसे डालेगी। लेकिन, अब इमरान सरकार का ने इस फंड के दस अरब रुपए का इस्तेमाल उस कर्ज का ब्याज चुकाने के लिए करने का फैसला किया है जिसका कोरोना से कोई लेना-देना ही नहीं है, जिससे लड़ने के लिए आम लोगों ने अपनी जेब ढीली की थी। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि कैबिनेट की आर्थिक समन्वय समिति की बैठक में यह फैसला किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री के वित्तीय मामलों के सलाहकार अब्दुल हफीज शेख ने की। बैठक के बाद वित्त मंत्रालय की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, समिति ने प्रधानमंत्री कोरोना रिलीफ फंड से पाकिस्तान सरकार की गारंटीशुदा 200 अरब रुपए की सिक्योरिटी 'पाकिस्तान एनर्जी 'सुकूक-2' के कर्ज की ब्याज की अदायगी लिए तात्कालिक रूप से 10 अरब रुपए देने का फैसला किया। यह अस्थायी व्यवस्था छह महीने के लिए होगी। अगर इस बीच, ऊर्जा नियामक प्राधिकरण कानून में बदलाव हो गया, तो इस ब्याज का बोझ उपभोक्ता पर जा सकता है, अन्यथा यह अदायगी कोरोना रिलीफ फंड से होगी।

कुएं से निकले 9 प्रवासी श्रमिकों के शव, 7 बंगाल और 2 बिहार के, मचा हड़कंप

हैदराबाद ए.। तेलंगाना के वारंगल में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक कुएं से 9 प्रवासी श्रमिकों के शव बरामद हुए हैं। पुलिस ने सारे शवों को निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। बताया जा रहा है कि मरने वाले सभी श्रमिक बंगाल और बिहार के रहने वाले थे। जिन शवों को निकाला गया है उनमें बच्चों और महिलाओं के शव भी शामिल हैं।पुलिस ने बताया कि मामला वारंगल के ग्रामीण इलाके का है। यहां एक कुएं से 9 शव निकाले गए हैं। पुलिस ने बताया कि उन्हें गीसुगोंडा मंडल के गोर्टेकुंटा इंडस्ट्रियल एरिया में बने एक कुएं के अंदर प्रवासी श्रमिकों के शव पड़े होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद मौके पर पहुंचकर उन्होंने शव निकाले। पुलिस ने बताया कि जानकारी के मुताबिक सभी

श्रमिक वहां एक कोल्ड स्टोरेज में काम करते थे। पुलिस ने बताया कि नौ शवों में से एक बच्चा और एक महिला का शव भी शामिल है। पड़ताल में पता चला है कि सात लोग पश्चिम बंगाल के रहने वाले थे और दो मजदूर बिहार के निवासी थे। वे तेलंगाना में कमाने आए थे। लॉकडाउन के बाद से उनकी आमदनी बंद हो गई थी। वे लोग परेशान थे। वे अपने-अपने गांव जाने जाने वाले थे लेकिन अचानक लापता हो गए थे।

पंप से पानी निकालने के बाद निकाले गए शव

पुलिस ने बताया कि सभी शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए एमजीएम हॉस्पिटल भेजा गया है। केस दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। प्रवासी श्रमिकों से जुड़े सभी लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। स्थानीय लोगों से भी पड़ताल की जा रही है। पुलिस ने बताया कि शव निकालने के लिए पंप के जरिए पहले कुएं से पानी निकाला गया, उसके बाद शव बाहर निकाले जा सके।

चीन ने बढ़ाया अपना रक्षा बजट, 179 अरब डॉलर का बजट भारत के मुकाबले तीन गुना

हाल के वर्षों में की गई ये सबसे कम बढ़ोतरी

एजेंसी,बीजिंग। कोरोना महामारी से जहां हलकान दुनिया के अधिकतर देश अपनी अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं तो वहीं चीन अपना रक्षा बजट बढ़ाने में लगा है। चीन के वुहान शहर से ही निकला कोराना वायरस दुनिया भर में अब तक 50 लाख से अधिक लोगों को बीमार कर चुका है। वहीं कई देशों की अर्थव्यवस्था की कमर टूट गई है। महामारी और लॉकडाउन के चलते करोड़ों लोग बेरोजगार हो चुके हैं।

चीन ने अपने रक्षा बजट को पिछले साल के 177.6 अरब डॉलर से बढ़ाकर 179 अरब डॉलर कर दिया है। यह भारत के रक्षा बजट का करीब तीन गुना है और अमेरिका के बाद दुनिया में सबसे अधिक। हालांकि, कोरोना वायरस के कारण अर्थव्यवस्था में आए भारी व्यवधान के चलते हाल के वर्षों में की गई ये सबसे कम बढ़ोतरी है। देश की शीर्ष विधायिका नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) में शुक्रवार को पेश किए गए एक मसौदा बजट रिपोर्ट के अनुसार 2020 में चीन के रक्षा बजट की वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहेगी। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ न्यूज ने बताया कि इस तरह लगातार पांचवे

वर्ष चीन के रक्षा बजट में 10 प्रतिशत से कम बढ़ोतरी होगी। चीन के पास 20 लाख सैनिकों का दुनिया का सबसे बड़ा सैन्य बल है।

चीन का कुल रक्षा व्यय अमेरिका के मुकाबले एक चौथाई

एनपीसी को सौंपे गए मसौदा रक्षा बजट के अनुसार इस साल चीन का रक्षा बजट 1,270 अरब युआन (करीब 179 अरब डॉलर) का होगा। रिपोर्ट के मुताबिक 2019 में चीन का कुल रक्षा व्यय अमेरिका के मुकाबले एक चौथाई था, जबकि प्रति व्यक्ति रक्षा व्यय अमेरिका के 17वें हिस्से के बराबर था। एनपीसी के प्रवक्ता झांग युसुई ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान चीन के रक्षा बजट में पारदर्शिता का अभाव होने की बात से इनकार किया। रक्षा विश्लेषकों का कहना है कि बीजिंग के सैन्य और आधुनिक हथियारों का विस्तार उसकी घोषणाओं के मुकाबले बहुत अधिक है।

झांग ने कहा कि चीन का कोई ''छिपा हुआ सैन्य खर्च नहीं है। उन्होंने कहा कि चीन 2007 से हर साल संयुक्त राष्ट्र को अपने सैन्य खर्चों की रिपोर्ट देता रहा है। उन्होंने कहा, ''पैसे कहां से आते हैं, उन्हें कहां खर्च किया जाता है, सभी बातों का लेखाजोखा है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसआईपीआरआई) के अनुसार 2019 में चीन का रक्षा खर्च 232 अरब अमरीकी डॉलर था।

चीन का रक्षा बजट उसकी जीडीपी के मुकाबले करीब 1.3 प्रतिशत

चीन के भारी रक्षा व्यय के चलते भारत और कई अन्य देशों को अपना रक्षा व्यय बढ़ाने पर मजबूर होना पड़ा है, ताकि शक्ति संतुलन कायम रखा जा सके। इंडियन इंस्टीट्यूट फॉर डिफेंस एंड एनालिसिस (आईडीएसए) के अनुसार भारत का रक्षा बजट 2020 में 66.9 अरब अमेरिकी डॉलर था। इस तरह चीन का ताजा रक्षा बजट भारत के मुकाबले 2.7 गुना अधिक है। झांग ने कहा कि चीन का रक्षा बजट उसकी जीडीपी के मुकाबले करीब 1.3 प्रतिशत है।

■ न्यूज गैलरी

सरपंच संघ और प्रज्ञा मंडल गायत्री परिवार द्वारा सीएम कोष में 21 हजार का योगदान

रायपुर। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव व रोकथाम तथा जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए समाज के हर वर्ग द्वारा मुख्यमंत्री सहायता कोष में मुक्त हस्त से योगदान दिया जा रहा है। इसी क्रम में उत्तर बस्तर कांकेर जिले के जनपद पंचायत के सरपंच संघ द्वारा 11 हजार रूपए और प्रज्ञा मंडल गायत्री परिवार कोटेला द्वारा 10 हजार 100 रूपए की सहयोग राशि मुख्यमंत्री सहायता कोष के लिए उत्तर बस्तर कांकेर जिले के अपर कलेक्टर को सौंपी गई।

दो सिंचाई योजनाओं के लिए 24.39 करोड़ स्वीकृत

रायपुर। राज्य शासन के जल संसाधन विभाग ने दो सिंचाई योजनाओं के लिए 24 करोड़ 39 लाख 11 हजार रूपये स्वीकृत किए हैं। स्वीकृत इन सिंचाई योजनाओं के अंतर्गत महासमुंद जिले के विकासखंड सरायपाली की बोईरमाल व्यापवर्तन योजना के निर्माण के लिए 11 करोड़ 56 लाख 57 हजार रूपये की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति तथा बलौदाबाजार जिले के लिलार व्यापवर्तन योजना के शीर्ष एवं नहरों के जीर्णोद्धार तथा नहर लाइनिंग कार्य के लिए 12 करोड़ 83 लाख 54 हजार रूपये की संशेधित प्रशासकीय स्वीकृति मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार जल संसाधन विभाग रायपुर को दी गई है। प्रशासकीय स्वीकृति आदेश जलसंसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर से जारी कर दिये गये है।

पूर्ण लॉकडॉडन: आज छग में अवकाश घोषित

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण एवं महामारी के विस्तार को रोकने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में मई माह के हर शनिवार और रविवार को पूरी तरह से लॉकडाउन रखने का निर्णय लिया गया है। इस निर्णय के परिपालन में राज्य शासन ने मई माह के चतुर्थ शनिवार 23 मई को संपूर्ण छत्तीसगढ़ में सामान्य अवकाश घोषित किया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आदेश जारी किया गया है।

रेलवे: दोपहर 2 से शाम 6.30 बजे तक होगा रिजर्वेशन

रायपुर। यात्रियों की सुविधा के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के स्टेशनों पर आरक्षण केंद्रों के आरक्षित टिकट काउंटर दिनांक 22 मई 2020 से यात्रियों द्वारा टिकट लिए जाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव हेतु रात्रि में कर्फ्यू होने के कारण आरक्षण केंद्रों पर द्वितीय पारी में आरक्षित टिकट काउंटर 14:00 बजे से 18:30 बजे तक ही खोले जाएंगे।

कोरोना का खौफ...पुतलों और वृतियों को भी मास्क

रायपुर (नव प्रदेश)। छत्तीसगढ़ चंद रोज तक कोरोना संक्रमण से महफूज था। लॉकडाउन टू में लोग जरा लापरवाह क्या हुए पॉजिटिव मरीजों की तादात में ईजाफा होता गया। अब प्रदेश में यह संख्या तिहाई पर है। बस, फिर क्या था राजधानी रायपुर में बाजार क्या खुले, कपड़े दुकान में डिसप्ले के लिए लगे पुतलों तक को मास्क पहना दिया गया है। यही नहीं आज वट सावित्री की पूजा करने गईं वृती महिलाएं भी मास्क लगाए पूजा-पाठ करती दिखीं।

लॉकडाउन में नशा मिला नहीं तो लोगों ने स्पर्श क्लीनिक में दी दस्तक

लत छूटी तो वजन बढ़ा और अब ले रहे भरपूर नींद

■ **जिला अस्पताल में समस्याग्रस्तों को मिला जिंदगी जीने का टिप्स**

■ **तम्बाकू, शराब, अनिद्रा, दुश्चिंता वाले 50 फीसदी कम हुए केस**

रायपुर। कोरोना से जहां विश्व को कई तरह का नुक्सान हुआ है, वहीं लॉकडाउन की वजह से कईयों को फायदा भी बहुत मिला। खासकर बुरी लतों के आदि लोगों की समस्याएं दूर हुईं बल्कि उनके परिवार में भी खुशहाली लौटी है। ऐसे ही कई मामले रायपुर के जिला अस्पताल में लॉकडाउन के दौरान आ रहे हैं। पहले जिला अस्पताल की ओपीडी में शराब, तंबाकू, अनिद्रा और चिंता से परेशान मामलों की बाढ़ थी। बाकायदा मनोचिकित्सक डॉ.अविनाश शुक्ल को स्पर्श क्लीनिक में पूरे लॉकडाउन भर बैठे। नशे के लिए बेकरार लोगों और खाली घर में बैठे बैठे अनिद्रा, दुश्चिंताओं से घिरने वाले आते रहे। लेकिन जल्द ही बेहतर परामर्श और उनकी समस्याओं से होने वाले दुष्प्रभाव को मनोचिकित्सक श्री शुक्ला ने समझाया और परिणाम यह निकला कि अब करीब 50 फीसदी ऐसे मरीजों की संख्या में कमी आई है। लगातार स्पर्श क्लीनिक का लाभ लेने वालों की संख्या और उनकी आदतों से निजात के लिए किए गए प्रयासों का रिकार्ड बताता है कि लत छुटने के बाद मरीजों का वजन भी बढ़ा, उनका रंग भी साफ हुआ और अब वे भरपूर नींद लेकर तनावग्रस्त भी नहीं लग रहे।

1 मई से 20 मई तक इन्हें मिली नई जिंदगी

स्पर्श क्लीनिक के मनोचिकित्सक डॉ.अविनाश शुक्ल ने बताया लॉक डाउन के कारण अप्रैल और मई में ज्यादा लोग नशे की आदत छुडाने के लिए आये। एक से 20 मई तक तम्बाकू और शराब का सेवन करने वाले 14 लोगों ने नशा मुक्ति के लिए स्पर्श क्लीनिक में परामर्श लिया जिसमें 9 लोग तम्बाकू और 5 लोग शराब की आदत से छूटकारा पाने के लिए स्पर्श क्लीनिक आये। वहीं अप्रैल में 10 लोग तम्बाकू और 7 लोगों ने शराब की आदत से मुक्ति पाने के लिए स्पर्श क्लीनिक से परामर्श लिया। अप्रैल में 14 लोग अवसाद की समस्या लेकर, 7 तम्बाकू सेवन, 10 चिंता की समस्या , 7 शराब सेवन और 2 अनिद्रा की समस्या से परेशान क्लिनिक में आये थे जिन्हें दवा और परामर्श दिया गया। वहीं 20 मई तक 13 लोग अवसाद की समस्या के आये है, 9 तम्बाकू सेवन के, 10 चिंता की समस्या से परेशान, 5 शराब सेवन के और 3 अनिद्रा की समस्या से परेशान क्लिनिक में आये हैं जिनका उपचार किया गया और परामर्श भी दिया गया ।

ये हैं बुरी लत छुटने के फायदे

बुरी लत या नशा छोड़ने के फायदे है। नशा छोड़ने के बाद व्यक्ति सुखद महसूस करता है। फेफड़ों की कार्यक्षमता में सुधार होता है। हार्ट अटैक के होने की संभावना में भारी कमी आती है ।फिजूल खर्ची से बचाव ।कैंसर होने की संभावना में भारी कमी औरब्लड प्रेशर, हृदयगति का सामान्य होना इनमें से कुछ है। तम्बाकू का नशा छोड़ने पर व्यक्ति के वजन में 2-3 किलोग्राम बढ़ोतरी होना स्वाभाविक क्रिया है।

लॉक डाउन के चलते बीते 2 माह से (ओपीडी) आउट पेशेंट डिपार्टमेंट) में 50 प्रतिशत की कमी आई है ।लॉक डाउन में जिले के आस-पास और जिले के बाहर से आने वाले मरीज यात्रा में समस्याओं के कारण टेली मेडिसिन का लाभ भी ले रहे है। जहाँ तक नियमित फॉलोअप की बात है वहाँ पर टेली मेडिसिन के माध्यम से दवा और परामर्श बताया गया है।

डॉ.अविनाश शुक्ल, मनोचिकित्सक स्पर्श क्लिनिक

विवाह-अन्तिम संस्कार की अनुमति के लिए तहसीलदार अधिकृत

■ **विवाह में 10 और अंतिम संस्कार के लिए एक समय मे अधिकतम 20 व्यक्ति हो सकेंगे शामिल**

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। कलेक्टर डॉ.एस.भारतीदासन ने लॉकडाउन अवधि में रायपुर जिला के अंतर्गत संबंधित तहसीलदार को उनके क्षेत्र के लिए संबंधित व्यक्तियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत करने पर विवाह हेतु नियमानुसार अनुमति प्रदान करने हेतु अधिकृत किया है।

इसके अनुसार रायपुर तहसील के लिए अमित कुमार बेक,तिल्दा तहसील के लिए राकेश ध्रुव ,आरंग तहसील के लिए नरेंद्र कुमार बंजारा और अभनपुर तहसील के लिए शशीकांत कुर्रे को अधिकृत किया गया है। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि विवाह हेतु फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए एक समय में अधिकतम 10 व्यक्तियों को उपस्थित रहने की अनुमति प्रदान की जा सकती है।इसी तरह संबंधित तहसीलदार फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन कराते हुए एक समय में अधिकतम 20 व्यक्तियों को उपस्थित रहने की शर्त के साथ अंतिम संस्कार हेतु भी अनुमति प्रदान कर सकते हैं।

कोरोना को मात देने भारत में गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ में 15 करोड़ श्रद्धालु देंगे आहुतियां

■ **अखिल विश्व गायत्री परिवार के आह्वान पर आगामी 31 मई को अंतराष्ट्रीय स्तर पर यज्ञ**

रायपुर। वैश्विक स्तर पर छाए हुए कोरोना वायरस की महामारी के निवारण हेतु विश्व स्वास्थ्य संगठन एवं अनेकानेक वैज्ञानिक भी यज्ञ की महिमा को जानकर प्रेरित और संकल्पित हो रहे है। वर्ष 2017 से वंदनीय माताजी के जन्मशताब्दी वर्ष 2026 तक का समय अखिल विश्व गायत्री परिवार गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ उपासना वर्ष के रुप में मना रहा है। इसी कड़ी में सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय का संकल्प के साथ कोरोना से मुक्ति, पर्यावरण संवर्धन एवं संरक्षण, वातावरण का परिशोधन, समर्थ राष्ट्र निर्माण, वैचारिक उत्कृष्टता, समाज में छाई हुई विकृतियों को नष्ट तथा सत्प्रवृतत्तियों के संवर्धन के लिये आध्यात्मिक प्रयोग सामूहिक स्तर पर पूरे विश्व में किया जा रहा है। इस वर्ष यह आयोजन 31 मई 2020 को किया जायेगा। गायत्री परिवार के प्रमुख डॉ. प्रणव पण्ड्या के मार्गदर्शन में इसमें भारत के साथ साथ अमेरिका, कनाडा, साउथ एशिया सहित अनेक देशों में विश्व भर के करोड़ों साधक आयुर्वेदिक औषधियुक्त हवन सामाग्री के साथ गायत्री, महामृत्यंजय एवं सूर्य (आदित्य) मंत्रों के उच्चारण कर यज्ञ में आहूती अर्पित करेंगे। ''गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ-उपासना'' का मुख्य उद्देश्य मानव कल्याण है। वेद-पुराण और आयुर्वेदिक ग्रंथों में स्वास्थ्य रक्षा के लिये अनेक मंत्रों व उपयों का उल्लेख है। वैदिक काल के ये मंत्र यज्ञ और ये उपाय आज भी अचूक है। इन्ही तथ्यों को ध्यान में रखते हुए यह आयोजन किया जा रहा है। पूरे विश्व में एक दिन एक साथ यज्ञ करने पर प्रयुक्त हवन सामाग्री से जो धूम्र उत्पन्न होगा वह पूरे ब्रम्हाण्ड में समाहित होकर संपूर्ण वातावरण को शुद्ध करेगा। 1 जून 2020 सोमवार को गायत्री जयंती एवं गंगा दशहरा है उससे एक दिन पूर्व यह आयोजन किया जा रहा है।

लोक निर्माण विभाग ने 337 महत्वपूर्ण भवनों का निर्माण पूर्ण

रायपुर (नव प्रदेश)। लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू ने बताया कि विभाग द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष 2019-20 में विभिन्न विभागों के 337 महत्वपूर्ण भवनों का निर्माण पूर्ण किया गया। इनमें विशेष प्रयोजन के लिए प्रदान की गई राशि (बजटेड भवन कार्यों) के तहत 151 भवन और जमा मद भवन कार्यों के तहत 186 भवन शामिल है। मंत्री साहू ने बताया की दोनों मदों के अन्तर्गत पूर्ण किए गए भवनों में मुख्य रूप से बिलासपुर में राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र में निर्मित इंडोर स्टेडियम में अकाउस्टिक एवं एयर कंडिशनिंग, रायपुर के केन्द्रीय जेल में पचास-पचास बंदी क्षमता के 12 बैरकों का निर्माण, रायपुर जिला न्यायालय भवन के चौथे एवं पांचवे तल पर अतिरिक्त कोर्टरूम का निर्माण, बैकुण्ठपुर में नवीन जिला न्यायालय भवन, अंबिकापुर में जिला कार्यालय भवन और बलरामपुर में सर्किट हॉउस का निर्माण शामिल है। इसी तरह नवा रायपुर में ड्रायविंग ट्रेनिंग एण्ड रिसर्च संस्थान, भोरमदेव में अनुसूचित जनजाति कन्या शिक्षा परिसर, बेमेतरा और डोंगरगढ़ में शासकीय महाविद्यालय, रामानुजगंज, बीजापुर, बैकुण्ठपुर एवं जशपुर में पॉलीटेक्निक भवन, देवभोग, नरहरपुर, पोड़ी, बडेराजपुर, भटगांव, लखनपुर, दुर्गकोंदल एवं शंकरगढ़ में आई.टी.आई भवन और तिल्दा विकासखंड के खपरीकला, कसडोल विकासखंड के अर्जुनी, कुरूद विकासखंड के कचना एवं बगौद में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा धरसींवा विकासखंड के चौबे कॉलोनी एवं फुण्डहर में कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निर्माण कार्य शामिल है।

एक लाख 21 हजार से अधिक श्रमिक क्वारंटाइन

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। लॉकडाउन-4 में छूट मिलते ही दूसरे राज्यों में फंसे श्रमिकों की छत्तीसगढ़ वापसी का सिलसिला शुरू होने के बाद अब प्रदेश में 01 लाख 21 हजार से अधिक श्रमिकों को क्वारंटाइन सेंटरों में रखा गया है। इसके अलावा अन्य लोगों में भी 924 क्वारंटाइन सेंटरों में रखे गये है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा मिली जानकारी के अनुसार 21 मई की शाम तक स्थिति में प्रदेशभर में बाहर से वापसी कर रहे श्रमिकों के लिए बनाए गए 18460 क्वारंटाइन सेंटर बनाए गए है, जिनमें 121434 श्रमिकों को रखा गया है। इसके अलावा अन्य लोगों के लिए प्रदेश में कुल 151 क्वारंटाइन सेंटर बनाए गए है जिनमें अब तक 924 लोगों को रखा गया है। इन सेंटरों की क्षमता 3277 लोगों को रखने की है। प्रदेश में अब तक कोरोना वायरस के कुल 45522 संभावित लोगों का सैंपल लेकर जांच किया गया है, जिनमें 42618 की रिपोर्ट निगेटिव आई है, जबकि 2776 की जांच जारी है। वहीं वर्तमान में प्रदेश में कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 89 पहुंच गई है, इनमें कई मजदूर वर्ग के मरीज भी है जो बाहर से वापस लौटे है।

केरल से पढ़ने आए एम्स के 60 छात्रों को किया गया गृहराज्य रवाना

■ **पीसीसी प्रमुख ने बसों को दिखाई हरी झंडी**

रायपुर। *देशभर में जारी लॉकडाउन के बीच केरल के 60 छात्र जो कि एम्स रायपुर में पढ़ाई कररहे थे, उन्हें आज 02 बसों में बिठाकर उनके गृहराज्य के लिए रवाना किया गया है। पीसीसी प्रमुख मोहन मरकाम ने बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा सभी छात्रों के मंगलमय यात्रा की कामना की। बताया जाता है कि केरल तक के लंबे सफर के लिए दो बसों की व्यवस्था की गई। इसके बाद इन सभी 60 छात्रों को बसों में बिठाकर उनके गृहराज्य के लिए आज दोपहर को रवाना किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम, कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष गिरीश देवांगन, विधायक विकास उपाध्याय, सीएम के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा, चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डा. राकेश गुप्ता, शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।*

जहां कोरोना संक्रमित मरीज मिलेगा उसका डेढ़ किलोमीटर का दायरा होगा कंटेनमेंट जोन

रायपुर। छत्तीसगढ़ में जिस तेजी से कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़ रही है, इसे ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा अब पूरे जिले को किसी भी जोन में शामिल नहीं किया जाएगा, बल्कि प्रभावित क्षेत्र के डेढ़ किलोमीटर के दायरे को कंटेनमेंट जोन क्षेत्र घोषित किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि लॉकडाउन-4 लागू होने के साथ ही केन्द्र सरकार ने राज्य सरकारों को यह छूट दे दी थी कि वे स्वयं से यह तय करें कि उनके राज्य में किन-किन जिलों को रेड, ऑरेंज या ग्रीन जोन में रखना है। अब तक यह होता आ रहा था कि जिस भी जिले में कोरोना का मरीज मिल रहा था उस पूरे जिले को ही जोन में शामिल करते हुए जिले को सील कर दिया जाता था। इससे आमजनों को भारी असुविधा हो रही थी। लॉकडाउन-4 के शुरूआत के साथ ही इस नियम को बदल दिया गया है।

क्वारंटाइन सेंटर से भागकर 144 का किया उल्लंघन

रायपुर। कोरोना वायरस महामारी के कारण संक्रमण से बचने के लिए प्रदेश शासन के स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाहर से आने वाले लोगों के लिए प्रदेश के विभिन्न जिला मुख्यालयों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में क्वारंटाईन सेंटर का निर्माण किया गया है। सेंजबहार थाने से मिली जानकारी के अनुसार संदीप कुमार वर्मा आयु 31 वर्ष पिता अशोक कुमार वर्मा ने विनय वर्मा आयु 23 वर्ष पिता राकेश वर्मा निवासी धनेली मुजगंहन के खिलाफ आगरा उत्तरप्रदेश से आकर क्वारंटाईन सेंटर में भर्ती होने के बाद बिना सूचना के भाग कर धारा 144 की उल्लंघन करने की शिकायत दर्ज कराई है। प्रार्थी द्वारा दी गई शिकायत इस बात का उल्लेख किया गया है कि क्वारंटाईन सेंटर स्कूल भवन में बनाया गया है। आरोपी ने पंचायत को बिना सूचित किये। भागने का कृत्य किया है। उक्त मामले में आरोपी के खिलाफ सेंजबहार थाने में आईपीसी की धारा 188 एवं 269 के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

पहले मजदूरों को मजबूर किया अब उनका अपमान कर रही है भाजपा

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। खाने कमाने बाहर गये छत्तीसगढ़ के मजदूर भाइयों के लौटने पर कुछ के कोरोना संक्रमण का शिकार पाये जाने पर भाजपा की प्रतिक्रिया पर गहरा दुख व्यक्त करते हुये छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि पहले मजदूरों को मजबूर किया अब भाजपा उनका अपमान कर रही है। भाजपा नेताओं की यह टिप्पणियां भाजपा के गरीब विरोधी मजदूर विरोधी छत्तीसगढ़ विरोधी रवैयें का जीता जागता सबूत है। अगर बाहर कमाने खाने गये हुये हमारे छत्तीसगढ़ के मजदूर कोरोना संक्रमण के कारण वापस आ रहे है और उनमें से कुछ लोग संक्रमित है तो इस अव्यवस्था कहकर भाजपा नेताओं ने सारी मानवीय संवेदनायें ताक पर रख दी है। ये मजदूर छत्तीसगढ़ महतारी के बेटे है।

श्री त्रिवेदी ने कहा है कि भाजपा ने तो ऐसी बातें करके मजदूरो का अपमान करने की कोशिश न करें। कोरोना संक्रमण की परिस्थितियां के लिये भाजपा की केन्द्र सरकार जिम्मेदार है। केक्न्द्र सरकार के प्रबंधन ने ही आज की परिस्थिति को पैदा किया है। भाजपा की केन्द्र सरकार ने अंर्तराष्ट्रीय हवाई अड्डो में आने वालो की जांच नहीं करवायी संदिग्धों को क्वारेंटाईन नहीं किया।

श्री नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि अब मजदूरो के घर गांव छत्तीसगढ़ वापस आने पर कोरोना के कुछ मामले सामने आ रहे है तो भाजपा नेता गरीब विरोधी, मजदूर विरोधी बयान देकर स्तरहीन राजनीति कर रहे है। इस गरीब विरोधी, मजदूर विरोधी राजनीति को छत्तीसगढ़ के लोग सहन नहीं करेंगे।

श्री त्रिवेदी ने कहा है कि कोरोना एक संक्रामक बीमारी है और इस संक्रामक बीमारी के फैलाव को सबसे पहले रोका जाना था अंर्तराष्ट्रीय हवाई अड्डो में। जब विदेशो से लोग आ रहे थे, जब 30 जनवरी को कोरोना का पहला मामला सामने आया, फिर 24 फरवरी को गुजरात को लाखो लोगो को इकट्ठा कर के नमस्ते ट्रम्प कार्यक्रम कराया गया। मध्यप्रदेश में कांग्रेस के निर्वाचित सरकार को गिराते तक लाकडाउन को रोका गया। भाजपा की केन्द्र सरकार ही कोरोना संक्रमण की हालत बिगड़ने के लिये जिम्मेदार है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि कोरोना का जो आपदा है वो किसी दल विशेष की, किसी सरकार विशेष की नहीं पूरे देश की समस्या है। इसमें केन्द्र सरकार को, राज्य सरकार को सत्ताधारी दल को विपक्षी दल को सामाजिक संगठनों को सबको भूमिका निभाने थी।

संपादकीय

आपदा को अवसर में बदलने का समय

कोरोना वायरस का संक्रमण एक वैश्विक आपदा है जिसने दुनिया के तमाम विकासशील देशों की अर्थव्यवस्था पर जबरदस्त कुठाराघात किया है। भारत भी इससे अछूता नहीं है सौभग्य से 135 करोड़ की आबादी वाले भारत में कोरोना वायरस का संक्रमण अपेक्षकृत कम हुआ है। हालांकि हमारे देश में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ते जा रहे है और अब तक 1,18,000 से अधिक लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हो चुके है और तीन हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है लेकिन हमारे देश में कोरोना वायरस से सक्रंमित लोगों के स्वस्थ्य होने का ग्राफ भी बढ़ता जा रहा है। अब भारत में लॉकडाउन के दौरान भी आर्थिक गतिविधियां शुरू की जा रही है। दरअसल जान के साथ जहान की भी चिंता करनी जरूरी है, सरकार यही कर रही है। यही समय है जब हम आपदा को अवसर के रूप में परिवर्तित करें और अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करें। आज चीन पूरी दुनिया के निशाने पर आ चुका है और चीन में स्थापित विदेशी औद्योगिक संस्थान वहां से अपना बोरिया बिस्तर लपेटने की तैयारी कर रहे है। ऐसी स्थिति में भारत के लिए यह सुनहरा अवसर है कि वह विदेशी पूंजी निवेश को आकर्षित करें। देश में इस समय स्थिर सरकार है और भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पूरी दुनिया ने एक सफल नेता के रूप में छवि बन चुकी है। जाहिर है विदेशी पूंजी निवेश को आकर्षित करने में भारत को अधिक मेहनत नहीं करनी पड़ेगी। भारत में न सिर्फ मानव श्रम मौजूद है बल्कि खनिज संपदा भी भरपूर है। टैक्नालॉजी के क्षेत्र में भी भारत का पूरी दुनिया में डंका बज रहा है। भारत ने कोरोना काल में मास्क और कोरोना टेस्टिंग की तथा सेनिटाइजर और वेंटिलेटर जैसे चिकित्सकीय उपकरण बनाकर यह ाि्द्ध कर दिया है कि जरूरत पड़ने पर भारत अपनी हर आवश्यकता की न सिर्फ पूर्ती कर सकता है बल्कि उसका निर्यात भी कर सकता है। आज पूरी दुनिया भारत की ओर ही देख रही है, रक्षा क्षेत्र में भी भारत ने मजबूती के साथ अपने कदम आगे बढ़ाए है और वह बेहतर स्थिति में पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ठीक ही कहा है कि हमे अब आत्मनिर्भर भारत बनाना होगा, इसके लिए पीएम मोदी ने जो 20 लाख करोड़ रूपए का आर्थिक पैकेज घोषित किया है उससे निश्चित रूप से देश की विकास यात्रा को नई गति मिल सकती है। आपदा की इस घड़ी में भारत आगे बढ़े और दुनिया को नई राह दिखाए इसके लिए यह आवश्यक है कि सभी देशवासी आत्मनिर्भरता के मंत्र को अपनाए।

विचार-

भारत किसी का पिछलग्गू क्यों बने ?

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के एक उच्चाधिकारी ने आग में घी डालने का काम किया है। उसने भारत-चीन सीमा को लेकर ऐसा भड़काऊ और उकसाऊ बयान दे दिया है कि यदि भारत उस पर अमल करने लगे तो दोनों पड़ौसी देश शीघ्र ही आपस में लड़ मरें। अमेरिकी उप-विदेश मंत्री एलिस वेल्स का कहना है कि चीन अपनी बढ़ती हुई ताकत का इस्तेमाल दक्षिण चीनी समुद्र और भारतीय सीमाओं पर बहुत ही आक्रामक और उत्तेजक ढंग से कर रहा है। वैसे चीन और भारत के फौजियों की एक छोटी-मोटी मुठभेड़ मई के पहले हफ्ते में लद्दाख में हो चुकी है। लिपुलेख क्षेत्र में भारत द्वारा सड़क बनाने को लेकर नेपाल के साथ भी इन दिनों तनाव बढ़ गया है। इसके पीछे भी चीन का हाथ बताया जा रहा है।

वास्तव में भारत और चीन के बीच जो 3488 किमी की नियंत्रण-रेखा है, उस पर दोनों देशों के जवानों की मुठभेड़ें होती रहती हैं। वे कभी भूल-चूक से और कभी अत्यंत आवश्यक होने पर एक-दूसरे की सीमा में चले जाते हैं। पूरी सीमा पर 29 ऐसे स्थान हैं, जिन्हें लेकर विवाद हैं और जो सामरिक दृष्टि से नाजुक भी हैं। इस वर्ष चीनी फौजियों ने 300 बार सीमा का उल्लंघन किया है और जब 2017 में डोकलाम-विवाद छिड़ा था, तब उन्होंने 426 बार किया था। जब ऐसी घटनाएं होती हैं तो वे प्रायः घटना-स्थल पर तैनात फौजी अफसरों के बीच बातचीत से हल हो जाती हैं। अभी भी दौलतबेग ओल्डी क्षेत्र में बनी भारत की सड़क को लेकर दोनों देशों में विवाद छिड़ा हुआ है। चीनियों ने उस सड़क पर तंबू तान लिये हैं और उसके पास फौजी वाहन अड़ा दिए हैं। उनका कहना है कि वह सड़क चीनी क्षेत्र में बनाई गई है। इस मुद्दे पर दोनों पक्षों की बातचीत जारी है। कश्मीर के सवाल पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्रियों और विपक्षी नेताओं से जब भी मेरी बात हुई है, मैं उन्हें हमेशा भारत–चीन सीमा–विवाद का उदाहरण देता रहा हूं। मैं उनसे कहता हूं कि कश्मीर को लेकर हम युद्ध और आतंकवाद फैलाएं, इसकी बजाय भारत और चीन की तरह बातचीत क्यों न करें? लेकिन इस मामले को अमेरिका अनावश्यक तूल दे रहा है। वह चाहता है कि चीन के साथ चल रहे उसके शीतयुद्ध में भारत उसका पिछलग्गू बन जाए। डोनाल्ड ट्रंप रोज़ पानी पी-पीकर चीन को कोस रहे हैं। उनका कुछ भरोसा नहीं। वे पल में माशा और पल में तोला हो जाते हैं। वे चाहते हैं कि भारत उनकी तरह तालिबान से भी गलबहियां कर ले लेकिन भारत को अपनी विदेश नीति अपने हित-संपादन के लिए चलानी है, किसी अन्य महाशक्ति की तोप का गोला बनने के लिए नहीं। इसीलिए चाहे चीन हो या तालिबान, भारत को अपने व्यावहारिक मध्यम मार्ग पर ही टिके रहना चाहिए।

अभिव्यक्ति

आरोग्य सेतु एप और डाटा सुरक्षा का सवाल

योगेश कुमार गोयल

> गूगल मैप के सृजक तथा गूगल मैप इंडिया के सह-संस्थापक रहे ललितेश के अनुसार आरोग्य सेतु एप का डाटा बेहद सुरक्षित सॉफ्टवेयर में और बेहद गोपनीय होता है, जो उपयोगकर्ता के फोन में ही सुरक्षित रहता है, जिसे किसी भी सर्वर पर नहीं डाला जाता। एप का डाटा केवल तीस दिन तक ही रहता है, उसके बाद अपने आप डिलीट हो जाता है जबकि कोरोना पॉजिटिव मिलने पर डाटा साठ दिन तक रहता है। उपयोगकर्ता किसके सम्पर्क में आया, उसके अलावा यह एप अन्य कोई भी जानकारी किसी से साझा नहीं करता। जब कोई व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव होता है, केवल उसी स्थिति में उसका डाटा सरकार द्वारा दूसरों लोगों को सचेत करने के लिए उपयोग किया जाता है। एप जो व्यक्तिगत डाटा मांगता है, वह केवल भारत सरकार के साथ शेयर होता है और सरकार का दावा है कि इसमें कोई थर्ड पार्टी शामिल नहीं है। मोबाइल का यही डाटा संक्रमित लोगों के सम्पर्क में आए लोगों की जान बचाने में सहयोग करता है। ललितेश के मुताबिक मोबाइल फोन का ब्लूटूथ हर 5 या 10 सैकेंड के बाद पिंग भेजता है और जीपीएस की मदद से 30 मिनट में लोकेशन पता की जा सकती है।

आरोग्य सेतु एप पर कुछ विपक्षी दलों द्वारा लगातार उठाए जा रहे सवालों के जवाब में पलटवार करते हुए केन्द्रीय आईटी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने एक निजी टीवी चैनल के साथ बातचीत में कहा है कि अगर किसी को निजता की ज्यादा चिंता है तो वह आरोग्य सेतु डाउनलोड न करे। हालांकि दुनियाभर के कई देशों में लोगों को कोरोना संक्रमण के खतरे के प्रति सचेत करने के लिए वायरलेस संकेतों का उपयोग किया जा रहा है। कई देशों में टेक दिग्गज अलग-अलग तरीकों से ऐसी ही कांटैक्ट ट्रेसिंग प्रणाली का निर्माण कर रहे हैं, जिसका उद्देश्य लोगों को कोरोना संक्रमण के खतरे को लेकर सूचित करना है। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए भारत में भी पिछले माह नीति आयोग द्वारा 'आरोग्य सेतु एप' लांच किया गया था, जो उपयोगकर्ता को यह बताने में सहायक सिद्ध होता है कि उसके आसपास कोई कोरोना संक्रमित व्यक्ति तो नहीं है। इस एप में कोरोना से जुड़े कई महत्वपूर्ण अपडेट दिए गए हैं और अब इस एप की मदद से ऑनलाइन माध्यम से चिकित्सक की सलाह भी ली जा सकती है। एप में जोड़ी गई 'आरोग्य सेतु मित्र' नामक सुविधा का उपयोग कर टेलीमेडिसन (फोन के जरिये चिकित्सक से परामर्श) की सुविधा का लाभ लिया जा सकता है। अभी तक करोड़ों लोग इस एप को डाउनलोड कर चुके हैं और सरकारी एवं निजी क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए इसका उपयोग अनिवार्य कर दिया गया है। विपक्ष के निजता पर खतरे के आरोपों को दरकिनार करते हुए रविशंकर प्रसाद का कहना है कि आतंकवादी और भ्रष्ट शख्स की कोई निजता नहीं होती और निजता का अर्थ यह नहीं होता कि टैक्नोलॉजी में उद्यमशीलता को रोका जाए।

निजता और गोपनीयता पर सवाल

आरोग्य सेतु (स्वास्थ्य रक्षक पुल) एप कोरोना की रोकथाम के लिए बनाया गया है, जो कोरोनो वायरस के संक्रमण के प्रति लोगों को सचेत करता है लेकिन इसकी सिक्योरिटी तथा प्राइवेसी को लेकर सवाल उठते रहे हैं। हालांकि कोरोना के खिलाफलड़ाई के इस दौर में इस एप की ही भांति कई और देश भी एप आधारित ट्रैकिंग का इस्तेमाल कर रहे हैं और निजता के उल्लंघन को लेकर भारत के अलावा कई अन्य देशों में भी बहस जारी है। भारत सहित कई देशों की सरकारें अपने नागरिकों को निजता का उल्लंघन न होने को लेकर आश्वस्त भी कर रही हैं लेकिन बहस निरन्तर जारी है। कई तकनीकी विशेषज्ञ और निजता एक्टिविस्ट इन ट्रैकिंग एप्स को लेकर उंगलियां उठा चुके हैं। कुछ विशेषज्ञों की मानना है कि इस तरह की एप में मांगी गई निजी जानकारियों की गोपनीयता की क्या गारंटी है और यदि ये जानकारियां लीक हुई तो उसके लिए कौन जिम्मेदार होगा? सवाल यह भी उठ रहे हैं कि क्या एप के जरिये जुटाई गई निजी जानकारियों का उपयोग सरकारें अपने राजनीतिक हितों के लिए नहीं करेंगी? कुछ साइबर विशेषज्ञों द्वारा यह सवाल भी उठाए जा रहे हैं कि आरोग्य सेतु एप में जोड़ी गई 'पीएम केयर्स' फंड के लिए दान तथा ई-पास जैसी सुविधाओं के जरिये काफी डाटा जुटाया जा सकता है।

हाल ही में एक गैर सरकारी भारतीय संस्था 'इंटरनेट फ्रीडम फाउंडेशन' (आईएफएफ) द्वारा भी ट्रैकिंग एप पर विस्तृत अध्ययन के बाद कहा गया है कि भारत में व्यापक डाटा सुरक्षा कानून का अभाव है और सर्विलांस तथा इंटरसेप्शन के जो कानून हैं, वे आज की वास्तविकताओं से काफी पीछे हैं। आईएफएफ के अनुसार सिंगापुर तथा कुछ यूरोपीय देशों में भी सरकारें ऐसे ही एप का इस्तेमाल कर रही हैं लेकिन वहां ऐसी कई बातों का ध्यान रखा जा रहा है लेकिन भारत में इन्हें नजरअंदाज कर दिया गया है। आईएफएफ के मुताबिक आरोग्य सेतु में पारदर्शिता के मोर्चे पर कई खामियां हैं, यह एप अपने डेवलपर्स तथा उद्देश्य के बारे में पूरी जानकारी नहीं देता। संस्था के मुताबिक सिंगापुर में केवल स्वास्थ्य मंत्रालय ही इस तरह की प्रणालियों द्वारा एकत्रित डाटा को देख अथवा इस्तेमाल कर सकता है और नागरिकों से वायदा भी किया गया है कि पुलिस जैसी एजेंसियों की पहुंच इन प्रणालियों और इनमें निहित डाटा तक नहीं होगी जबकि भारत में नागरिकों से ऐसा कोई वादा नहीं किया गया है। भारत में अगर विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को छोड़ दिया जाए तो इस बहस ने एक नया मोड़ उस समय ले लिया, जब 6 मई को फ्रांस के एक हैकर तथा साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट इलियट एल्डर्सन ने आरोग्य सेतु एप की सुरक्षा में खामियां होने का दावा किया। एल्डर्सन ने आरोग्य सेतु एप को एक ओपन सोर्स एप बताते हुए इसे हैक करने का दावा किया था। हालांकि केन्द्रीय आईटी मंत्री रविशंकर प्रसाद द्वारा स्पष्ट कर दिया गया कि भारत का तकनीकी अविष्कार यह एप डाटा और निजता की सुरक्षा के मामले में बहुत मजबूत और कोविड-19 से लड़ने में कारगर है। उनके मुताबिक एल्डर्सन द्वारा संभावित सुरक्षा मुद्दे पर चिंता जताए जाने के बाद आरोग्य सेतु एप में कोई डाटा या सुरक्षा उल्लंघन चिन्हित नहीं हुआ है।

सरकार का स्पष्टीकरण

भारत की ओर से सरकारी अधिकारियों ने इलियट एल्डर्सन से सम्पर्क किया तो उन्होंने कुछ महत्वपूर्ण बिन्दु उनके समक्ष रखे थे, जिनके बारे में सरकार द्वारा एक-एक पर स्पष्टीकरण दिया गया। एल्डर्सन के अनुसार यह एप कई अवसरों पर उपयोगकर्ता की लोकेशन ट्रेस करता है, जिसे लेकर स्पष्ट किया गया कि ऐप ऐसा गलती से नहीं कर रहा बल्कि उसे डिजाइन ही इस तरह से किया गया है और यह एप की प्राइवेसी पॉलिसी में लिखा हुआ है। एल्डर्सन के मुताबिक सी प्रोग्रामिंग स्क्रिप्ट के जरिये उपयोगकर्ता अपनी रेडियस और लॉगिट्यूड-लैटिट्यूड (अक्षांश-देशांतर लोकेशन) बदल सकता है, जिससे वह कोविड-19 के आंकड़े हासिल कर सकता है। इस पर सरकार का कहना है कि रेडियस केवल 5 बिन्दुओं, आधा किलोमीटर, एक किलोमीटर, दो किलोमीटर, पांच किलोमीटर तथा दस किलोमीटर पर ही सेट है, इसलिए उसे इसके अलावा बदलना संभव नहीं है और आंकड़े पहले से ही सार्वजनिक डोमेन में हैं। आरोग्य सेतु टीम के मुताबिक ऐप में कोई सिक्योरिटी ईश्यू नहीं है और उपयोगकर्ता की लोकेशन किसी और से शेयर नहीं की जाती, यह केवल रजिस्ट्रेशन के समय, अपने असेसमेंट के समय और कांटैक्ट ट्रेसिंग डाटा भरते समय ली जाती है। ओराग्य सेतु टीम के अनुसार वह अपने सिस्टम को लगातार अपडेट कर रही है और उसे अब तक किसी तरह की सुरक्षा में सेंध या डाटा चोरी की जानकारी नहीं मिली है। हालांकि आरोग्य सेतु एप को लेकर कुछ तकनीकी जानकारों द्वारा जो सवाल उठाए जा रहे हैं, सरकार को उन शंकाओं को दूर करने के उपाय अवश्य करने चाहिएं।

कितना सुरक्षित है डाटा ?

यह जान लेना बेहद जरूरी है कि यह एप पूरी तरह से अस्थायी है और इसे केवल कोरोना महामारी से निपटने के लिए ही तैयार किया गया है। इस एप की डाटा की सुरक्षा और निजता के बारे में सरकार द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जब भी कोई इस एप पर साइन-अप करता है तो प्रत्येक उपयोगकर्ता को एक 'यूनिक रैंडम डिवाइस आइडी' दी जाती है। दो डिवाइस के बीच सभी प्रकार के संचार के लिए किसी भी निजी जानकारी के बजाय इसी आईडी का उपयोग होता है।

मोदी का पैकेज आत्मनिर्भरता का पैकेज नहीं है

यह तो पूरे देश को बेच देने का ही पैकेज है

बिनॉय विस्वाम

> यह मेहनतकश लोगों पर सारा बोझ लादकर निजी पूंजी की रक्षा करने के लिए बाध्य है। यह सुपर रिच के चरणों में भारत को बंधक बनाने के लिए एक भव्य डिजाइन का हिस्सा है। पैकेज विदेशी और भारतीय पूंजी से पहले अर्थव्यवस्था को प्रस्तुत करने का एक खाका है। खान, रक्षा, बिजली, नागरिक उड्डयन, अंतरिक्ष अन्वेषण, सभी उन्हें दिए गए हैं। सरकार ने एक आज्ञाकारी सूत्रधार की भूमिका को स्वेच्छा से कम कर दिया है। श्रमिकों के अधिकारों को श्रम सुधारों के नाम पर हवा में फेंक दिया जाता है।

जब प्रधानमंत्री महामारी से लड़ने के लिए बहुप्रतीक्षित पैकेज के साथ सामने आए, तो संघ विचारधारा के कुछ उत्साही लोग मोहित हो गए। उनके लिए सबसे आकर्षक तत्व था 'आत्मनिर्भर भारत' का उद्घोष। वे यहां तक मानने लगे थे कि अब भारत यू-टर्न लेगा और आत्मनिर्भरता का रास्ता बनाएगा। विदेशी पूंजी पर अनुचित निर्भरता समाप्त हो जाएगी। उनमें से कुछ इस तरह के सपने देखने लगे थे! आत्मनिर्भर भारत के आसपास निर्मित प्रचार प्रसार निश्चित रूप से अल्पकालिक था। 20 लाख करोड़ रुपये के पैकेज का सच इतना निर्मम था कि इसने मिट्टी के नीचे 'आत्मनिर्भर भारत' को गाड़ दिया। वित्त मंत्री द्वारा शुरू की गई पांच दिनों की कवायद ने 'आत्मानिर्भर भारत' को 'निरर्थक भारत' में बदल दिया। 20 लाख करोड़ रुप्ये की व्याख्याओं की श्रृंखला ने पैकेज के खोखलेपन को उजागर किया। उन्होंने दावा किया कि जीडीपी का 10 प्रतिशत कोविद-19 के बाद भारत के पुनर्निर्माण के लिए रखा गया है। लेकिन वास्तविक राशि केवल जीडीपी के एक से दो प्रतिशत के बीच ही आ सकती है। प्रधानमंत्री ने अपने सामान्य अंदाज में बयानबाजी से गरीबों के लिए वैक्सिंग की और उनके लिए भोजन, आश्रय और सुरक्षा का वादा किया। ये सब धोखा साबित हुए।

पैकेज की पृष्ठभूमि में, प्रवासी मजदूरों की असीम पीड़ा को झूठलाया गया है। उनके साथ- साथ शहरी और ग्रामीण गरीबों के सभी वर्गों में खेतिहर मजदूर, एमएसएमई के बेरोजगार कामगार, घरेलू कामगार, निर्माण श्रमिक, रिक्शा चालक, हेड लोड वर्कर, आदि (कुल कार्यबल का 90 प्रतिशत हिस्सा) भी पीड़ित हैं। आदिवासी, दलित और ट्रांसजेंडर भी पीड़ितों की इस महान सेना का हिस्सा थे। सभी को उम्मीद थी कि एक प्रोत्साहन पैकेज इन करोड़ों भारतीयों को नहीं भूलेगा। रोटियों के बिखरे टुकड़े और औरंगाबाद के रेल पटरियों पर पाए जाने वाले चीर फाड़ के दौरान दूसरे भारत की दुर्दशा का प्रतिनिधित्व करते हैं। सरकार और उनके पैकेज ने अपनी विशिष्ट शैली में उनकी उपेक्षा की। चिंता के शब्द उन पर चढ़े हुए थे, लेकिन केवल शब्द! मोदी सरकार से समाजवादी दृष्टिकोण के साथ किसी भी गरीब परियोजनाओं को लागू करने की उम्मीद नहीं है। सच्चाई यह है कि उनका अर्थशास्त्र और उनकी राजनीति बुनियादी पूंजीवादी सिद्धांतों की तुलना में अधिक आदिम है। संकट के ऐसे दिनों के दौरान पूंजीवादी सिद्धांत ने प्रोत्साहन पैकेज के विचार को उसी से बाहर आने के लिए उन्नत किया, जिसे जॉन मेनार्ड केन्स के काम में प्रस्तुत किया गया था। तब से कई मौकों पर पूँजीवादी व्यवस्था ने खुद केनेसियन सिद्धांत को अपनाया जो वंचितों के लिए रोजगार, भोजन और आश्रय प्रदान करने के लिए सरकारी प्रायोजित परियोजनाओं पर जोर देता था। प्रधानमंत्री और उनके वित्त मंत्री इस विकल्प से अनभिज्ञ प्रतीत होते हैं। जाने-माने अर्थशास्त्री रघुराम राजन, अमर्त्य सेन, अभिजीत बनर्जी द्वारा दिए गए विचारों पर कभी ध्यान नहीं दिया गया। भारत खाद्य शरणार्थियों के बहिर्वाह को देख रहा था, लेकिन सरकार ने उन्हें नहीं देखा। उनके हाथों में रु .7500 सुनिश्चित करने के लिए पैकेज में कोई प्रस्ताव नहीं है। इसके बजाय, 20 लाख करोड़ के पैकेज ने उन्हें दो महीने के लिए 5 किलोग्राम अनाज और एक किलो दाल प्रदान की। यह गरीबों का अपमान है। गरीबों तक पहुंचने वाला पैसा अर्थव्यवस्था के लिए वास्तविक प्रेरणा बन जाता, जब सरकार आपदा से लड़ने के बहाने अपने कॉरपोरेट चचेरे भाइयों के हितों की सेवा करना चाहती थी। यही आज की जनविरोधी राष्ट्रविरोधी सरकार का असली चेहरा है। यह स्पष्ट हो गया है कि सरकार दुनिया और भारत के कड़वे अनुभव से कोई सबक लेने के मूड में नहीं है। उनका प्रचारतंत्र उनकी राजनीतिक और आर्थिक नीतियों की विशाल विफलताओं को छिपाने के लिए ओवरटाइम जॉब कर रहा है।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जिंदगी मजाक नही

जिंदगी मजाक नही जिसे हँसी में उड़ा दो, जिन्दगी गणित का सवाल भी नही। जिसमे उलझ के, रहा जाय ये तो कर्तव्यों की वो सीढियाँ है जिसमे मन्द गति से चलते चलते चढ़ा जाय अधिकारो की चाहत मे दुसरो का भी भला किया जाय खुशी हो या गम सम भाव में रहे हम वर्तमान में जीओ मेरे दोस्त भविष्य को रखे सिक्योर भूत तो पुल के नीचे का पानी है बस जिन्दगी की यही कहानी है। - हेमा पाण्डेय

पद -प्रतिष्ठा -पहचान

पद -प्रतिष्ठा -पहचान चाहे जो कुछ भी हो और भले आप बहुत सशक्त माने जाते हों पर एक कमज़ोर कोना हम सबके भीतर होता ही है , बस इसी कमज़ोर कोने के साथ सामंजस्य स्थापित करना ही जीवन है शायद। - कल्याणी कबीर

खास पाती

प्रधान जी का फैशन

प्रधान जी का फैशन बच्चों कितना महान है. आंखों में है चश्मा और साथ गली सिवान है. मनरेगा की मजदूरी से ले आते चार चक्का गांव गढ़ी सब देखके हो जाते हक्का-बक्का. शौचालय की घूसखोरी से बनता रोशनदान है. प्रधान जी का फैशन बच्चों कितना महान है हमने देखा बातों को बातें बड़े निराले हैं. बाहर से सीधे दिखते हैं अंदर से मुंह काले हैं. पुलिया की घूसखोरी से बनता मकान है. प्रधान जी का फैशन बच्चों कितना महान है. राजनीतिक अभियान का स्तर देखो भाई. जिनको कुछ भी पता नहीं वो काट रहे मलाई. तिरंगा का भी मन में ना रहता सम्मान है.?? प्रधान जी का फैशन बच्चों कितना महान है। - मनीष भटट् शर्मा

कभी कभी ये ख्वाब मेरे रंगीन

कभी कभी ये ख्वाब मेरे रंगीन पतंग बन जाते हैं उड़ जाते हैं आसमान में मन बहुत खुश हो जाता है तभी न जाने क्यो हरबार हवाएँ बंद हो जाती हैंफिर हो जाता है बारिशगल जाते हैं ख्वाब मेरे। फिर कभी उग आते हैं ये नन्हे पौध से इस धरा हृदय में बढ़ने लगते हैं बृक्ष होने को आशा जब जगती है फलने की गर्म तवे सी हो जाती है धरा मुरझाने लगती हैं शाखाएं जल जाता है पुरा वृक्ष ही मर जाते हैं फिर ख्वाब मेरे। - प्रीति श्रीवास्तव

जिसके भी मन में स्वतंत्रता

जिसके भी मन में स्वतंत्रता, अपनी ज्योति जलाती है , जो भी चिड़िया कहीं सीखचों , से सिर कौ टकराती है , वहां वहां भारत रहता है , वहां वहां भारत माता , जहां कहीं भी संगीनों पर , कोई निर्भय छाती है। - हरि शंकर श्रीवास्तव

यूपी सरकार कोटा से जिन छात्रों

यूपी सरकार कोटा से जिन छात्रों को लेकर आई थी उनकी संख्या ज्यादा होने की वजह से 70बस राजस्थान सरकार से ली थीं।यूपी सरकार के मुताबिक इन बस के लिए उनसे राजस्थान सरकार ने 30 लाख से ज़्यादा का बिल भेजा है।मतलब फ्री में बस देने की बात करनेवाले पहले छात्रों की मदद तक का पैसा वसूल चुके? - सचिन चौधरी

रोज़ हम अपने ही वादों से

रोज़ हम अपने ही वादों से मुकर जाते हैं। और अपनी ही निगाहों से उतर जाते हैं।। यूँ तो गोदाम पे गोदाम भरे हैं लेकिन । रोज़ कुछ लोग यहाँ भूख से मर जाते हैं।। ये ही दस्तूर है दुनिया का सदा से यारो। जिस तरफ़की हो हवा लोग उधर जाते हैं। - कमलकांत डोंगरे

भूल-भुलैया जगत यह मानव

भूल-भुलैया जगत यह, मानव फँसता जाय। घिरकर चारों ओर से, फिर पाछे पछताय। फिर पाछे पछताय, सदा ही घिरकर मरता। होता नहीं निराश, जुगत जो पहले करता। कहे 'अंशु ' सुन बात, सयानी देख चिरैया। बुनती उत्तम नीड़, लगे जो भूल-भुलैया। - अंशु विनोद गुप्ता.

इन दिनों सन्नाटा बहुत है शहरों में

इन दिनों सन्नाटा बहुत है शहरों÷में बस सड़कों पर ही शोर बहुत है ! मौन हो गये है लफ्ज मगर पलकों पर ट्ठ आंसुओ का जोर बहुत है ! गरीब तो पहले से ही थे गरीब अमीर भी ट्ठ धीरे-धीरे हो रहे गरीब है ! मानवीय संवेदनाएं है मर रही गंदी राजनीति का ट्ठ खेल चहुंओर बहुत है !! - रूबी प्रसाद

QUIZ TIME

1) साहित्य में अत्यधिक प्रसिद्ध स्कॉट का कौन-सा राजा 1040 ई. में गद्दी पर बैठने से पहले मोरैरी का क्षेत्रीय शासक थे?

2) टीपू सुल्तान द्वारा रचित 'रिसाला-दार-खत्ती-ई-तर्ज-ए-मुहम्मदी' किस कला के स्वरूप पर फारसी में लिखित एक शोध प्रबंध है?

3) निम्नलिखित में से कौन-सा संसाधन अजैव और नवीकरणीय है?

(क) लौह अयस्क (ख) पशु धन (ग) जल (घ) जंगल

4) शीतकाल में एक मोटी कमीज की अपेक्षा दो पतली कमीजें हमें अधिक गरम क्यों रख सकती है?

5) प्रख्यात पंजाबी कवि का नाम बताए?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) मैकबेथ (2) सुलेखन (3) जल (4) दो कमीजों के बीच वायु की परत रोधी माध्यम के रूप में काम करती है (5) डॉ.सुरजीत पातर

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1420- सीरिया और ऑस्ट्रिया से यहूदियों को बाहर निकाला गया। 1788 - दक्षिण कैरोलिना को आठवें राज्य के रूप में अमेरिकी संविधान में शामिल किया गया। 1805 - भारत के गवर्नर जनरल लार्ड वेलेस्ले ने दिल्ली मुगल सम्राट के लिए एक स्थायी प्रावधान जारी किया। 1879 - आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी ने पहली बार अमेरिका में पशु चिकित्सा स्कूल स्थापित किया। 1895 - सितार-ए-हिंद शिवप्रसाद का निधन। 1901 - अमेरिकी सेनाओं ने फिलीपींस के विद्रोही नेता एमिलियो एग्यूनाल्डो को गिरफ्तार किया। 1915 - प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान इटली ने ऑस्ट्रिया और हंगरी पर हमले की घोषणा की। 1923 -तेज गेंदबाज निरोद रंजन चौधरी का कलकत्ता में जन्म हुआ।

न्यूज गैलरी

बिना मास्क के पहुंचे 15 पर लगा अर्थदंड

दुर्ग। कोविड संक्रमण के रोकथाम के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सजग है और इसके लिए गाइडलाइन जारी किए गए हैं। इसके उल्लंघन की दशा में कड़ी कार्रवाई की जा रही है। आज तहसील में एसडीएम खेमलाल वर्मा ने बिना मास्क पहने अथवा मुंह को कपड़े से ढंके बिना आए नागरिकों पर अर्थदंड लगाया। एसडीएम के औचक निरीक्षण के दौरान पंद्रह लोग बिना मास्क लगाये परिसर में दिखे। एसडीएम ने इन पर 100 रुपए का जुर्माना इस प्रकार कुल पंद्रह सौ रुपए का जुर्माना लगाया।

मालिकाना हक दिलाने जुटे महापौर देवेंद्र

अपर कलेक्टर व नजूल अधिकारी वर्मा के साथ बैठक में हुई सार्थक चर्चा

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। महापौर व विधायक देवेन्द्र यादव की पहल से जल्द ही हुडको वासियों मालिकाना हक मिलने वाला है। करीब 30 साल बाद हुडको वासियों को उनका मालिकाना हक मिल सकेगा। इसके लिए महापौर ने पूरी योजना बना ली। इस विषय को लेकर महापौर यादव और नजूल अधिकारी व अपर कलेक्टर अरुण वर्मा की बैठक हुई। आज महापौर कार्यालय में हुई बैठक में हुडको के लोगो को मालिकाना हक दिलाने के विषय मे चर्चा की गई। जिसमें लोगो को मालिकाना हक देने के सबन्ध में चर्चा की गई। सार्थक चर्चा के उपरान्त जिला प्रशासन ने शासन को पत्र लिखा है। जिसमें हुडको के लोगो को उनका मालिकाना हक दिए जाने के सम्बंध में लिखा। श्री यादव ने बताया कि वे पूरी कोशिश कर रहे है। और पूरी उम्मीद है कि जल्द से जल्द हुडको के लोगो को बड़ी खुश खबरी मिलेगी। हुडको के सभी करीब 2000 लोगो को मालिकाना हक मिल जाएगा। साथ ही श्री यादव ने बताया कि इसके अलावा जिन लोगो को अभी तक पट्टा नहीं मिला है। या बीएसपी ने जिनके नाम से मकान आबंटित किया और उनका निधन हो गया। अब उस मकान पर उनके बच्चे रहते है। या जिनके नाम से मकान आबंटित हुआ और उन्होंने दूसरो को बेच दिया। इन लोगो की भी समस्याओं का जल्द निराकरण किया जाएगा। साथ ही बैठक के बाद जिला प्रशासन ने शासन को पत्र लिखा है।

वैश्विक महामारी से बचाव व सुरक्षा के लिए आगे आया बैंक ऑफ बड़ौदा

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। वैश्विक महामारी कोविड.19 के संभावित प्रकोप से बचाव और सुरक्षा के लिए पूरा विश्व संघर्षरत है। ऐसे में राज्य सरकार, सरकारी संस्थान, डॉक्टर, सफाई कर्मचारी, बैंकर्स एवं अन्य आवश्यक सेवाओं से जुड़े विभाग अपने स्तर पर देशहित और सामाजिक हित के लिए कृतज्ञापूर्ण कार्य कर रहे हैं। राज्य सरकार भी समस्या से बचाव के लिए पूर्ण प्रयासरत है। इसी सामाजिक हित के भाव से बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग द्वारा भी राज्य के विभिन्न जिलों में सामाजिक सहयोग की दिशा में सहायक कदम उठाए जा रहे हैं। शाखा द्वारा कॉर्पोरेट सोशल उत्तरदायित्व के तहत राशन के 111 पैकेट निगम को सौंपा गया। राशन पैकेट में चावल, तेल, नमक, दाल, साबुत मिर्च के साथ ज़रूरी सामान मौजूद है। इस दौरान बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख डॉ. आरके मोहंती, शाखा प्रमुख गुलशन सिंह, उतई शाखा वरुण सिंह, क्षेत्रीय कार्यालय से वरिष्ठ प्रबंधक श्रीकांत तिवारी, कांग्रेस कमेटी ग्रामीण सचिव राजेन्द्र सिंह, जगतपति राय सहित निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे उपस्थित थे।

डीएमएफ मद से खरीदी 5 एंबुलेंस साबित हुई संजीवनी

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। बीते वर्ष डीएमएफ की बैठक में स्वास्थ्य सुविधाओं को अग्रणी रखने के लिए लाये गए प्रस्तावों का लाभ अब नजर आने लगा है। पिछले साल की बैठक में प्रमुख स्वास्थ्य केंद्रों में एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया था और इसके अंतर्गत 5 एबंलेंस का क्रय लगभग 58 लाख की लागत से किया गया था। इनके क्रय किये जाने से कोरोना संकट की उपयोगिता में इनकी भूमिका साबित हुई है। कोरोना पीड़ितों को एंबुलेंस के माध्यम से रायपुर एम्स पहुंचाने, आइसोलेशन के लिए रखे जाने वाले मरीजों को तुरंत आइसोलेशन केंद्र पहुंचाने में एवं स्वास्थ्य अमले द्वारा मौके पर पहुंच कर व्यापक स्वास्थ्य जांच अभियान करने में इनकी बड़ी भूमिका रही है। जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डाक्टर गंभीर सिंह ने बताया कि डीएमएफ के माध्यम से अधोसंरचना को बेहतर करने में हमें बड़ी मदद मिली है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में रिस्पांस का महत्व काफी होता है। किसी मरीज की जानकारी मिलती है और आप उस तक कितने तेजी से अपनी पहुंच बना पाते हैं और उसको केयर देना आरंभ करते हैं इस कार्य में आपकी सफलता निहित है। इन एंबुलेंस के माध्यम से हमें बड़ी मदद मिली है।

70 पर जुर्माना

दुर्ग। नगर पालिक निगम का स्वास्थ्य विभाग का अमला आज गंजपारा नया बस स्टैंड पचरी पारा फरिश्ता कांप्लेक्स, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड की दुकानें हटरी बाजार, गांधी चौक, ब्राह्मण पारा, मान होटल क्षेत्र आदि जगहों में भ्रमण कर जारी लॉकडाउन-4 में छूट प्रदान करने के बाद नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। आज निगम अमला विभिन्न क्षेत्र वार्ड के प्रतिष्ठानों में लाकडाउन का पालन नहीं करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कारवाही करते हुए मास्क नहीं पहनने वाले 70 लोगों पर कार्यवाही कर जुर्माना लगाएं।

352 कोरोना वारियर्स करेगें शहर में सर्वे कार्य

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। राज्य शासन के आदेशानुसार नगर पालिक निगम के 60 वार्डों में सर्विलेंस सर्वे कार्य जल्द प्रारंभ हो रहा है। इसके लिए निगम आयुक्त इंद्रजीत बर्मन के निर्देशानुसार नोडल अधिकारी राजेश पाण्डेय के मार्गदर्शन में 352 लोगों को शास. बहु. उ.मा.वि. में तीन पालियों में प्रशिक्षण दिया। उन्हें एक प्रोफार्मा की जानकारी दी गई जिसमें वे प्रत्येक घर की जानकारी एकत्र करेगें। घर में रहने वाले सदस्यों की संख्या, बाहर से आने वाले की जानकारी तथा सर्दी, खांसी, बुखार जैसे मौसमी बिमारी है तो कब से है और उसका क्या ईलाज कहॉ कराये इस तरह की जानकारी संकलित करेगें। उल्लेखनीय है कि कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव की दृष्टि से राज्य शासन के द्वारा समस्त नगरीय निकायों में सर्विलेंस सर्वे कार्य करने आदेश जारी किया गया है। जिसके अंतर्गत निगम आयुक्त बर्मन द्वारा निगम सीमा क्षेत्र के समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, निगम के समस्त सहायक राजस्व निरीक्षक, लिपिक वर्ग सहा. शिक्षकों और व्याख्याताओं की ड्यूटी लगायी गयी है। प्रशिक्षण देकर समझाया कि प्रत्येक घर में जाकर जानकारी अवश्य लेना है। प्रशिक्षण के दौरान सहा. नोडल अधिकारी जगदीश केशरवानी, सहयोगी निर्मल चंद्राकर, खिलावन चंद्राकर, योगेश सूरे एवं मास्टर ट्रेनर्स व अन्य उपस्थित थे।

आम दुकानों का संचालन समय निर्धारित

दुर्ग। जिला प्रशासन ने आम दुकानों के संचालन की समयावधि के लिए जनसूचना जारी की है जिसके तहत् दूध, डेयरी व मिल्क पार्लर के लिए सोमवार से रविवार तक सुबह 7 से शाम 6 बजे तक, ब्रेड, फ्ल, सब्जी, चिकन, मटन, मछली, अण्डा के विक्रय, वितरण, भण्डारण तथा परिवहन के लिए सोमवार से शुक्रवार को सुबह 7 से शाम 6 बजे तथा शनिवार व रविवार को इनकी दुकाने सुबह 7 से 12 बजे तक खुली रहेंगी।

शहर में पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने पंपो का संधारण

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। शहर में पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए हैंडपंप एवं पावर पंपों का संधारण किया जा रहा है। महापौर एवं विधायक देवेंद्र यादव तथा आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं। जोन के अधिकारियों द्वारा निगम क्षेत्र में स्थित हैंडपंप एवं पावर पंप का संधारण कार्य किया जा रहा है ताकि पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रहे। इसी के साथ ही पीलिया से बचाव के उपाय अपनाए जा रहे हैं। हैंडपंप एवं पावर पंप का संधारण निगम क्षेत्र के हैंडपंप एवं पावर पंप का संधारण का कार्य जोन स्तर पर किया जा रहा है। जोन 1 में 435 हस्त पंप एवं 100 पावर पंप, जोन 2 में 428 हस्तपंप एवं 114 पावर पंप, जोन 3 में 401 हस्त पंप एवं 52 पावर पंप, जोन 4 में 490 हस्त एवं 85 पावर पंप स्थापित है। आयुक्त रघुवंशी ने क्षेत्र में पीलिया को फैलने से रोकने के लिए जलकार्य विभाग के अधिकारियों को पाइप लाइन में लीकेज की मरम्मत, डिसइंफेक्शन के लिए निर्धारित मात्रा में क्लोरीन आदि केमिकल का उपयोग, जल शोधन संयंत्र संचालन सुचारु, नियमित वाटर सैंपल क्वालिटी टेस्टिंग आदि कार्यो पर जोर दिया।

न्याय से गांव, गरीब, मजदूर व किसान होंगे समृद्ध : राजेंद्र

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। राजीव गांधी किसान न्याय योजना प्रदेश के आर्थिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा। सरकार प्रदेश के 19 लाख से ज्यादा किसानों को 5700 करोड़ रुपए किसानों के खाते में डाल रही है। इसके अलावा सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे हितग्राहियों तक पहुंचा रही है। इससे न सिर्फ हितग्राहियों की आर्थिक स्थिति सुधरेगी, बल्कि गांव, गरीब, मजदूर और किसान समृद्ध होंगे। उक्त बातें छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजेन्द्र साहू ने कही है। उन्होंने कहा कि न्याय योजना के बाद प्रदेश सरकार ने एक बार फिर सिद्द कर दिया है कि कांग्रेस गरीब, मजदूर व किसानों की सच्ची हितैशी है। योजना के माध्यम से प्रदेश के भूपेश सरकार ने जहां चुनाव में किया हुआ वादा पूरा कियाए वहीं कोरोना संकट के विपरीत समय पर आर्थिक संबल प्रदान किया। इससे मजदूर और किसान ही नहीं सभी वर्ग के लोग समृद्ध होंगे। मजदूर और किसानों के हाथों में पैसे आने से व्यापार व व्यवसाय बढ़ेगा। इससे प्रदेश में आर्थिक गतिविधियां बढ़ेगी।

उन्होने बताया कि मनरेगा के क्रियान्वयन में प्रदेश सरकार ने पूरे देश में कीर्तिमान स्थापित किया है। यहां 22 लाख 50 हजार मजदूरों को नियमित रोजगार उपलब्ध कराई जा रही है। यह पूरे देश में सर्वाधिक है। इससे मजदूरों के हाथ में सीधा पैसा पहुंच रहा है। मनरेगा के भुगतान के लिए मजदूरों को भटकन से भी मुक्ति मिली है। इससे संकट के समय भी वे अपनी सभी जरूरतें पूरी कर पा रहे हैं। प्रदेश सरकार की नरवा, गरुवा, घुरवा, बाड़ी बेहद दूरगामी योजना है। प्रदेश की आर्थिक रीढ़ किसानए खेती और पशुधन से जुड़े इस योजना का कई तरह से लाभ सामने आ रहा है। उन्होंने बताया कि योजना से पशुधन सुरक्षा व चारे की व्यवस्था हो रही है। पशुओं को सुरक्षा से खेती के सुरक्षा हो रही है और किसानों का उत्पादन बढ़ रहा है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202005100400067

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री साजेन्द्र कुमार साहू आ. श्री भागीरथी साहू निवासी तिरंगा चौक कुशालपुर रायपुर द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 47/12 रकबा 0.010 हें/ अर्थात 1150 वर्गफीट भूमि के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202005100400074

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती नीलिमा चंद्राकर पति श्री पुष्पकांत चंद्राकर निवासी रुही पोष्ट एम जामगांव द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 273/81, 274/78, 273/82, 274/79, 273/83, 274/80 रकबा 0.055 हें/ अर्थात 6000 वर्गफीट भूमि के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202005100400070

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री परमजीत सिंह बिरदी आ. श्री बी.एस. बिरदी निवासी प्रगति नगर रिसाली भिलाई द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 334/18 रकबा 0.014 हें/ अर्थात 1537.5 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202005100400084

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती अनुसुइया बाई पति श्री लखनलाल साहू निवासी स्टेशन मरोदा भिलाई द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 752/6 रकबा 0.020 हें/ अर्थात 2210 वर्गफीट भूमि के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202005100400174

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक स्वर्णसिंह अरोरा आ. स्व. बलवंत सिंह अरोरा निवासी संतराबाड़ी दुर्ग द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम पुलगांव प.ह.न. 25 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 49/17 रकबा 0.10 हें/ अर्थात... वर्गफीट भूमि के वाणिज्यक प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202005100400079

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती दुलेश्वरी चंद्राकर पति श्री मोहन लाल चंद्राकर निवासी शंकर नगर दुर्ग द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 17/7 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 665/37 रकबा 0.010 हें/ अर्थात 1060 वर्गफीट भूमि के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202005100400041

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती झामिन साहू पति श्री नारायण साहू निवासी उरला दुर्ग द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 17/7 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 317/9 रकबा 0.033 हें/ अर्थात 3600 वर्गफीट भूमि के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

प्र.क्र./276/अ-2/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्यामकली उपाध्याय पति श्री शैलेन्द्र उपाध्याय निवासी मकान 2 सुहानी रेसीडेन्सी सत्यम विहार कालोनी रायपुर तहसील व जिला रायपुर के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम पाहंदा प.ह.न. 04 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 2206/5 रकबा 0.1100 हें. अर्थात 11840 वर्गफीट भूमि में कार्यालय संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश दुर्ग का पत्र क्रमांक 2275/ भू-उपयोग/ प्र.क्र. 1465/ 2020 न.ग्रा.नि. दुर्ग दिनांक 26.02.2020 के अनुसार आवासीय मार्ग कृषि में दर्ज है। उक्त भूमि की पुर्ननिर्धारण भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् आवेदन जांच प्रतिवेदन हेतु अपर कलेक्टर से प्राप्त हुआ हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 06.06.2020 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार अहिवारा तह. धमधा जिला दुर्ग

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./ब-121/वर्ष 2019-20
पंजी. 202005102800020

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रंजना शर्मा पति दीपक कुमार शर्मा निवासी सी/117 न्यू पुलिस लाईन दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा स्वयं के भूमिस्वामी हक में दर्ज मौजा ग्राम बानबरद प.ह.न. 29 तहसील धमधा जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 577/11 रकबा 0.010 हे. की भूमि का ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन-पत्र के आधार पर दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 06.06.2020 तक पेश कर सकते है नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18.05.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार अहिवारा (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी- राजस्व

मा. क्रं. 202005101000003/461

विषयः-अ-6 सन् 2019-20
कोहका प.ह.न. 00019(651/18(0.080हें.)
पक्षकारों का वितरण -आवेदक पक्षकार- पूजा साहू
अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती पूजा साहू ध.प. श्री लोकेश कुमार निवासी नेहरु चौक सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 19 अ रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 651/18 रकबा 0.008 हे. अर्थात 877 वर्गफीट भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता जगदीश सोनी पिता निरंजन सोनी निवासी सनातन नगर कोहका से क्रय किए जाने के आधार पर अपने नाम नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया।

उपरोक्त भूमि का पंजीयन के आधार पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उजर या दावा हो तो वह सुनवाई तिथि दिनांक 09.06.2020 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13.05.2020 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी- राजस्व

मा. क्रं. 202005101000006/463

विषयः-अ-6 सन् 2019-20
कुरुद प.ह.न. 00050(1606/8(0.0200 हें.)
पक्षकारों का वितरण-आवेदक पक्षकार- इल वुंगुल वर्गीश
अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक इल वुंगुल वर्गिस आलि अम्मा पति जार्ज टी शामुलाल निवासी काली मंदिर के पास रायपुर द्वारा ग्राम कुरुद प.ह.नं. 19 अ रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1607/44 रकबा 0.020 हे. को जार्ज टी शामुलाल पिता शम्म बलाई का फौत हो जाने कारण मृतक का नाम विलोपित कर उसके विधिक वारिसा के नाम फौती नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बी-1, बी-2, नक्शा खसरा, ऋण पुस्तिका की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया।

उपरोक्त भूमि नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उजर या दावा हो तो वह सुनवाई तिथि दिनांक 08.06.2020 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15.05.2020 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

मा.क्रं. 202005100900046/63
वर्ष 2019-20

विषयः अ-6
धौराभाठा प.ह.न. 00026(512(0.1400हें.)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार- बुधराम
अनावेदक पक्षकार-.....

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम धौराभाठा प.ह.न 26 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक बुधराम आ. फुलूराम निवासी ग्राम धौराभाठा तहसील पाटन जिला दुर्ग द्वारा मौजा ग्राम धौराभाठा प.ह.नं. 26 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित संदीपक आ. झाडूराम अन्य 01 के नाम दर्ज भूमि खसरा नंबर 512 रकबा 0.14 हें भूमि को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 01.02.2007 से क्रय आधार पर अपने नाम नामांतरण प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय मे विचाराधीन है।

अतः आवेदक बुधराम आ. फुलूराम द्वारा पंजीकृत बयनामा से उपरोक्त दर्शित भूमि क्रेता के नाम नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 18.06.2020 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दाव आपत्ति पर किसी प्रकार विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर पद मुद्रा आज दिनांक 18.05.2020 को जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक कवलजीत सिंह बेहाल आ. बेअंत सिंह बेहाल साकिन विद्युत नगर द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 672/57 रकबा 0.020 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से आदित्य नारायण प्रसूटी आ. स्व. श्री रविन्द्रनाथ प्रसूटी से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 29.05.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 12.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका अल्पना देवी ध.प. श्रीराम व्यास सिंह साकिन किशुनपुर बिहटा पटना द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 679/1 का टु. रकबा 2352.96 वर्गफीट हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विशाल केजरीवाल आ. सुरेश केजरीवाल से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 29.05.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.04.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

ऑनलाईन पं. 202005100400130

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री राजेश कुमार आ. चूरामन सिंह चंद्राकर निवासी डुण्डेरा द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम उतई प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 843/12 रकबा 0.020 हें/ 2229.6 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202005100400088

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री मन्नू लाल आ. श्री जगत राम निवासी चंदखुरी द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम चंदखुरी प.ह.न. 29 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1025/2 रकबा 0.08 हें/ अर्थात 8608 वर्गफीट भूमि के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

राजीव गांधी किसान न्याय योजना से 1.28 लाख से अधिक किसान लाभान्वित

- **पहली किश्त के रूप में 130 करोड़ 38 लाख 57 हजार रुपए किसानों के खाते में डाले गए**

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी के शहादत दिवस पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी रायपुर में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए किसानों के लिए पूरे प्रदेश में राजीव गांधी किसान न्याय योजना का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर सोनिया गांधी और राहुल गांधी भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जुड़े रहे। प्रदेश के किसानों के लिए शुरू की गई इस योजना से जिले के एक लाख 28 हजार 642 किसानों को लाभ मिलेगा। उल्लेखनीय है कि कृषि में पर्याप्त निवेश एवं कास्त लागत में राहत देने राज्य शासन द्वारा कृषि आदान सहायता के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना की शुरूआत की गई है। योजना के तहत खरीफमौसम के धान, मक्का, सोयाबीन, मूंगफली, तिल, अरहर, मूंग, उड़द, कुल्थी, रामतिल, कोदो, कुटकी, रागी तथा रबी में गन्ना फसलों को शामिल किया गया है। योजना के शुभारंभ अवसर पर विशेष रूप से बसना विधायक देवेन्द्र बहादुर सिंह, सरायपाली विधायक किस्मत लाल नन्द, खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, महासमुंद नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष प्रकाश चन्द्राकर, कलेक्टर सुनील कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी डा. रवि मित्तल सहित अन्य विभाग के अधिकारी भी वीडियो कांफ्रेंस में मौजूद रहे। कृषि विभाग के उप संचालक एसआर डोंगरे ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 में जिले के एक लाख 28 हजार 642 किसानों ने कुल 72 लाख 60 हजार 67 क्विंटल धान उपार्जित किया। अब अंतर राशि 496 करोड़ 70 लाख 74 हजार रूपए उन्हें राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत चार किश्तों में मिलेगी। योजना के शुभारंभ अवसर पर पहली किश्त के रूप में विपणन संघ द्वारा 26.25 प्रतिशत यानि 130 करोड़ 38 लाख 57 हजार रुपए की राशि जिले के एक लाख 28 हजार 642 किसानों के बैंक खाते में डाली गई।

न्यूज गैलरी

सड़क दुर्घटना में कालेज के ग्रंथपाल की मौत

गरियाबंद। गुरुवार को एक सड़क दुर्घटना मे शासकीय वीर सुरेंद्र शाय कालेज के ग्रंथपाल सुरेश देवांगन की मौत हो गई। थाना प्रभारी आर के साहू ने बताया कि घटना रायपुर मार्ग मे बीएसएनएल ऑफिस के सामने की है, सुरेश देवांगन दोपहर करीब दो बजे दुपहिया वाहन क्रमांक सीजी 04 एचपी 0383 से गरियाबंद से मालगांव की ओर जा रहा था इस दौरान उसकी दुपहिया वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खम्भे से टकरा गया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्ट मार्डम के पश्चात शव परिजनो को सौंप दिया। इधर हसमुख, मिलनसार और सरल सहज व्यवहार के धनी सुरेश देवांगन (बाबा) के निधन पर कालेज प्रबंधन तथा कालेज के भूतपूर्व एवं वर्तमान छात्रो, उनके मित्रो व समाज प्रमुखो नें दुख व्यक्त किया।

युवक ने फांसी लगाई

महासमुंद। खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम खट्टी में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि खट्टी निवासी डोमन पिता विष्णु यादव की फांसी पर लटकी लाश मिली। जिस पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

गांजा परिवहन करते युवक पकड़ाया

महासमुंद। बाइक से गांजा परिवहन करते एक युवक को सरायपाली पुलिस ने गुरूवार को पकड़ा। पुलिस ने बताया कि झिलमिला के पास वाहन की तलाशी के दौरान झिलमिला निवासी आरोपी विशाल पाल उर्फ सोनू पिता प्रसेनजीत पाल (21) के कब्जे से 4 किलो गांजा बरामद की। युवक ने बताया कि उक्त गांजा अपने घर की बाड़ी से ले जा रहा था। जिस पर नारकोटिक्स एक्ट 20 क के तहत कार्रवाई की गई।

महुआ शराब जब्त

महासमुंद। पटेवा पुलिस ने सिनोधा में एक युवक के कब्जे से पांच लीटर महुआ शराब जब्त की। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सिनोधा निवासी यादराम ढीढी के कब्जे से 5 लीटर महुआ शराब बरामद की। जिस पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

दुकान से प्रतिबंधित गुटखा, तंबाकू, गुडाखू जब्त

महासमुंद। गांवों में बनाए क्वारंटाइन सेंटर की जांच और लोगों को कोरोना के संबंध में जागरूक करने निकली पुलिस ने गुटखा, तंबाकू और बीड़ी बेच रहे दुकानदार पर कार्रवाई की। पुलिस ने बातया कि पेट्रोलिंग के दौरान भीमखोज निवासी प्रदीप पिता किशुन चंद्राकर (29) अपने दुकान में प्रतिबंधित जर्दायुक्त गुटखा, तंबाकू बेच रहा था। तलाशी के दौरान भारी में गुटखा, तंबाकू, बीड़ी, गुडाखू, सिगरेट मिला।

लॉकडाउन नियमों का उल्लंघन, कार में पार्टी मनाते सात पकड़ाए

महासमुंद। कार में बर्थ डे पार्टी मनाते हुए मस्ती कर रहे 7 युवक को पुलिस ने पकड़ा है। ये सभी बगैर मास्क के एक साथ कार में सवार थे और तेज आवाज में गाना बजाकर बर्थ डे पार्टी मना रहे थे। मामला खल्लारी चौक के पास रात 9 बजे की है। पुलिस ने सभी युवकों के खिलाफ अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार कोरोना वायरस के संक्रमण से रोकथाम के लिए थाना खल्लारी के सामने स्थित चौक में लोगों को सुरक्षा व राहत एवं कोरोना वायरस संक्रमण से रोकथाम के लिए चेक प्वाइंट बनाया गया है। वहां से सूचना मिली कि कार क्रमांक 06 जीआर 3454 में सात लोग सवार हैं, जो लॉकडाउन के नियमों और शासन-प्रशासन जारी आदेशों का उल्लंघन कर बर्थ डे पार्टी मनाकर मस्ती कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस की टीम खल्लारी चौक पहुंचकर कार सवार सभी युवकों को पकड़ा। पकड़े गए युवकों के पास न तो सैनिटाइजर था और न ही उन्होंने मास्क पहना था। लॉकडाउन नियमों का उल्लंघन कर बर्थ डे मनाने के आरोप में पुलिस ने ग्राम संतोषी नगर भीमखोज निवासी भूपेंद्र कुमार ध्रुव, ग्राम पचेड़ा निवासी अरबाज खान, राजू साहू, मनोज रात्रे, शिवशंकर ध्रुव, ढाल सिंह और बागबाहरा निवासी जय किशन सबर को गिरफ्तार किया है।

आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

महासमुंद। कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर मृतक व्यक्तियों के परिवारजनों के लिए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें बागबाहरा विकासखंड के ग्राम सुअरमाल निवासी निखिल बंजारे की मृत्यु 17 जून 2019 को पानी में डूबने से होने पर उनके पिता शिव प्रसाद बंजारे को एवं ग्राम भलेसर (बागबाहरा) निवासी तुषार चन्द्राकर की मृत्यु 01 अप्रैल 2019 को पानी में डूबने से होने पर उनके पिता रोहित कुमार चन्द्राकर को चार-चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

स्कार्पियो की टक्कर से भाई-बहन की मौत, एक घायल

महासमुंद। सड़क हादसे में भाई-बहन की मौत हो गई। हादसे में उनके साथ एक अन्य युवक भी घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि स्कूटी में सवार तीनों को तेज रफ्तार वाहन ने पीछे से ठोकर मार दी। जिससे मौके पर ही दो की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 353 में शाम पौने 4 बजे ग्राम झालखम्हरिया के पास हादसा हुआ। हादसे के दौरान तीनों एक ही स्कूटी में सवार थे। हादसे में भाई-बहन की मौत और एक अन्य युवक घायल हो गया। पिथौरा थाना क्षेत्र के कोदोपाली निवासी तमन्ना साहू (16), उसके भाई आशीष साहू (10) और एक अन्य युवक खुटेरी निवासी राज ठाकुर गुरूवार को जिला अस्पताल पहुंचे। दरअसल, तम्मना की बहन का जिला अस्पताल में प्रसव हुआ। उन्हें देखने के लिए तीनों स्कूटी क्रमांक सीजी 06 जीएफ 7054 से गुरूवार दोपहर जिला अस्पताल पहुंचे। कुछ देर रूकने के बाद अपरान्ह तीन बजे अपने घर के लिए बागबाहरा मार्ग से निकले। झालखम्हरिया के पास अज्ञात स्कार्पियो चालक ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए पीछे से स्कूटी को चपेट में ले लिया। जिससे तीनों सड़क पर दूर जा गिरे। घटनास्थल पर ही तमन्ना और आशीष ने दम तोड़ दिया। वहीं, राज ठाकुर घायल हो गया। थाना प्रभारी शेर सिंह बंदे ने बताया कि सूचना पर घटना स्थल पहुंच घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। अज्ञात स्कार्पियो चालक के खिलाफ धारा 304 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

पालिकाध्यक्ष ने की विभागों के कार्यों की समीक्षा

- **लोक निर्माण विभाग के प्रमुख और कर्मचारियों की गैरमौजूदगी पर जताई नाराजगी**

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। कोरोना महामारी जैसे संकट से उबरने और नगर पालिका के कामकाज को गति देने एवं जनता के काम को प्राथमिकता के साथ करने को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने तमाम विभागों की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा की। बैठक में पालिका अध्यक्ष ने लोक निर्माण विभाग के प्रमुख और कर्मचारियों की गैरमौजूदगी पर कड़ी नाराजगी जताई। वहीं भोजनावकाश के दौरान एक कर्मचारी को अपने विभाग में मौजूद रहने के निर्देश दिए हैं।

कोविड 19 के कारण करीब दो माह के लॉक डाउन से कामकाज बुरी तरह प्रभावित रहा। पालिका के विभिन्न विभागों के कार्यों को लेकर गुरुवार को पालिका अध्यक्ष ने समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग के धीमी गति से चल रहे कार्यों एवं कार्यालयीन समय पर कर्मचारियों की मौजूदगी को लेकर नाराजगी जताते हुए कहा कि लगातार देखा जा रहा है कि काम के दौरान कर्मचारी अपने कार्यालय में नहीं रहते ऐसे में पालिका में किसी भी काम के लिए आने वाले लोगों को अनावश्यक रूप से भटकना पड़ता है। यही नहीं वार्डों में छोटे-छोटे निर्माण कार्य भी लंबित है। जबकि लोगों के हितों से जुड़ी छोटे निर्माण कार्य को प्राथमिकता के साथ किया जाना चाहिए। राजस्व विभाग के टैक्स कलेक्शन को लेकर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्राकर ने कहा वार्ड मुहर्रिर को डोर टू डोर कलेक्शन के लिए भेजा जाए। उन्होंने कहा कि वार्ड 4, 5, 6, 7, 8, 9 और 11 में ऐसे कई मकान निर्माण किया जा रहा है। लेकिन उन भवन निर्माण की अनुमति एवं टैक्स निर्धारण राजस्व तथा लोक निर्माण विभाग के क्षेत्र अधिकार में हैं। उन्होंने कहा दलदली रोड पर अधिकांश ऐसे मकान हैं जिनका समेकित कर नहीं लिया जाता है ऐसे मकान को चिन्हित करें। उन्होंने कहा कि पालिका द्वारा सड़क, पानी, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं लोगों को मुहैया कराई जा रही है।

कांग्रेस अन्नदाता किसान के साथ धोखा करने वाली योजना लागू न करें

गरियाबंद। राजिम विधानसभा के पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने छत्तीसगढ़ सरकार के किसान न्याय योजना को लेकर आरोप लगाते हुए कहा है कि कांग्रेस अन्नदाता किसान के साथ धोखा करने वाली योजना लागू न करें। दिल्ली के नेताओं को खुश करने के लिए कांग्रेस इस तरह की योजना ना बनाएं ।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस किसानों के साथ वायदा कुछ और करती है , योजना कुछ और बनाती है, जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है। किसानों को एकमुश्त राशि दिया जाना चाहिए, राज्य की कांग्रेस सरकार ने किसानों को पिछले दो वर्ष के बोनस देने की बात कही थी ,अब तक बोनस राशि का अता-पता नहीं है ,जबकि किसान बोनस राशि मिलने का इंतजार कर रहे हैं । कांग्रेस किसानों के हक को लेकर न्याय दिलाए जाने जैसी योजना लागू तो कर दी है ,लेकिन वास्तविक रूप से किसान अन्याय के शिकार है। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार किसानों के साथ न्याय दिलाने के नाम पर मजाक ना करें।कहा कि जब से राज्य में कांग्रेस सत्ता में आई हैं, तब से किसान परेशान है, पिछले दिनों के मौसम बारिश हुई, जिससे किसानों की फसल बर्बाद हुई है, लेकिन अभी तक राहत राशि देने सर्वे तक नहीं किया गया है।

संवेदना संस्था द्वारा प्रवासी मजदूरों को नाश्ता वितरण

महासमुंद। कोरोना महामारी के वैश्विक दौर में प्रवासी मजदूरो द्वारा अपने अपने गाँव वापसी का सिलसिला शुरू हो चुका है और स्वयं सेवी संस्थाओ द्वारा भोजन,पानी व नास्ता की व्यवस्था किया जा रहा है इसी कड़ी में सामाजिक स्वयं सेवी संस्था संवेदना खरोरा,महासमुंद द्वारा प्रवासी मजदूरो को 100 पैकेट नास्ता उपलब्ध कराया गया। नास्ते में बिस्किट,केला व नमकीन डॉ बंसोड़,श्री मती रोहिता बंसोड़ ,श्री मती विजेता, व्ही एन प्रधान,व्ही एन ठाकुर,लोकेश सिंह ठाकुर तथा संवेदना संस्था के जितेंद्र कुमार चंद्राकर,ओम प्रकाश चंद्राकर, नीलमाधव सिंह ,मेमन चंद्राकर , मनीष चंद्राकर ,शंकर, विष्णु , संगीत सोनी व मूकेश चंद्राकर द्वारा वितरित किया गया ।

राजीव गांधी न्याय योजना संकट की घड़ी में किसानों को राहत पहुंचायेगी : अमितेष

गरियाबंद। राजीव गांधी किसान न्याय योजना किसानो के हित में चलाई जा रही राज्य शासन की सबसे महत्वपूर्ण और महत्वकांक्षी योजना है। इस योजना के तहत राज्य सरकार अपने कहे वादे को पूरा करते हुए किसानो को धान के अंतर की राशि का भुगतान चार किस्तो में करेंगी। कोरोना आपदा के दौरान जहां पूरा देश आर्थिक संकट से गुजर रहा है ऐसे में राज्य सरकार की यह योजना गरीब किसानो के लिए राहत देने वाली साबित होगी। उक्त बाते प्रथम पंचायत मंत्री एवं राजिम विधायक अमितेष शुक्ल ने आज यहां जिला कार्यालय पत्रकारो से चर्चा में कही। श्री शुक्ल प्रदेश सरकार की राजीव गांधी किसान न्याय योजना के शुभारंभ अवसर पर जिला मुख्यालय पहुचे थे। इस अवसर पर उन्होने मुख्यमंत्री बघेल के कुशल नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश किसान हितैषी मुखिया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वैश्विक महामारी के संकटकालिन स्थिति में भी किसानों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी है। सरकार ने वादे के मुताबिक 2500 रूपये प्रति क्विंटल धान खरीदी के निर्णय के आधार पर शेष बोनस की राशि की आज पहली किस्त किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से डाल दी गई है। इससे गरियाबंद जिले के 66 हजार 710 किसानों को 204 करोड़ एक लाख 34 हजार 747 रूपए बोनस की कुल राशि मिलेगी। प्रथम किस्त के रूप में 51 करोड़ रूपए किसानों के खाते में जमा होगी। उन्होने इसके लिए जिले के किसानो की ओर से मुख्यामंत्री आभार जताया वही जिले सहित पूरे प्रदेश के किसानो को इस योजना के शुरूआत होने पर बधाई दी।

कोरोना लॉकडाउन में भी रक्त की बूंद से बचा रहे हैं जिंदगी

बालोद। ये बातें केवल शब्दों और वाक्यों के ही रूप में नहीं लिखी गई हैं। वरन इन्हें हमारे इर्दगिर्द में ऐसे ही कुछ सेवाभावी लोग भी मौजूद हैं जो विपरीत परिस्थितियों में भी जीवनदान हेतु समर्पित होकर जरूरतमंदों को हरसंभव मदद कर रहे हैं।

बठेना हॉस्पिटल धमतरी में कमजोरी के कारण भर्ती हुए,ब्क निगेटिव की आवश्यकता वाले कोड़ेगांव निवासी मरीज 45 वर्षीय भीखम सिंग महार को 2 यूनिट तथा हाथ, पैर में जलन, सिर में दर्द व चलने में असमर्थ आमदी निवासी ब्क निगेटिव 55 वर्षीय मरीज सोनू राम साहू को 1 यूनिट खून की आवश्यकता थी।

इन मरीजों के सहयोगी रहे परिवार के सदस्यों डोमार साहू व जिवनन्दन महार ने खून की जरूरत हेतु विभिन्न लोगों से संपर्क किया लेकिन दिन भर भटकते के बाद भी सहायता नहीं मिली।

चिटौद के मोहन रजक बने संकट में हमदर्द

बालोद जिला जनहमदर्द रक्तदान सेवा समिति के अध्यक्ष चिटौद निवासी मोहन रजक को अगले दिन डोमार साहू ने किसी के माध्यम से संपर्क किया। तब इस विकट कोरोना संकट के लॉकडाउन माहौल में इन मरीजों तक सहायता की कड़ी मेहनत ने मानवता की मिशाल पेश की।

40 किमी दूर से मोहन ने खुद जाकर लाया रक्तदाता

विषम स्थिति में मोहन रजक ने बड़ी जिम्मेदारी लेते हुए इन मरीजों के लिए आवश्यक ब्लड ग्रुप के व्यक्तियों की तलाश की। जिसमें खुमान साहू निवासी थुहा नवागांव रक्तदान हेतु तैयार तो हुए लेकिन स्वयं आकर मदद करने में असमर्थ रहे। तब मोहन रजक ने अपने जनहमदर्द रक्तदान सेवा समिति के सहयोगी माही रात्रे के साथ उनके घर जाकर उन्हें यहाँ तक पहुंचने में मदद की। उसी तरह से लोकेश साहू सांकरा निवासी ने भी अपने दैनिक मजदूरी कार्य से बहुमूल्य समय निकाल कर इंसानियत का धर्म निभाया।

नियमित रक्तदाता लोकेश ने 8वीं और खुमान ने 6वीं बार किया रक्तदान

हमारा शरीर स्वयं ही विविध पोषक आहारों के समुचित संतुलन के माध्यम से रक्त का निर्माण एक निश्चित समयावधि में करते रहती है। जिसके तहत एक स्वस्थ व्यक्ति एक वर्ष में हर तीन महीने के अंतराल में चार बार रक्त दान कर सकता है। आज के इन रक्तदाताओं में लोकेश साहू का यह 8 वां तथा खुमान साहू का 6 वां रक्तदान था।

अधिकारी-कर्मचारियों ने ली आतंकवाद विरोधी शपथ

महासमुंद। जिला कार्यालय परिसर में गुरुवार को यहां सुबह 11 बजे कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आतंकवाद विरोधी शपथ दिलाई। इस अवसर पर हम भारतवासी अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परंपरा में दृढ़ विश्वास रखते हैं तथा निष्ठापूर्वक शपथ लेते हैं कि हम सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे की शपथ कर्मचारियों ने ली। साथ ही हम मानव जाति के सभी वर्गो के बीच शक्ति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों से लडने की भी शपथ लेते हैं की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर शरीफ मोहम्मद खान, आलोक पाण्डेय सहित कलेक्टर कार्यालय परिसर के संबंधित विभिन्न शाखाओं एवं विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। इसके अलावा जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में आतंकवाद विरोधी शपथ दिलाई गई।

मुश्तैद — प्रवासी मजदूरों के व्यवस्थापन से लेकर राहत सामग्री पहुंचाने सजग है जिले के अधिकारी

कोरोना से बचाव के लिए चौबीसों घण्टे सतर्क है जिला प्रशासन

- **कलेक्टर ने अफ्वाहों पर ध्यान न देने की अपील**

गरियाबंद। -कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए लॉकडाउन के घोषणा के पश्चात ही गरियाबंद जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सजग है। जिले के नागरिक भी शासन और प्रशासन के आदेशों का अनुशासित होकर पालन कर रहे हैं। जिला प्रशासन और आमजनता मिलकर कोरोना वायरस को परास्त करने में जी-जान से जुटी हुई है। एक तरफलोगों को घरों में सुरक्षित रहने क लिए अपील की जा रही है। वहीं दूसरी ओर अन्य प्रदेशों से आये मजदूरों से और प्रवासी लोगों के लिए राहत शिविर चलाकर एवं क्वारेंटाइन सेन्टर में उनके भोजन, आवास, राशन की माकूल व्यवस्था की गई है। कलेक्टर श्याम धावड़े, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल एवं जिला पंचायत सीईओ विनय लंगेह द्वारा जिले के दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार दौरा कर जायजा लिया जा रहा है। उनके द्वारा शासन के आदेशो का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिये जा रहे हैं।

जिले में विगत 17 मई को एक कोरोना पॉजिटिव मिलने के पश्चात जिला प्रशासन द्वारा लोगों को अपने घर में सुरक्षित रहने, लगातार साबुन से हाथ धोते रहने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने और बिना मास्क के घर से बाहर नहीं निकलने की समझाईश दी जा रही है। शासकीय कार्यालयों को भी सेनेटाईज किया जा रहा है। कलेक्टर ने पुनः एक बार लोगों को अपुष्ट और भ्रामक जानकारी से बचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कोरोना से संबंधित किसी भी तरह के अफ्वाहों से बचे एवं जिला प्रशासन को अवगत कराये। श्री धावड़े ने यह भी कहा कि वैश्विक महामारी का रूप ले चुके इस बीमारी के संक्रमण को गंभीरता से लेते हुए सतर्कता के साथ सावधानी बरते। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन संक्रमण के फैलाव को रोकने सजगता के साथ कार्य कर रही है। प्रत्येक ग्राम पंचायतों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जो लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर जिला प्रशासन को रिपोर्ट दे रही है।

ज्ञात है कि जिले में चैबीसों घंटे कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इसके अलावा विकासखण्ड स्तर पर भी कन्ट्रोल रूम स्थापित कर मोबाईल नम्बर जारी किया गया है। कलेक्टर श्री धावड़े ने बताया कि अभी तक जिले में 29 व्यक्ति विदेश प्रवास से लौटे है तथा 3366 व्यक्ति दूसरें राज्यों से होकर आये हैं। इस तरह सभी 3387 व्यक्तियों का होम क्वारेंटाईन किया गय था।

■ न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए किया राजीव गांधी किसान न्याय योजना का शुभारंभ

राजनांदगांव। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए किसानों के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्रीमती सोनिया गांधी और राहुल गांधी वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। राजीव गांधी किसान न्याय योजना किसानों को खेती-किसानी के लिए प्रोत्साहित करने की देश में अपने तरह की एक बड़ी योजना है। इस योजना के तहत प्रदेश के किसानों को राशि चार किस्तों में सीधे उनके खातों में हस्तांतरित की जाएगी। योजना के शुभारंभ अवसर पर डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी, खुज्जी विधायक श्रीमती छन्नी साहू, डोंगरगढ़ विधायक भुनेश्वर बघेल, राजनांदगांव की महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य, अपर कलेक्टर ओंकार यदु, सहायक कलेक्टर ललितादित्य नीलम, जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती तनुजा सलाम, एसडीएम राजनांदगांव मुकेश रावटे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

निगम में आतंकवाद विरोधी दिवस पर ली गयी शपथ

राजनांदगांव। शासन द्वारा 21 मई को आतंकवाद विरोधी दिवस मनाए जाने के निर्देश प्राप्त हुये थे। वर्तमान में कोविड-19 महामारी के संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुये सोसल डिस्टेंसिंग, मास्क पहनना इत्यादि सुरक्षात्माक उपायो को अपनाकर अपने अपने कक्ष में शपथ लेने निर्देश दिये गये थे। निर्देश के अनुक्रम में 21 मई गुरूवार को नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा अपने अपने कक्ष में आतंकवाद विरोधी दिवस पर शपथ ली गई कि हम भारतवासी अपने देश की अहिसा एवं सहनशीलता की परंपरा में दृढ़ विश्वास रखते है तथा निष्ठापूर्वक शपथ लेते है कि हम सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। हम मानव जाति के सभी वर्गो के बीच शान्ति,सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली और विघटनकारी शक्तियो से लड़ने की भी शपथ लेते है।

जिला भाजपा ने किया प्रवासी मजदूरों को खाद्यान्न सामग्री का वितरण

राजनांदगांव। करोना संक्रमण काल के इस वैश्विक संकट में मजदूर साथियों को अपने कार्य क्षेत्र को छोड़कर घर आने की आपाधापी में भूखे-प्यासे मजदूरों की सेवा करने के लिए जिला भाजपा द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पांडे के आवाहन पर जिला भाजपा अध्यक्ष मधुसूदन यादव के नेतृत्व में जिला भाजपा द्वारा खाद्यान्न सामग्री के पैकेट प्रवासी मजदूरों को बांटे गए। महाराष्ट्र सीमा एवं अन्य राज्यों से आने वाले कई मजदूर बसों के द्वारा अन्य जिलों की ओर जा रहे थे, उन्हें रोककर रायपुर नाका के पास राम दरबार के समीप तथा ठाकुरटोला टोल प्लाजा के पास 600 पैकेट का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, संतोष अग्रवाल, सचिन बघेल, रमेश पटेल, भरत वर्मा, रेखा मेश्राम, शोभा सोनी, सावन वर्मा, हीरेन्द्र साहू, रविन्द्र सिंह, शिव वर्मा, राजेश श्यामकर, तरूण लहरबानी, किशुन यदु, सुमित भाटिया, दिनेश गुप्ता, योगेश खत्री, प्रखर श्रीवास्तव, रघुवीर वाधवा, दिनेश गुप्ता, बंटी भाटिया, सुनील साहू, नागेश यादव, चंद्रभान जंघेल, आकाश चोपड़ा, आशुतोष सिंह, जय शर्मा, अरुण शुक्ला, बलवंत साहू, शेखर यादव, मनीष जैन, सरस्वती यादव, अकरम कुरैशी, हकीम खान आदि प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

राजीव गांधी किसान न्याय योजना का शुभारंभ

राजनांदगांव। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर छत्तीसगढ के किसानों के लिये राजीव गांधी किसान न्याय योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा डिजटली भव्यता के साथ मंत्री एवं विधायको की उपस्थिति में किया गया। किसानों के हित में योजना का शुभारंभ करने पर महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया है। पेंड्री में जैतखम के पास प्रवासियों के लिये सुखा स्वल्पाहार वितरण केन्द्र स्थापित किया गया है, जहां पर आज राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गयी। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती हेमा देशमुख सहित विधायक दलेश्वर साहू, राजगामी संपदा न्यास के अध्यक्ष विवेक वासनिक, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, पूर्व विधायक ईमरान मेमन, पूर्व महापौर सुदेश देशमुख, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य संतोष पिल्ले व गणेश पवार, पार्षदगण श्रीमती शकीला बेगम, श्रीमती पिंकी साहू, श्रीमती पूर्णिमा नागदेवे, शरद पटेल, पूर्व पार्षद बसंत बहेकर आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

चलती ट्रक में बच्चे को दिया जन्म, मां की हिम्मत देख सब हुए हैरान

नवप्रदेश संवाददाता

बोड़ला। छत्तीसगढ से पलायन कर अन्य प्रदेश गए मजदूर अब अपनी घरो की ओर जैसी भी सुविधाएं मिले लौट रहे है। छत्तीसगढ का एक परिवार भी मध्यप्रदेश से ट्रक में लौट रहा था। इसमें एक महिला गर्भवती थी। वाहन चलने के साथ ही महिला को अंजनिया से बिछ्या पहुंचते समय दर्द उठा और चलती हुई ट्रक में मां ने बच्चे को जन्म दिया। डिलवरी के लिए उन्हे सुविधा उपलब्ध नही हो पाई तो उस वाहन में सवार दूसरी महिला ताई बनकर महिला की मद्द की और स्वस्थ बच्चे को महिला ने जन्म दिया। ज्ञात हो कि होशंगाबाद से छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिला के सिलपहरी गांव आना था । इसके लिये बस ट्रक के माध्यम से आ रहे थे । मंडला से रात में ट्रक में बैठे इसी ट्रक में सावन पटेल नाम की महिला थी जो गर्भवती थी। ट्रक कुछ देर चलने के बाद उसे दर्द हुआ दर्द इतना था कि वो जो सफर करके आयी उस दर्द को देखते हुए किसी से कुछ शिकवा न शिकायत की, हिम्मत करके कही की सब ठीक है। उसी ट्रक में एक महिला प्रमिला थी उसने कभी डिलवरी नही कराई थी ,उसने भी उसकी हिम्मत देखकर एक डॉक्टर की भूमिका निभाई बिछिया के पास एक नवजात शिशु का जन्म हुआ। मोतीनाला पहुचने पर ड्यूटी में तैनात जवानो को बताया उन्होने सिर्फसुना। ये ट्रक सुबह 9 बजे बोड़ला पहुँचा इसकी जानकारी जैसे ही हुआ तब हैल्पिंग हैंड की टीम स्पाट में तुरन्त पहुची तत्काल एम्बुलेंस को बुलाया गया हॉस्पिटल ले जाया गया जहाँ बाहर में माँ की कोविड जांच हुई उसके बाद अंदर एंट्री करवाके हॉस्पिटल के देखरेख में सौपा गया । हैल्पिंग हैंड द्वारा कपडे की कीट ,पानी, दूध ,फ्ल नाश्ता खाना दिया गया।

मेडिकल स्टाफ में डर का माहौल,यदि जांचकर्ता ड्यूटी में बाहर रहेंगे तो जांच ही नही हो पाएगी: सामुदायिक स्वास्थ्य केंद बोड़ला के जो ड्यूटी में थे उनमें इतना डर कि इस परिवार को गाड़ी अंदर ही बैठा कर रखे थे । स्टाफसे जब चर्चा किया गया तो इनका कहना था कि जो जांच करते है वो जांच करेंगे हम लोग जांच नही कर सकते तब तक ये गाड़ी अंदर ही थे। सामुदायिक केंद्र में 2 लोग जांच करते है यदि इमरजेंसी रहा तब तो हालात और खराब हो जाएगा । फिर थोड़ी देर बाद लैब टेक्नीशियन विनोद चन्द्रवंशी आए उन्होने जांच किया जांच निगेटिव आने के बाद ऑपरेशन कक्ष ले जाया गया ।

रात भर ट्रक का सफर रहा

एक तरफजब डिलवरी होती है तो तमाम प्रकार की व्यवस्था होती है शिशु होने के बाद काफी देखरेख होता है लेकिन इस मां के आंखों को देखकर यही लग रहा था कि मजदूर है इसलिए मजबूर है । रात भर भगवान से दुवाए करती रही और एक योध्दा की तरह लड़ती रही । इसे देखकर यही लगा कि दुनिया मे वास्तव में सबसे बड़ा योद्धा होता है तो वो मां होती है जो हर मुस्किलो से हर पल लड़ती रहती है।

क्वोरंटाइन सेंटर में गुंजी किलकारी, दो महिलाओ ने दिया स्वस्थ्य बच्चे को जन्म

कवर्धा । पंडरिया विकासखण्ड के ग्राम पंचायत रेंगाबोड और सेन्हाभाटा के क्वारेन्टाइन सेंटर में रह रही गर्भवती महिला ने शासकीय अस्पताल में स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया है। सुरक्षित प्रसव के बाद दोनों शिशुवती महिला को अपने घर पर ही होम क्वारेन्टीन कर दिया गया है। चिकित्सको के मुताबिक दोनों स्वस्थ है। जनपद पंचायत सीईओ नवीन भट्ट ने बताया कि ग्राम पंचायत रेंगाबोड में ग्रीन जोन बेमेतरा से वापस आये हुए मोना-रमेश को क्वारेन्टीन सेंटर रेंगाबोड में बुधवार को प्रातः 8 बजे क्वारेन्टीन करने उपरांत शायं में उन्हें प्रसव पीड़ा होने पर 6 बजे 108 के माध्यम से जिला अस्पताल कवर्धा में प्रसव के लिए भर्ती कराया गया। जहाँ उन्होंने बुधवार को एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। माँ एवं बच्चा(पुत्र) दोनों स्वस्थ है। साथ ही ग्राम पंचायत सेन्हाभाटा में रेड जोन भोपाल से 13 मई को वापस आये हीरा कली पति सतीश को प्रसव पीड़ा होने पर 19 मई को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था, जहाँ उन्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई है। हॉस्पिटल से डिसचार्ज के बाद इन्हें ग्राम में होम क्वारेन्टीन करने हेतु उचित व्यवस्था कर ली गयी है।

क्वॉरेंटाइन सेंटर में समय में ना खाना ना पानी, हो रही लोगों को परेशानी

■ रामकृष्ण पब्लिक स्कूल में अब तक 120 लोगो को किया गया क्वारेंटाइन

कवर्धा। वर्तमान समय में बाहर से पलायन कर आने वाले मजदूरों सहित अन्य राज्य से लौटे हुए लोगों को क्वॉरेंटाइन किया गया है। राम.ष्ण पब्लिक स्कूल में भी क्वॉरेंटाइन सेंटर बनाया गया है। राम.ष्ण पब्लिक स्कूल में क्वॉरेंटाइन हुवे एक व्यक्ति ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया के माध्यम से बताया कि जहां उन्हें क्वॉरेंटाइन किया गया है वह ना तो पानी की व्यवस्था है और ना ही भोजन की व्यवस्था की गई है। दोपहर के 1:30 बजे तक लोग पानी और भोजन के लिए इंतजार करते रहे, तो कई लोग पानी नहीं मिलने के कारण और भोजन नहीं मिलने के कारण परेशानियां भी झेल रहे हैं। क्वॉरेंटाइन सेंटर में मौजूद एक व्यक्ति के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से दिए गए जानकारी के अनुसार लगभग 120 लोगों को राम.ष्ण पब्लिक स्कूल में क्वॉरेंटाइन पर रखा गया है और यह लोग अब वहां बनी आसुविधाओं को लेकर परेशानियों का सामना करने मजबूर हो रहे हैं। वर्तमान समय में अलग-अलग जगहों पर क्वॉरेंटाइन सेंटर बनाया गया है। जहां लोगों को रखा जा

क्वारेन्टाइन सेंटर में लोगों को किया जागरूक

पंडरिया। अन्य प्रान्तों से पलायन कर वापस आने वाले श्रमिको को कोरोना वायरस से बचने के लिये जागरूक किया गया। पंडरिया विकासखंड अतंर्गत शासकीय प्राथमिक शाला सोंढ़ा के क्वारेंटाइन सेंटर में जाकर लोगो को कोविड-19 से बचने के लिये सावधानी बरतने के उपाय बताये गये। संस्था के प्रधान पाठक एवं कोरेन्टाइन सेंटर प्रभारी महेश सिंह ठाकुर ने बताया समय समय पर मास्क एवं गमछे का उपयोग जरूर करें गर्मी में लू से बचने पानी पर्याप्त मात्रा में पीये, अपने हाथों को साबुन से धोते रहे तथा दैनिक उपयोग में लाये जाने वाले कपड़ो को अच्छी से तरह से साफरखें। ग्राम पंचायत सोढ़ा के सरपंच गोकुल चन्द्रवंशी ने उपस्थित लोगो से कहा कि इस वैश्विक महामारी से बचने के लिए पूरी तरह से प्रशासन का सहयोग करते हुए मजदूरो को चाय, नाश्ता एवं भोजन जैसे अवाश्यक सुविधा मुहैया कराई जा रही है।

होम क्वारेंटाईन में घर से बाहर निकले घुमने तो महामारी एक्ट के तहत होगी कार्यवाही

कवर्धा । पुलिस अधीक्षक के.एल.ध्रुव के द्वारा जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों एवं थाना/चैकी/कैम्प प्रभारियों को सख्त निर्देश दिया गया है कि क्वॉरेन्टाईन सेन्टर एवं होम क्वॉरेन्टाईन किये गये व्यक्तियों की प्रतिदिन सरप्राईज चेंकिंग समय समय पर करते रहे ताकि यह बाहर निकलकर किसी और के संपर्क में न आयें। अभी वर्तमान में संक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है। इसका विशेष ध्यान रखा जाना हम सभी का दायित्व है, जिसे निभाना कबीरधाम पुलिस के सभी अधिकारी/कर्मचारियों की जिम्मेदारी है। इस बात का विशेष ध्यान रखे कि क्वॉरेन्टाईन सेन्टर में रखे गये प्रवासी मजदूर व अन्य लोग किसी आरोप में लिप्त आरोपी नहीं है बल्कि वह आम जनता को सुरक्षित रखने के लिये 14 दिन तक क्वॉरेन्टाईन में रह रहे है तथा क्वॉरेन्टाईन अवधि के बाद उन्हे सुरक्षित उनके घर भेजा जा रहा है इसीलिये किसी प्रकार का उनसे दुर्व्यव्हार ना करें। ना ही किसी व्यक्ति विशेष को उनसे दुर्व्यव्हार करने दे।

स्वामी आनंद परमानंद सरस्वती हुए ब्रम्हलीन

कवर्धा। वाराणसी में जयेष्ट .ष्ण पक्ष त्रयोदशी प्रदोष काल मास शिवरात्रि अश्वनी नक्षत्र सौभाग्य योग दिन बुधवार को शाम 6.15 बजे मुहूर्त में काशी केदारखंड, मोक्षायतन में स्वामी जी के शरीर शांत होकर ब्रह्मलीन हो गए पुज्य स्वामी के जन्म दिनांक 13.09.1952 को छत्तीसगढ़ के कवर्धा में कुलीन ब्राह्मण परिवार पिता रामजी प्रसाद उपाध्याय माता श्रीमती सुंदरी देवी उपाध्याय के चतुर्थ पुत्र के रुप मे हुआ था, पश्चात परमानंद उपाध्याय नामकरण हुआ। प्रारंभ में प्राथमिक और मिडिल शिक्षा कवर्धा में ग्रहण करके उच्चतर शिक्षा जांजगीर में अपनी बहन श्रीमती लक्ष्मी द्विवेदी के यहाँ ग्रहण किये । पिता रामजी प्रसाद उपाध्याय प्रारंभ से ही वैद्य थे, इसलिये आयुर्वेद चिकित्सा में परमानंद उपाध्याय का भी रुचि हुआ, पश्चात रायपुर आयुर्वेदिक कालेज से वैद्य विशारद और आयुर्वेदाचार्य का शिक्षा ग्रहण करके अपने पिता के साथ आयुर्वेदिक चिकित्सा में लग गए।

कवर्धा के कुलीन ब्राह्मण शिवगुलाम पांडे के तृतीय पुत्री श्रीमती रत्ना देवी के साथ विवाह हुआ विवाह पश्चात परमानंद उपाध्याय के पांच संतान हुए तीन पुत्र चंद्रप्रकाश उपाध्याय, राम.पेश्वर उपाध्याय, हरिहर उपाध्याय और दो पुत्री पार्वती देवी एवं दिनेशनंदनी संतान के रुप मे प्राप्त हुए धर्मसम्राट स्वामी करपात्री जी महाराज के प्रति उनके मन मे अगाध श्रद्धा रहा। धर्मसम्राट स्वामी करपात्री जी महाराज को वह वह अपना दीक्षा गुरु भी बनाना चाहते थे, इसी मध्य कवर्धा में परम पुज्य ज्योतिष एवं द्वारका पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकरचार्य स्वामी स्वरुपानंद सरस्वती जी महाराज का शुभागमन कवर्धा राजमहल में हुआ पिताजी पुज्य शंकराचार्य जी महाराज से अपने पुत्र को दीक्षा देने का आग्रह किये एवं अपने पुत्र परमानंद को पुज्य शंकराचार्य जी महाराज से कवर्धा राजमहल में दीक्षा ग्रहण करवाये ।

धर्मसम्राट स्वामी करपात्री जी महाराज के रामराज्य परिषद के प्रचार आदि के लिये कवर्धा आगमन में पुज्य धर्मसम्राट के सेवा में अपने पिता रामजी प्रसाद उपाध्याय के साथ-साथ पुरा सहयोग प्रदान किया करते थे।

112 की टीम ने महिला को छोड़ा सखी सेंटर में

कवर्धा। मंगलवार की दरम्यानी रात समय लगभग 02:15 बजे डायल 112 कमाण्ड सेंटर रायपुर में सूचना प्राप्त हुई कि जिला कबीरधाम थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम कवर्धा अमित लाज के सामने एक महिला सड़क पर सोई हुई है। सूचना पर डायल 112 कवर्धा पैंथर 1 को तत्काल घटना स्थल के लिए रवाना किया गया । डायल 112 टीम घटना स्थल पहुंचकर देखा कि एक महिला अपनी छोटी सी बच्ची उम्र करीबन 6 माह को लेकर सड़क के बीच में सोई हुई थी जिसे आवाज देने से नहीं उठ रही थी, इसकी सूचना कंट्रोल रूम कवर्धा को देकर सखी सेंटर से 2 महिला कर्मचारी को बुलवाकर उक्त महिला को उठाकर 112 गाड़ी में बैठाकर उनके घर छोड़ा गया व भविष्य में ऐसी गलती नहीं करने की हिदायत दिया गया । इस कार्यवाही में ईआरव्ही आरक्षक 582 भेदजीवन चेलक, 641 .ष्णा लहरे एवं चालक राजेश कोसले का सराहनीय योगदान रहा।

कलेक्टर ने कोरोना के 3 पॉजिटिव मरीज मिलने पर ग्राम ईरा का किया निरीक्षण

■ गांववासियों को सावधानी और सजगता रखने के लिए कहा

राजनांदगांव। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने ग्राम ईरा में कोरोना के 3 पॉजिटिव मरीज के मिलने के बाद गांव का निरीक्षण किया और सभी गांववासियों को सावधानी और सजगता रखने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि गांव अभी अतिसंक्रमित क्षेत्र रहेगा और यहां लोगों के आने-जाने पर प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा कि किराना और मेडिकल दुकाने खुली रहेंगी। मनरेगा के कार्य बंद रखेंगे। भीड़-भाड़ वाली स्थानों से सभी दूर रहेंगे। संक्रमण के स्थानों को सेनेटाईज करते रहे। ग्रामवासी अनुशासन बनाए रखे। 60 वर्ष से अधिक बुजुर्ग, छोटे बच्चे, गर्भवती माताओं का विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। किसी भी तरह की परेशानी होने पर तत्काल स्वास्थ्य विभाग को सूचित करें। उन्होंने 60 वर्ष से अधिक के बुजुर्गों का ब्लडप्रेशर और डायबिटिज चेक करने को कहा। उन्होंने सरपंच से कहा कि गांव में किसी को भी सर्दी, खांसी, बुखार एवं सांस लेने में तकलीफ हो तो तुरंत स्वास्थ्य विभाग को सूचना दें। कलेक्टर ने अधिकारियों को संक्रमित मरीज के कांटेक्ट ट्रेसिंग सर्वे के लिए भी निर्देश दिए। पुलिस पेट्रोलिंग के लिए भी ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री मौर्य ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोमनी में गर्भवती महिलाओं एवं महिलाओं के लिए क्वारेंटाइन सेंटर बनाने के लिए केन्द्र का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ सहायक कलेक्टर ललितादित्य नीलम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी, एसडीएम राजनांदगांव मुकेश रावटे, ईडीएम सौरभ मिश्रा उपस्थित थे।

पारिवारिक विवाद को सुलझाया 112 की टीम ने

पिपरिया। मंगलवार की रात्रि समय लगभग 11 बजे डायल 112 कमाण्ड सेंटर रायपुर में सूचना प्राप्त हुई कि जिला कबीरधाम थाना पिपरिया क्षेत्रांतर्गत ग्राम लखनपुर कला में पारिवारिक विवाद हो रहा है। सूचना पर डायल 112 पिपरिया पैंथर 2 को तत्काल घटना स्थल के लिए रवाना किया गया । डायल 112 टीम घटना स्थल पहुंचे जहां पर लाला पिता नाथू राम चंद्रवंशी उम्र 61 वर्ष जो अपने पुत्र चैतराम के साथ विवाद कर रहा था, दोनों को परिवार वालों के समक्ष समझाईश देकर आपसी सहमति से राजीनामा कराये । इस कार्यवाही में ईआरव्ही आरक्षक 518 हीरा पांडेय एवं चालक पोषण निर्मलकर का सराहनीय योगदान रहा।

चौतरफा तारीफ राजीव गांधी किसान न्याय योजना कोरोना संकट काल में है कारगर कदम

सुकून से रोशन है अन्नदाता किसानों के चेहरे, मुख्यमंत्री ने किसानों को दिया है संबल

राजनांदगांव। सुकून से रोशन है अन्नदाता किसानों के चेहरे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर आज राजीय गांधी किसान न्याय योजना का शुभारंभ किया। राजनांदगांव जिले के ग्राम पनेका में आज इस योजना का शुरूआत की गई और किसानों को इस योजना के संबंध में जानकारी दी गई।

ग्राम बाकल के वृद्ध किसान जयलाल सिन्हा ने कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण के इस काल में विपत्ति के समय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हम किसानों को संबल दिया और इस योजना से किसानों को न्याय मिला है। ग्राम पनेका के किसान गेंदलाल ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब धान के किसानों को प्रति एकड़ 10 हजार रूपए मिलने से बहुत अधिक फायदा होगा। ग्राम बाकल के महेश ने कहा कि किसानों को उपज का सही दाम दिलाने की दिशा में यह योजना कारगर रहेगी। ग्राम पनेका आनंदीराम साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल ने किसानों की कर्जमाफी करने के बाद किसानों के हित में कई कार्य कर किए हैं और हमको राहत पहुंचाई है।

उप संचालक कृषि जीएस धुर्वे ने कहा कि किसानों को वर्ष 2019 से धान तथा मक्का लगाने वाले किसानों को सहकारी समिति के माध्यम उपार्जित मात्रा के आधार पर अधिकतम 10 हजार रूपए प्रति एकड़ की दर से प्रदान की जाएगी। शासन द्वारा 2018-19 में सहकारी शक्कर कारखानों के माध्यम से खरीदे गए गन्ना के मात्रा के आधार पर 50 रूपए प्रति क्विंटल की दर से प्रोत्साहन राशि भी प्रदान किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत खरीफ 2020 में इसमें धान, मक्का, सोयाबीन, मुंगफल्ली, तिल, अरहर, मूंग, उड़द, कुलथी, रांगतिल, कोदो, कुटकी तथा रबी में गन्ना फसल को शामिल किया। उन्होंने किसानों से कहा कि बारिश के पहले ही खाद एवं बीज का अग्रिम उठाव कर लें। लॉकडाउन के समय को देखते हुए सजगता से यह कार्य करें। वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी ओपी सिंह ने कहा कि शासन की ओर से 2500 रूपए के समर्थन मूल्य में धान की खरीदी की गई है वहीं कर्ज माफी भी किया गया है और शासन किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने किसानों से कहा कि फसल विविधिकरण को अपनाएं तो इससे लाभ मिलेगा। उप सरपंच लोकेश्वर देवांगन इस अवसर पर उपस्थित थे। डिप्टी प्रोजेक्टर ऑफिसर आत्मा राजू कुमार ने कहा कि सभी किसान इस योजना से अधिक से अधिक लाभ उठाए और उन्होंने किसानों को मेढ़ में अरहर भी लगाने के लिए प्रोत्साहित किया।

मजदूरों को साबुन सैनिटाइजर और साबुन का वितरण

खरोरा। श्रीमती समिधा अभिषेक तिवारी द्वारा सोशल मीडिया से पैसे एकत्रित करके मनरेगा खरोरा में काम करने वालो 750 कर्मचारियों को सैनिटाइजर और savlon साबुन वितरित किया गया।

ग्राम तुलसी में पहुंचा दान रथ

खरोरा। ग्राम पंचायत तुलसी (सोनभटटा) में कोविड 19 के तहत दान रथ जिसमें हकदर्शिका विशु वर्मा एवं संजना कुर्रे के अगुवाई में ग्राम तुलसी के दानदाताओं के द्वारा तीन क्विंटल चावल एवं सभी समूह से राशन सामग्री जिसमें शक्कर ,साबुन , हल्दी ,निरमा ,आदि का दान दिया गया।

नाकतोड़े समेत 43 आरआई को पदोन्नती, नायब तहसीलदार बने

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन ने शुक्रवार को 43 राजस्व निरीक्षकों को नायब तहसीलदार के पद पर पदोन्नत कर इनकी नवीन पदस्थापना की है। वेतन मेट्रिक्स लेवल 8 में इनकी पदोन्नती की गई है। पदोन्नत होने वालों में जागेश्वर नाकतोड़े भी शामिल हैं। नाकतोड़े की वर्तमान पदस्थापना रायपुर जिले में है, जबकि आदेश के मुताबिक उनकी नवीन पस्थापना नवा रायपुर अटलनगर विकास

प्राधिकरण होगी।

इन्हें भी मिली पदोन्नती

घनश्याम बघेल, शिवशंकर साहू, बृजबिलास मिश्रा, राजेश सोमवंशी, जवाहर सिंह मार्को, सुशील कुमार कुलमित्र, शिवनंदन साकेत, ओमप्रकाश तिवारी, दयाराम साहू, परमानंद कौशिक, सत्यनारायण देवांगन, रामसेवक सोनी, हीरालाल देवांगन, अखिलेश कुमार, भगवना दास द्विवेदी, भगवानदास कुशवाह, श्रीकांत पांडेय, रमेश कुमार मिश्रा, राममिलन शर्मा, भरतलाल ब्रम्हे, देशकुमार कुर्रे, तुकाराम डहरे, रूपलाल ठाकुर, पदुमलाल पाटनवार, राजकुमार आवड़े, जयेंद्र लाल देवांगन, प्रकाश यादव, यादवराम साहू, मोहन झारिया, वेदकुमार सोनकर, कैलाश श्रीवास्तव, रामसेवक पांडेय, राजेंद्र कुमार चंद्राकर, मोरध्वज साहू, रवि पांडेय, सहोदर राम, गणेशराम यदु, प्रकाश सिंह ठाकुर, रामकुमार पैकरा, चंद्रकुमार सिन्हा, अशोक राजपूत व प्रदीप तिवारी।

राजीव गांधी के शहदत दिवस में कांग्रेसियों ने किया उन्हें याद

खरोरा। नगर के राजीव गांधी चौक करियादामा मे ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा छतीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष गिरीश देवागंन के उपस्थित मे राजीव गांधी के पुण्यतिथि शांति पाठ कर राजीव गांधी के प्रतिमा मे पुष्प अर्पित कर मनाया इस अवसर.पर कार्यक्रम मे उपस्थित प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष गिरीश देवागंन ने कहा कि राजीव गांधी देश के संचार क्रांति जनक थे वह अपनी राय बेबाकी से जनता के बीच मे रखने वाले नेता थे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव जी केन्द्र सरकार कि हर योजना देश के अतिम व्यक्ति तक पहुचाने का प्रयास किया,वही

कार्यक्रम मे उपस्थित कांग्रेस कमेटी केरायपुर जिला अध्यक्ष ग्रामीण उधोराम वर्मा व ब्लाक अध्यक्ष देवव्रत नायक ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री मंत्री राजीव गांधी को याद करते प्रधानमंत्री रहते देश के लिये किये कार्यो को याद किया इस अवसर पर अरविंद देवागंन पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, मंडल दास गिलहरे, अश्वनी वर्मा ,भरत कुम्भकार पार्षद, जुबैर अली पार्षद, कमल वर्मा ऐल्डर मेन, धनेश वर्मा , जितेन्द्र चन्द्राकर, सतोष गागुली, बालकिसन निर्मलकर, बलराम नशीने सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

पत्रकारों का रैपिड टेस्ट हुआ सभी की रिपोर्ट निगेटिव

खरोरा। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टी. एन. सिंहदेव ने कस्बे व ग्रामीण अंचल के संवाददाताओं के स्वास्थ्य व सुरक्षा के विषय को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य विभाग को इन संवाददाताओं के कोरोना टेस्ट के निर्देश दिये थे जिसके चलते खरोरा अंचल के 15 संवादाताओ के एतिहाद के रूप मे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खरोरा मे रेपिड किट से कोरोना वायरस संक्रमण की जांच की गई जांच उपरांत सभी की रिपोर्ट निगेटिव आयी उक्ताशय की जानकारी श्रमजीवी पत्रकार संघ के ब्लाक अध्यक्ष निलेश गोयल ने दी है

बी. एम. ओ आशीष सिन्हा ने बताया कि वैश्विक महामारी की जंग मे कस्बे व ग्रामीण अंचल के संवाददाताओं की महत्वपूर्ण सहभागिता है अतः ऐतियातन संवाददाताओं के स्वास्थ्य की जांच की गई है।

ईश्तहार

[illegible]

प्रथम पृष्ठ का शेष...

सीजी आवास लागू...

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा एक खिड़की प्रणाली के सुव्यवस्थित संचालन के लिए प्रत्येक जिले के अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रत्येक आवेदन एडीएम के माध्यम से संबंधित विभागों को अग्रिम कार्यवाही के लिए अग्रेषित किया जाएगा तथा संबंधित विभागों से अनुमति प्राप्त होने पर एडीएम के माध्यम से ही सभी विभागों की अनुमतियों की अंतिम स्वीकृति प्रदान की जाएगी। जिले के संबंधित कलेक्टर द्वारा उपरोक्त प्रक्रियां के तहत् प्राप्त आवेदनों की समीक्षा जिले में हर सप्ताह होने वाली समय-सीमा की बैठक में की जाएगी।

छत्तीसगढ़ की खाद्य...

कि छत्तीसगढ़ से 24 लाख मीट्रिक टन चावल सेंट्रल पूल में लेने की अनुमति मिली है। उन्होंने इसे बढ़ाकर 32 लाख मीट्रिक टन करने का अनुरोध केन्द्रीय खाद्य मंत्री से किया। पासवान ने सेंट्रल पूल में चावल 8 लाख मीट्रिक टन बढ़ाने के संबंध में सकारात्मक जवाब दिए हैं। एफसीआई ने भी अतिरिक्त चावल लेने पर सहमति जतायी है।

दिल्ली के पैकेज पर...

ग्रामीण अर्थव्यवस्था फल फूल रही है। दरअसल वे खुद ही काश्तकार हैं तो उन्हें या दीगर काश्तकारों को इसे समझने के लिए किसी राकेट साइंस की जरूरत नहीं है। किसानों ,मजदूरों, ग्रामीणों के हाथ में जाने वाला पैसा ही तो बाजार में आ रहा है, जिससे बाजार का दूसरा सेगमेन्ट फल फूल रहा है। फर्क सिर्फ इतना हैं कि देश का 70 और छत्तीसगढ़ का 85 फीसदी ग्रामीण तबका व्यापार के उस पाखंड को नहीं समझ पा रहा है, जिसके चलते गांव का गरीब और गरीब होता जा रहा है और शेयर बाजार के कृत्रिम उतार चढ़ाव का पाखंड अमीर-गरीब की खाई को चौड़ा कर रहा है। इस खाई को पाटने के लिहाज से राजीव गांधी न्याय योजना के मूल को समझने के लिए यह काफी है कि मनरेगा जैसी योजनाओं ने गांवों में पैसे का फ्लो बढ़ाया वही पैसा बाजार में आया। ग्रामीण अर्थतंत्र मजबूत होने लगा तो कारपोरेट सेक्टर को रास नहीं आया और इसे कमजोर करने के प्रयास हुए लेकिन कोरोना की महामारी ने इसकी महत्ता को साबित किया। कमोबेश कुछ ऐसी ही राजीव गांधी न्याय योजना भी है। जिस दिन कारपोरेट को लगेगा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था सबल हो रही है, इसे नेस्तनाबूत करने नए पाखंड के साथ वे पुनः अवतरित होगें। इसके लिए राज्य सरकार को अपने स्तर पर सतर्क रहने की जरूरत है।

3 डिस्चार्ज, 40 नए...

की बात करें तो यह आंकड़ा 172 हो गया है। इनमें से 62 डिस्चार्ज हो गए हैं और 110 एक्टिव बचे हैं। कोरबा के जिन 12 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई वे प्रवासी श्रमिक हैं, जो उत्तर प्रदेश व महाराष्ट्र के अलग-अलग शहरों से लौटे थे। इन्हें शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल कुदुरमाल में बनाये गये क्वारंटाइन सेंटर में ठहराया गया था। इनकी रिपोर्ट पाजिटिव आते ही कलेक्टर किरण कौशल सहित मेडिकल टीम और वरिष्ठ अधिकारी तत्काल कुदुरमाल के सेंटर पहुंचे। यहां उन्होंने चारों तरफ से सील क्वारंटाइन सेंटर को पूर्ण सेनेटाइजेशन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मजदूरों की ट्रेवल हिस्ट्र और संपर्क में आये लोगों की जानकारी ली। कलेक्टर की मौजूदगी में ही पूरे सुरक्षा मापदण्डों के साथ सभी संक्रमित मरीजों को चार एंबुलेंस से इलाज के लिए बिलासपुर और रायपुर के माना स्थित विशेष कोविड अस्पताल भेज दिया गया। सात को रायपुर के माना में स्थित कोविड अस्पताल और पांच को बिलासपुर के कोविड अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

पाकिस्तानः घरों से टकराकर...

करीब आधा दर्जन घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त बताए जा रहे हैं। पाकिस्तान की फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग पर काबू पाने में जुटी हैं। बता दें कि कोरोना वायरस लॉकडाउन के चलते घरेलू उड़ानें देश में बंद की गईं थीं जिन्हें पिछले हफ्ते शनिवार को ही दोबारा शुरू किया गया था।

प. बंगाल के लिए...

लेकिन कोविड-19 के कारण ऐसा संभव नहीं है। नुकसान कम से कम हो यह सुनिश्चित करने के लिए राज्य और केन्द्र सरकार ने मिलकर काम किया है। हम करीब 70 लोगों की जिंदगी नहीं बचा सके जिसका हमें बहुत ही दुख है। दुख की इस घड़ी में हम मृतकों के परिजनों के साथ खड़े हुए हैं। केन्द्र की ओर से पश्चिम बंगाल को तत्काल एक हजार करोड़ रुपये की सहायता राशि मुहैया कराई जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल में तूफान के कारण मरने वाले लोगों के परिजनों को केन्द्र सरकार की ओर से दो-दो लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाएगी।

रेपो- रिवर्स रेपो रेट में...

साथ ही कर्ज चुकाने में भी राहत देने की अवधि बढ़ायी गयी है। पहले भी तीन महीने की मई तक की छूट दी गई थी। आरबीआई ने मार्च से लेकर मई तक सभी सावधि कर्ज के भुगतान पर तीन महीने की छूट दी थी। तीन और महीनों के लिए राहत मिलने से अब अगस्त तक भुगतान करना जरूरी नहीं होगा।

हिमालयी क्षेत्र में...

यह एक और चुनौती हो सकती है।

विकास खण्डों को बांटा...

इन्हें छोड़ सभी विकासखंड ग्रीन जोन में

इस सूची में कुछ ऐसे भी विकासखंडों को ऑरेंज जोन में शामिल किया गया है जहां पॉजिटिव केस नहीं है लेकिन प्रति लाख जनसंख्या पर सैंपल जांच की दर कम है। इस सूची के विकासखंडों को छोड़ सभी विकासखंड ग्रीन जोन में हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 22 मई की स्थिति के आधार पर यह वर्गीकरण किया गया है। इसे हर सोमवार को अद्यतन किया जाएगा। विभाग ने कलेक्टरों एवं जिला दंडाधिकारियों द्वारा घोषित कोविड-19 प्रभावित कंटेमेंट जोन की सूची भी जारी की है। प्रदेश में 21 मई की स्थिति में कंटेमेंट जोन घोषित क्षेत्रों की संख्या 44 है।

आरेंज जोन...

बस्तर जिलाः किलेपाल, नानगुढ़, बकावन, बेमेतरः नवागढ़, बीजापुर जिलाः भैरमगढ़, दंतेवाड़ा जिलाः गीदम, धमतरी जिलाः गुजरा, कुरुद, मगरलोद, नगरी, धमतरी शहरी, दुर्ग जिलाः पाटन निकुम, मुंगेली जिलाः लोरमी, मुंगेली, रायगढ़ जिलाः लैलूंगा, धरमजयगढ़, राजनांदगांव जिलाः मोहला, घुमका, छुरिया, डोंगरगांव, डोंगरगढ़, सरगुजा जिलाः मैनपाट, अंबिकापुर, बतौली, लखनपुर, लुंड्रा, उदयपुर, सीतापुर, कांकेर जिलाः दुर्गुकोंदल, कांकेर भानुप्रताप, रायपुर जिलाः अभनपुर, आरंग, धरसींवा, रायपुर शहरी, बलरामपुर जिला : कुसमी राजपुर, शंकरगढ़, रामानुजगंज, वाड्रफ नगर, गरियाबंद जिलाः राजिम, जशपुर जिलाः पत्थलगांव बगीचा, कोंडागांव जिलाः फरसगांव, कोरिया जिलाः भरतपुर खड़गवां, महासमुंद जिलाः बागबहारा, महासमुंद, पिथौरा, बसना, सरायपाली, सूरजपुर जिलाः सूरजपुर, ओड़गी, रामानुजनगर, कवर्धा जिलाः सहसपुर- लोहारा, पंडरिया, बिलासपुर जिलाः कोटा, बिल्हा, बिलासपुर शहरी, रायगढ़ जिलाः बरमकेला, सारंगगढ़ फरसिया, लैलूंगा, धरमजयगढ़ एवं रायगढ़ शहरी।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, दुर्ग (छ.ग.)
पता- नया बस स्टैण्ड के पीछे, गौरव पथ, दुर्ग
फोन एवं फैक्स- 0788-2322148
Email ID-durgmc2017@gmail.com

क्रं./ज.प्र.वि./2020-21/44 दुर्ग, दिनांक 22.05.2020

नगर पालिक निगम, दुर्ग के द्वारा प्रदायकर्ता फर्मों से जो डीलर/सबडीलर/ अधिकृत विक्रेता होना चाहिए, निम्नांकित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	वार्ड क्र./कार्य का नाम	अनु. लागत (रु. लाख में)	निविदा जारी दिनांक
1.	MACHINARY MATERIAL PURCHASE YEAR 2020-21 DURG (C.G) (नॉन एस.ओ.आर.) System No. 64271 Date 21.05.2020 (NIT No.956)	रु.24,60,000.00	दिनांक 21.05.2020 से 10.06.2020 खोलने की तिथि 12.06.2020

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाइड में डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, दुर्ग

कार्यालय कलेक्टर (जिला निर्माण समिति)
जिला - बस्तर, जगदलपुर

निआसू क्रमांक 09/नि.लि./जि.नि.स./2020-21 जगदलपुर, दिनांक 19/05/2020

अल्पकालिन मैन्युअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत ''डी'' श्रेणी एवं ऊपर में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैन्युअल पद्धति से कार्यालयीन समय में आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 04/06/2020
2. निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि - 10/06/2020
3. निविदा प्रपत्र खुलने की तिथि - 11/06/2020

स. क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु.लाख में)	अमानत राशि रु. में
1	2	3	4
1.	बस्तर जिले के विकासखण्ड बकावण्ड में ग्राम पण्डानार के समीप पण्डानार स्टापडेम का निर्माण कार्य। (कलेक्टर सेक्टर खनिज संस्थान न्यास (DMFT) मद जमा कार्य)	46.66 लाख	35,000/-

रिमार्क :- 1. निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. 3000/-
2. कार्य पूर्ण करने की समयावधि - 08 माह वर्षाकाल सहित।

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, निविदा विज्ञप्ति, निविदा प्रपत्र एवं निविदा से संबंधित अन्य विवरण संबंधी जानकारी कार्यालयीन अवधि में नोडल अधिकारी, जिला निर्माण समिति , कार्यपालन अभियंता टी.डी.पी.पी. जल संसाधन संभाग, जगदलपुर से प्राप्त की जा सकती है।

अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित
कलेक्टर
(जिला निर्माण समिति)
जिला बस्तर जगदलपुर
जी-80946/4

(नोडल अधिकारी)
जिला निर्माण समिति
कार्यपालन अभियंता
टी.डी.पी.पी. जल संसाधन संभाग
जगदलपुर

छ.ग. स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन
प्रधान कार्यालय ग्राम-झांझ, सेक्टर-24, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)

क्रं./छगवेका/निर्माण/2020-21/4570 रायपुर, दि. 21.05.2020

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना
Main Portal : https://eproc.cgstate.gov.in/

छ.ग. स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन के प्रबंध संचालक की ओर से ऑनलाईन निविदाएं छ.ग. शासन के लो. नि.वि. में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र अ में लो.नि.वि. दर अनुसूची से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रण सूचना के अंतर्गत टेण्डर नं. 64217 शाखा करपावंड (जिला बस्तर) में 5400 मे. टन, टेण्डर नं. 64220 शाखा सुकमा (जिला सुकमा) में 3600 मे. टन, टेण्डर नं. 64221 शाखा सारंगढ़ (जिला रायगढ़) में 2800 मे. टन, टेण्डर नं. 64226 शाखा तिल्दा (जिला रायपुर) में 50000 मे. टन, टेण्डर नं. 64233 शाखा चांपा (जिला जांजगीर-चांपा) में 50000 मे. टन, टेण्डर नं. 64240 शाखा जशपुर (जिला जशपुर) में 9000 मे. टन, टेण्डर नं. 64263 शाखा बतौली (जिला सरगुजा) में 20000 मे. टन, टेण्डर नं. 64267 शाखा लखनपुर (जिला सरगुजा) में 9000 मे. टन, टेण्डर नं. 64272 शाखा बोड़सागर (जिला जांजगीर) में 10000 मे. टन, टेण्डर नं. 64275 शाखा बगीचा (जिला जशपुर) में 9000 मे. टन एवं टेण्डर नं. 64319 शाखा सूरजपुर (जिला सूरजपुर) में (सेल्फ सपोर्टेड रूफिंग) 15000 मे. टन क्षमता गोदाम निर्माण कार्य की पृथक- पृथक निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की अंतिम तिथि दिनांक 25.06.2020 तक है। निविदा की विस्तृत जानकारी Help-desk Contractors may contact e-procurement help desk for any clarification of their doubts regarding the on line process. For more details, please get in touch with e-Procurement system integrator, M/s Mjunction Services Limited, Raipur 492 001 on Toll free 18002582502 or email helpdesk.eproc.@cgswan.gov.in. Any further amendment/corrigendum for the tender will be published only online on the https://eproc.cgstate.gov.in/

संवाद-25462/1 कार्यपालन अभियंता (समिति)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि. वि/यां संभाग रायपुर छ.ग.
निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-2128/NIT-6/2020-2021/व ले लि दिनांक 20/05/2020

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम/ NoOfCalls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3
E/f work to OW/MOW/Deposit/Annual Maintenance work		
6 T0053	at Saraipali Section under PWD E/M Sub division Mahasamund (Zonal work) प्रथम आमंत्रण	5.00
6 T0054	at Mahasamund , Pithora and Baghbehra Section under PWD E/M Sub division Mahasamund (Zonal work) प्रथम आमंत्रण	5.00
6 T0055	Providing Ammual Maintenance work of Air conditioners at various Govt. Building under PWD E/M Sub division Mahasamund (Zonal work) प्रथम आमंत्रण	3.00
6 T0056	E/f work to OW/MOW/SR/Deposit work for Residential and Non Residential building under E/M Sub division DKS (M) Raipur (Zonal work) प्रथम आमंत्रण	15.00
6 T0057	E/f work to ordinary repair work at Pandri, Labhandi, Tikrapara, Trimurti Nagar Section under PWD E/M Sub division DKS (M) Raipur (Zonal work) प्रथम आमंत्रण	10.00
Providing Electrification work		
6 T0058	at Circuit House Section under PWD e/M Sub division workshop (Zonal work) प्रथम आमंत्रण	18.50
6 T0059	at Minister Bunglow Section under PWD E/M Sub division workshop Raipur (Zonal work) प्रथम आमंत्रण	18.50
6 T0060	at Rajbhawan Section under PWD E/M Sub division workshop Raipur (Zonal work) प्रथम आमंत्रण	18.50
6 T0061	Providing Repairung and Maintenance of Unclog pumps and electrical works including all lead and lift installed at carioud Railway under bridge under PWD E/M Sub division workshop Raipur (Zonal work) प्रथम आमंत्रण	18.50

नोट :- निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 09/06/2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।
शर्तें :- उपरोक्त कार्यों के आबंटन प्राप्त होने पर ही नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जावेगी।

जी-80955/2

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. वि/यां संभाग
रायपुर (छत्तीसगढ़)

न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ/6 वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रामचन्द्र दुबे पिता स्व. प्रेमप्रसाद दुबे साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्रमांक 15बी भूखण्ड क्र. 6/1 क्षेत्रफल 61.40 वर्गमीटर भूखण्ड गोदा दुबे आ. जगन्नाथ प्रसाद दुबे एवं रामचन्द्र दुबे आ. प्रेमप्रसाद दुबे के नाम दर्ज है, जिसके सह धारक गोंदा बाई की मृत्यु दिनांक 22.03.2020 को हो जाने एवं पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 28.11.2008 को आवेदक के नाम पर वसीयत किए जाने के फलस्वरूप भूखण्ड को आवेदक के नाम नामांतरण किए जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 19.06.2020 को नियत की गई है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति एवं संस्था को किसी प्रकार की दावा आपत्ति पेश करना है तो स्वयं या विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से नियत तिथि के पूर्व कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.5.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 21.5.2020
पेशी दिनांक 19.6.2020

सील

नजूल जांच अधिकारी
जिला-कबीरधाम

कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 552/2019-20
वार्ड का नाम- मदर टेरेसा- 43

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मदर टेरेसा-43 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 431 श्याम नगर जो कि निगम अभिलेख में श्री भगक्त सिंग छाबड़ा, अमरजीत सिंग, इकबाल सिंग के नाम से दर्ज है, जिसको श्री अमरजीत सिंग छाबड़ा पिता स्व. त्रिलोक सिंग छाबड़ा ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।

जोन कमिश्नर
जोन क्र.-04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
-:: निविदा आमंत्रण सूचना ::-

क्रमांक 13/न.पा.नि./जोन क्र.-6/2020 रायपुर, दिनांक 18/05/2020

नगर पालिक निगम, रायपुर जोन क्रमांक 06 द्वारा निम्न कार्य हेतु निर्धारित SOR (निविदा दिनांक तक संशोधित) पर लोक कर्म विभाग से पंजीकृत ठेकेदारों (ई-रजिस्ट्रेशन ''डी'' एवं उससे ऊपर) से दो लिफाफा पद्धति के अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसमें (1) लिफाफा अ में कार्य हेतु निर्धारित अमानत राशि का FDR जो कि आयुक्त नगर पालिका निगम रायपुर के नाम से देय हो। (2) लिफाफा ''ब'' में सीलबंद निविदाएं पृथक-पृथक लिफाफे में आमंत्रित की जाती है जिसमें निविदा हेतु आवश्यक दस्तावेज संलग्न किया जाना अनिवार्य है। इन कार्यों का निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु दिनांक 03/06/2020 तक निर्धारित राशि सहित आवेदन कार्यालयीन अवधि में जमा किया जाकर निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र एवं निविदा हेतु आवश्यक दस्तावेज दिनांक 09/06/2020 तक पंजीकृत बैंक डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से सायं 3.00 बजे तक कार्यालय जोन कमिश्नर जोन क्रमांक 06 नगर पालिक निगम, भाठागांव, रायपुर (छ.ग.) में प्राप्त होना अनिवार्य है। प्राप्त समस्त निविदाएं दिनांक 09/06/2020 को 4.00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। निविदा आमंत्रित कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य का विवरण	आगणित राशि (लाख में)	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	एस.ओ.आर.	समय अवधि
1	कोविड-19 कोरोना वायरस के अतिसंक्रमण के रोकथाम हेतु निम्नानुसार सामग्री उपलब्ध कराया जाना है :- (1) हाथ गाड़ी (2 चक्का हाथ ट्राली)- 54 नग (2) रिक्शा (3 चक्का ट्राली रिक्शा)- 18 नग (3) 120 लीटर डस्ट बिन (2 चक्का लगा हुआ) - 36 नग	928800.00	27900.00	750.00	Item rate	15 दिन

- कार्य के निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न की जाने वाली आवश्यक दस्तावेज निम्नानुसार है :-
(1) अमानती राशि का एफ.डी.आर. आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के पदनाम से मूलप्रति पृथक लिफाफे में रजिस्टर्ड डाक/ स्पीड पोस्ट से स्वीकार की जावेगी। (2) निविदाकारों द्वारा निविदा के साथ (a) Bank Solvancy (b) Valid Registration Certificate (c) तीन साल का ITR (इनकम टैक्स रिटर्न) एवं तीन माह का GSTR की प्रति व जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन की छायाप्रति संलग्न करे (3) संलग्न प्रपत्रों की सत्यता एवं काली सूची में न होने बाबत् शपथ पत्र संलग्न करें।

टीप :- निविदा जमा करने की तिथि एवं खोलने के तिथि में किसी वजह से अवकाश घोषित होता है, तो वह आगामी कार्यालयीन दिवस में किया जावेगा। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार आयुक्त नगर पालिक निगम, रायपुर के पास सुरक्षित होगा। निविदा के नियमों एवं शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा एवं निविदा से संबंधित अन्य जानकारी व शर्तें कार्यालयीन अवधि में प्राप्त की जा सकती है।

पेयजल, सड़कबत्ती, सफाई समस्या निराकरण संपर्क निदान-1100

कार्यपालन अभियंता
जोन क्रमांक 06
नगर पालिक निगम, रायपुर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान हुई 20 साल की

अनन्या पांडे ने कहा- तुम हमेशा मेरी बेबी रहोगी

नई दिल्ली। शाहरुख खान की लाडली सुहाना खान का आज बर्थडे है। सुहाना 20 साल की हो गई हैं। सुहाना के बर्थडे पर उनकी दोस्त अनन्या पांडे ने उन्हें विश किया है। अनन्या ने सुहाना के साथ बीच के पास की फोटो शेयर की है। अनन्या ने फोटो शेयर करते हुए लिखा, मैं 2 चीजों को बहुत मिस कर रही हूं, बाहर घूमना और सुहाना को। हैप्पी 20 बर्थडे सुहाना...लेकिन तुम हमेशा मेरी बेबी रहोगी। अनन्या के इस पोस्ट पर सुहाना ने कमेंट किया, आई लव यू और मिस यू। बता दें कि अनन्या और सुहाना बेस्ट फ्रेंड्स हैं। दोनों साथ में खूब पार्टी करते रहते हैं। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर भी दोनों एक दूसरे के साथ मजाक करते रहते हैं।

दरअसल, कुछ दिनों पहले गौरी ने सुहाना की कुछ फोटोज शेयर की थी। फोटोज में सुहाना ने जो टॉप पहना था वो अनन्या को इतना पसंद आया कि उन्होंने कमेंट कर कहा कि वह सुहाना से वो टॉप लेना चाहती हैं। अनन्या ने कमेंट किया था, मुझे ये टॉप बहुत पसंद आया, लेकिन तुम मुझे नहीं दोगी सुहाना खान।

फिर वायरल हुई मुमताज के निधन की अफवाह

बोलीं- लोग मुझे मारना क्यों चाहते हैं

नई दिल्ली। 70 के दशक की पॉपुलर एक्ट्रेस मुमताज को लेकर एक बार फिर गलत खबरें वायरल हो रही हैं। हाल ही में मुमताज के निधन की झूठी खबरें आई जिससे एक्ट्रेस भी परेशान हो गई हैं। मुमताज ने टाइम्स ऑफ इंडिया से बात करते हुए इन खबरों को लेकर कहा, 'मैं अभी जिंदा हूं और बिल्कुल हट्टी-कट्टी हूं। मुझे खुशी हुई कि किसी ने कॉल करके मुझसे कंफर्म तो किया। मुझे समझ नहीं आता कोई ऐसा क्यों करता है। पिछले साल भी ऐसी खबरें आई थी जिससे मेरा परिवार और बाकी रिश्तेदार परेशान हो गए थे।' मुमताज ने आगे कहा, 'इन दिनों मैं अपने परिवार के साथ लंदन में हूं। लॉकडाउन की वजह से हम सभी घर में बंद हैं। लेकिन हाल ही में मेरे मरने की झूठी खबरें सुनकर मेरे सभी रिश्तेदार परेशान हो गए थे।

प्रीति जिंटा ने लॉकडाउन में फिट रहने के लिए ढूंढा तरीका

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड की बबली गर्ल प्रीति जिंटा ने लॉकडाउन में फिट रहने का नया तरीका ढूंढ निकाला है। कोरोना वायरस के कारण सभी बॉलीवुड सितारे इन दिनों लॉकडाउन हैं और क्वारंटीन में समय बिता रहे हैं। सभी कलाकार फिट रहने की भी पूरी कोशिश कर रहे हैं। वहीं, प्रीति जिंटा ने लॉकडाउन में एक्सरसाइज का नया तरीका ढूंढ निकाला है। प्रीति जिंटा ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह लैंप के सहारे वर्कआउट करती नजर आ रही हैं। प्रीति जिंटा का यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है, साथ ही लोग इसपर जमकर कमेंट भी कर रहे हैं।

प्रीति जिंटा के इस वीडियो में उनकी एनर्जी और अंदाज देखने लायक है। इसमें प्रीति येलो टी-शर्ट और ब्लैक टाइट्स में नजर आ रही हैं। वीडियो को शेयर करते हुए प्रीति जिंटा ने लिखा, क्वारंटीन के दौरान फिट रहने का नया तरीका ढूंढ निकाला है। साधारण शब्दों में, जुगाड़ ऐसा होता है।

सोनाक्षी के खिलाफ धोखाधड़ी मामले में चार्जशीट दाखिल

मुरादाबाद। आखिरकार पुलिस ने दबंग गर्ल सोनाक्षी सिन्हा धोखाधड़ी मामले में चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी है। लंबे समय से धोखाधड़ी का शिकार इवेंट मैनेजर अधिकारियों के यहां गुहार लगा रहा था। डीजीपी से लेकर मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को भी ट्विटर के माध्यम से पीड़ित ने न्याय दिलाने की मांग की थी। कटघर के शिवपुरी कालोनी निवासी प्रमोद शर्मा ने पंद्रह माह पूर्व दिल्ली में कार्यक्रम आयोजित किया था। इसमें शामिल होने के लिए टैलेंट फुलऑन और एक्सीड एंटरटेनमेंट कंपनी के माध्यम से फिल्म अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा से कार्यक्रम में परफॉर्मेंस के लिए करार हुआ था। इसके लिए प्रमोशनल वीडियो भी जारी किया गया था। सोनाक्षी सिन्हा ने कार्यक्रम में आने के लिए अलग-अलग किश्त में 29.92 लाख रुपए का भुगतान लिया था।

टैलेंट फुलऑन के अभिषेक सिन्हा को छह लाख 48 हजार रुपए दिए गए थे। तय तारीख को सुबह फोन कर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्लेन का दूसरा टिकट कराया गया था। इसके बाद भी सोनाक्षी सिन्हा नहीं आईं थीं।

'कृष 4' में 17 साल बाद हो सकती है एलियन जादू की वापसी

ऋतिक रोशन ने दिया हिंट

नई दिल्ली। ऋषिक रोशन की पॉप्युलर फ्रेंचाइजी की फिल्म कृष 4 को लेकर काफी समय के तरह-तरह की खबरें आ रही हैं। कई बार बताया गया कि फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। इसकी कहानी को दमदार बनाने में राकेश रोशन अपने राइटर्स के साथ खूब मेहनत कर रहे हैं। अब कृष 4 को लेकर खबर आई है कि इसमें एक बार एलियन जादू नजर आ सकता है। मुंबई मिरर की एक रिपोर्ट के अनुसार 'कृष 4' कैरेक्टर एलियन जादू की वापसी हो सकती है। 'राकेश और ऋतिक अपने लेखकों की टीम के साथ यह विचार कर रहे हैं कि कृष की कहानी को आगे कैसे लेकर जाना है ? उन्होंने कुछ आइडिया निकाले हैं, जिनमें से एक जादू को फिल्म में दोबारा लाना है। यह भी बताया गया है कि इस आइडिया लगभग मुहर लगा दी गई है। अगर ऐसा होता है तो 17 साल बाद एक बार फिर दर्शक जादू को देख पाएंगे। मुंबई मिरर के साथ बातचीत में ऋतिक ने भी जादू की वापसी की ओर इशारा किया था। उन्होंने कहा था कि दुनिया अब जादू के साथ कुछ कर सकती है। गौरतलब है कि इस फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म कोई मिल गया में एलियन जादू नजर आया था। यह किरदार इंद्रवर्धन पुरोहित ने निभाया था, जो एक बौने कद के कलाकार हैं। हालांकि 2014 में उनका निधन हो चुका है।

खिलाड़ियों को विदेशी लीग की इजाजत दे बीसीसीआई: उथप्पा

नई दिल्ली (वार्ता)। बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा का कहना है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को भारतीय खिलाड़ियों को विदेशी टी-20 लीग में खेलने की इजाजत देनी चाहिए।

बीसीसीआई के नियमानुसार किसी भारतीय खिलाड़ी को विदेशी लीग में खेलने की इजाजत नहीं है। इससे पहले ऑलराउंडर सुरेश रैना और इरफ़ान पठान ने भी कहा था कि गैर अनुबंधित खिलाड़ियों को विदेशी टी-20 टूर्नामेंट में खेलने की इजाजत मिलनी चाहिए। उथप्पा ने बीबीसी से कहा, ÷हमें विदेशी लीग में खेलने की इजाजत मिलनी चाहिए। हमें बुरा लगता है जब हमें विदेशी लीग में खेलने जाने नहीं दिया जाता। अगर हमें कुछ लीग में खेलने दिया जाए तो यह खिलाड़ियों के लिए अच्छा होगा क्योंकि एक खिलाड़ी के लिए खेल के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानना बहुत जरुरी है। स्मृति मंधाना और हरमनप्रीत कौर जैसी भारतीय महिला क्रिकेटर ऑस्ट्रेलिया की महिला बिग बैश लीग तथा इंग्लैंड की सुपर लीग में खेलती हैं लेकिन पुरुष क्रिकेटरों की इसकी इजाजत नहीं है। 2017 में ऐसी खबर आयी थी कि यूसुफ पठान को हांगकांग ब्लिटज टूर्नामेंट में खेलने की इजाजत दी गयी है लेकिन बाद में इसका खंडन किया गया था।

उथप्पा को हालांकि बीसीसीआई के अध्यक्ष सौरभ गांगुली से बहुत उम्मीदें हैं और उनका मानना है कि वह इस बारे में खिलाड़ियों के हित में फैसला लेंगे। उथप्पा ने कहा, ÷गांगुली आगे की सोच रखने वाले व्यक्ति हैं और वह भारत क्रिकेट को अगले स्तर पर ले जाने वाले व्यक्ति हैं। मुझे उम्मीद है कि वह इस बारे में फैसला लेंगे। इससे पहले रैना और इरफ़ान ने भी कहा था कि जो खिलाड़ी राष्ट्रीय अनुबंध में शामिल नहीं हैं उन्हें विदेशी टी-20 लीग में खेलने की अनुमति दी जानी चाहिए।

जल्द ही मेरठ में खुलेगा यूपी का पहला खेल विश्वविद्यालय

लखनऊ (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में बनने वाले खेल विश्वविद्यालय का मसौदा राज्य सरकार ने तैयार कर लिया है जिसे पश्चिम उत्तर प्रदेश के मेरठ में स्थापित किया जायेगा। राज्य सरकार जल्द ही इस संबंध में विधेयक को मंजूरी देगी।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इसके लिये मेरठ मे 25 एकड़ जमीन की पहचान भी कर ली गई है। राज्य सरकार ने पहला खेल विश्वविद्यालय खोलने का फैसला इसी महीने लिया था और इसके लिये विधेयक बनाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई थी। पहले इसे राजधानी के गुरू गोविंद सिंह खेल कालेज में बनाने की योजना थी लेकिन बाद में इस विचार को बदल दिया गया और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसी जिले में खोलने का निर्णय लिया गया और काफी सोच विचार के बाद इसके लिये मेरठ का चयन किया गया। इसके लिये निर्माण एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट भी राज्य सरकार को सौंप दी है। राज्य के खेल विभाग ने मेरठ जिला प्रशासन को उपलब्ध जमीन का पूरा ब्योरा देने का निर्देश दिया है। दूसरी ओर मेरठ जिला प्रशासन ने उपलब्ध जमीन के बारे में राज्य सरकार को पूरी जानकारी दे दी है। विश्वविद्यालय में खिलाड़ियों को उच्च गुणवत्ता वाला प्रशिक्षण दिया जायेगा ताकि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन कर सकें।

भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज की संभावना प्रबल: रॉबर्ट्स

मेलबोर्न (वार्ता)। कोरोना वायरस के कारण दुनियाभर में खेल गतिविधियां ठप्प होने के बीच क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी केविन रॉबर्ट्स का मानना है कि भारत के साल के अंत में होने वाले ऑस्ट्रेलिया दौरे की प्रबल संभावना है।

भारत को साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया के साथ चार टेस्ट और तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलनी है लेकिन कोरोना के कारण इसके आयोजन पर खतरा मंडरा रहा है। सीए के लिए भारत दौरा वित्तीय तौर पर भी बहुत अहम है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से भी इस दौरे को लेकर सकारात्मक बात चल रही है। इस बीच कोरोना वायरस के खतरे के कारण मुकाबलों को दर्शकों के बिना और सीमित आयोजन स्थल पर कराने की चर्चा भी चल रही है। रॉबर्ट्स ने कहा, ÷मौजूदा स्थिति में अभी कुछ स्पष्ट नहीं है। मैं यह नहीं कह सकता कि दौरा होगा लेकिन हां दौरे की संभावना प्रबल है।

2021 में होगी अबु धाबी विश्व तैराकी चैंपियनशिप

जेनेवा (वार्ता)। विश्व तैराकी नियंत्रण संस्था (फ़ीना) ने गुरूवार को घोषणा की कि अबु धाबी में दिसम्बर में होने वाली विश्व तैराकी चैंपियनशिप अब 2021 में होगी।

फ़ीना ने एक बयान जारी कर बताया कि कोरोना के कारण चैंपियनशिप को एक साल आगे खिसका दिया गया है। यह चैंपियनशिप अब 13-18 दिसम्बर 2021 तक होगी जबकि विश्व तैराकी सम्मेलन अबु धाबी में 10-12 दिसम्बर 2021 तक होगा। फ़ीना ने इससे पहले जापान के फुकुओका में 2021 की गर्मियों में होने वाली फ़ीना विश्व चैंपियनशिप को 2022 के लिए खिसका दिया था ताकि इसका टोक्यो ओलम्पिक से टकराव नहीं हो। फुकुओका विश्व चैंपियनशिप 13-29 मई 2022 तक होगी। फ़ीना विश्व मास्टर्स चैंपियनशिप 31 मई से नौ जून 2022 तक क्यूशू द्वीप पर होगी।

दक्षिण सूडान ने 2020 फुटबॉल सत्र रद्द किया

जुबा (वार्ता)। दक्षिण सूडान फुटबॉल संघ (एसएसएफए) ने कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए 2020 फुटबॉल सत्र को स्थगित कर दिया है। एसएसएफए ने बुधवार को बोर्ड निदेशकों की आपात बैठक बुलाई जिसमें प्रीमियर लीग को बिना विजेता घोषित किए रद्द करने का फैसला किया गया। एसएसएफए ने देश की सभी स्थानीय लीग को बिना रेलीगेशन के या टीम को प्रमोट किए बिना रद्द कर दिया।

गॉवर के बाद स्मिथ का सुझाव- गांगुली बने आईसीसी अध्यक्ष

जोहानसबर्ग (वार्ता)। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान डेविड गॉवर के बाद दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) के निदेशक ग्रीम स्मिथ ने भी सुझाव दिया है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष सौरभ गांगुली जैसे अनुभवी व्यक्ति का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का अध्यक्ष बनना चाहिए।

फाउल ने कहा, मैंने गांगुली के साथ ज्यादा क्रिकेट नहीं खेला है इसलिए स्मिथ के बराबर मैं उन्हें नहीं जानता लेकिन यह स्मिथ का स्टाइल है और वह खुल कर गांगुली के समर्थन में आए हैं जो वाकई बेहतरीन है। उन्होंने कहा, अगर हम आईसीसी अध्यक्ष पद के लिए भारत के उम्मीदवार का समर्थन करते हैं तो इसमें कुछ दिक्कत नहीं है और हम ऐसा कर सकते हैं।

स्मिथ ने गुरूवार को कहा कि गांगुली जैसे अनुभवी खिलाड़ी के इस पद पर बैठने से क्रिकेट को फायदा मिलेगा। गांगुली और स्मिथ दोनों ही खिलाड़ी अपनी टीम के कप्तान और बेहतरीन बल्लेबाज रह चुके हैं। स्मिथ से पहले इंग्लैंड के पूर्व कप्तान और बाएं हाथ के स्टाइलिश बल्लेबाज गॉवर ने कहा था कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष गांगुली में एक अच्छे प्रशासक के सभी गुण मौजूद हैं और वह भविष्य में क्रिकेट की विश्व संस्था आईसीसी के अध्यक्ष बन सकते हैं। स्मिथ ने कहा, ÷क्रिकेट के लिए एक अच्छा नेतृत्व बहुत जरुरी है और इस पद पर किसी ऐसे व्यक्ति का होना महत्वपूर्ण है जो आधुनिक खेल और आने वाली चुनौतियों को बखूबी समझता है। आईसीसी का अध्यक्ष एक बड़ा पद है और गांगुली जैसे व्यक्ति का इस पद पर होना खेल के लिए बेहतर होगा। उन्होंने कहा, गांगुली का आईसीसी अध्यक्ष बनना आधुनिक खेल के लिए अच्छा होगा। वह खेल को बेहतर तरीके से समझते हैं और उन्होंने शीर्ष स्तर पर इसे खेला है और टीम का नेतृत्व भी किया है। क्रिकेट को आगे ले जाने के लिए उनका नेतृत्व बेहतरीन साबित हो सकता है। उनका आईसीसी अध्यक्ष बनना सुखद होगा। स्मिथ ने कहा, ÷कोरोना के खतरे के बाद जब क्रिकेट दोबारा शुरु होगा तो हमें एक मजबूत नेतृत्व की जरुरत होगी और ऐसे में गांगुली जैसा व्यक्ति इस पद के लिए सबसे बेहतर विकल्प होगा। मैं उन्हें अच्छे से जानता हूं और मैंने उनके खिलाफ क्रिकेट भी खेला है। मैंने प्रशासक के रुप में भी उनके साथ काम किया है।

उन्होंने कहा, ÷गांगुली के पास वो विश्वसनीयता और कुशल नेतृत्व की क्षमता है जो क्रिकेट को आगे बढ़ाने में मदद कर सकता है। मौजूदा हालात में आईसीसी अध्यक्ष का पद संभालने के लिए उनके पास कई कौशल है। सीएसए के निदेशक ने कहा, ÷हमें पता है कि आईसीसी अध्यक्ष पद के लिए चुनाव आ रहे हैं और इस दौड़ में कई नाम शामिल हैं लेकिन मेरे ख्याल से गांगुली जैसा व्यक्ति जो आधुनिक क्रिकेट को बखूबी समझते हो, उनका इस पद पर होना बेहतर विकल्प होगा। सीएसए के कार्यकारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी जैक फाउल ने भी गांगुली के आईसीसी के अध्यक्ष बनने का समर्थन किया।

लार की आदत से छुटकारा पाने के लिए अभ्यास जरूरी: अश्विन

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि गेंद पर मुंह की लार का इस्तेमाल करने की आदत से छुटकारा पाने के लिए उन्हें अभ्यास करना होगा। क्रिकेट में गेंद पर चमक लाने के लिए लार का इस्तेमाल करना दशकों पुरानी परंपरा है लेकिन मुंह से होने वाले बीमारी कोरोना वायरस के बढ़ते खतरे को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की तकनीकी समिति ने गेंद पर लार के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की है। तकनीकी समिति के अध्यक्ष भारत के पूर्व लेग स्पिनर और कप्तान अनिल कुंबले हैं। अश्विन ने अपनी टीम के इंस्टाग्राम लाइव सत्र में कहा, ÷मेरे लिए एक गेंदबाज के रूप में गेंद पर लार लगाना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है और इससे बचने के लिए मुझे अभ्यास करना होगा ताकि यह आदत छूट सके। 33 वर्षीय अश्विन ने कहा कि कोरोना के बाद की दुनिया में गेंदबाज अब विकेट लेने के बाद उस अंदाज में टीम साथियों के साथ जश्न नहीं मना पाएंगे जैसे पहले मनाया करते थे।

न्यूज गैलरी

बेमेतरा जिले में मिला पहला कोरोना पॉजिटिव केस

बेमेतरा/साजा । बेमेतरा जिले मे आज एक कोरोना सक्रमित व्यक्ति के रुप मे पहचान हुई है। जिले के मुख्यचिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एसके शर्मा ने बताया कि बेमेतरा जिले में आज एक नया कोरोना पॉजिटिव केस की पुष्टि हुई है। जो कि उक्त 33 वर्षीय व्यक्ति प्रवासी मजदूर के रुप मे आगरा (उ.प्र.) से लौटा था और उसे क्वारंटाइन सेंटर में रखा गया था। सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने बताया कि कोरोना पॉजिटिव की पुष्टि होने के बाद उक्त नए केस को उपचार के लिए रायपुर रवाना किया गया है। कलेक्टर शिव अनंत तायल ने जिले के आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घरों में सुरक्षित रहें, अनावश्यक घरों से बाहर न निकलें। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें और मास्क का उपयोग करें।

मुख्यमंत्री ने टेमरी सड़क हादसे में 2 मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रूपए सहायता की घोषणा की

बेमेतरा/साजा। बेमेतरा जिले के नवागढ़ विकासखण्ड के नांदघाट थाना के अंतर्गत रायपुर, बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग ग्राम टेमरी मे गुरुवार 21 मई 2020 को सवेरे लगभग 8 बजे एक यात्री बस एवं ट्रेलर की आमने सामने टक्कर से बस मे सवार एक श्रमिक एवं बस के वाहन चालक की मौत हो गई। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सड़क हाद्से पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इस घटना मे 2 मृतक के परिजनों को 4-4 लाख रु. की आर्थिक सहायता की घोषणा की है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नवागढ़ ने बताया कि उक्त बस राजनांदगांव (बागनदी चेक पोस्ट) से बिलासपुर प्रवासी मजदूरों को छोड़ने जा रही थी। प्रवासी मजदूरों से भरी बस (52 सीटर) है जिसका बस नं. (ष्ट्त 08 रू 0565) एवं ट्रेलर का नं. (ष्ट्त 10 क्र1584) है, जो आपस मे टकरा गई। बस मे प्रवासी मजदूरों की संख्या लगभग 42 थी, जिसमे मुंगेली, बिलासपुर, जांजगीर चांपा, झारखण्ड एवं बिहार के मजदूर जा रहे थे। घटना स्थल पर बस ड्राइवर गुहाराम सोनवानी वार्ड नं.-13 सतनामी पारा राजनांदगांव (छ.ग.) एवं प्रवासी मजदूर देवनाथ पिता मनमोहन सिंह निवासी ग्राम गोलाघाट जिला कठीयार बिहार, की मृत्यु हो गई। ट्रेलर ड्राइवर पालदास पिता भगेला निवासी रतनपुर जिला बिलासपुर जो बिलासपुर से रायपुर की ओर कोयला से भरा ट्रेलर ले के जा रहा था।

नसबंदी के दौरान महिला की मौत

बेमेतरा/साजा। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट शिव अनंत तायल ने एक आदेश जारी कर बेमेतरा के एक निजी अस्पताल का अनुज्ञापन (लाइसेंस) 6 माह के लिए निलंबित कर 20 हजार रु. का जुर्माना लगाया है। उक्त निजी अस्पताल मे नसबन्दी के दौरान एक महिला की मौत हो गई थी। छ.ग. राज्य उपचारगृह तथा रोगोपचार संबंधित स्थापनाएं अनुज्ञापन अधिनियम 2010, 2012 की बिंदु क्रमांक 09 के अनुसार निजी अस्पताल ÷बेमेतरा हेल्थ केयर÷ का अनुज्ञापन (लाइसेंस) दिनांक 11 मई 2020 से 6 माहके लिए निलंबित किया जाकर छ.ग. राज्य उपचर्यागृह तथा रोगोपचार संबंधी स्थापनाएं अनुज्ञापन अधिनियम 2010, 2013 अध्याय 3 की बिंदु क्रमांक 12 की कंडिका 2 के अनुसार 20 हजार रु. का जुर्माना लगाया गया है। कलेक्टर ने अस्पताल प्रबंधन को डीमांण्ड ड्राप्ट बनाकर 7 दिवस के भीतर राशि जमा करने को कहा है।

शिक्षा स्थाई समिति की बैठक आयोजित

बेमेतरा/साजा। जिला पंचायत कार्यालय बेमेतरा के सभा कक्ष में आज गुरुवार को दोपहर जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय तिवारी एवं अध्यक्ष शिक्षा स्थायी समिति बेमेतरा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुआ। अध्यक्ष द्वारा निम्न पद से उच्च पद के एरियर्स भुगतान के संबंध में चर्चा किया गया जिसमें विकासखण्ड बेरला 39, वि.ख.साजा 15, वि.ख. नवागढ़ 06 एवं वि.ख.बेमेतरा 23 शिक्षकों का एरियर्स भुगतान के संबंध में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई। श्रीमती पुष्पा साहू सभापति, जिला पंचायत सदस्य द्वारा जिले में अध्यापन व्यवस्था सत् समाप्त होने के कारण तत्काल मूल संस्था के लिए वापस करने की बात रखी। अंजू बघेल, जिला पंचायत सदस्य, वि.ख. नवागढ़ मुर्रा स्कूल के अहाता निर्माण एवं दो अतिरिक्त कमरा एवं चक्रवाय स्कूल के दो स्कूल मैदान के समतलीकरण का भौतिक भी सत्यापन एवं जांच करने की बात कही गई।

जिले में पढ़ई तुंहर द्वार के उत्साह जनक परिणाम

बेमेतरा/साजा। जिले में लॉकडाउन के दौरान बच्चों के लिए नियमित रूप से सफ्लतापूर्वक कक्षा संचालन किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा सी.एस. ध्रुव के मार्गदर्शन में 4 अप्रैल से चल रहे जिला स्तरीय आनलाइन वर्चुअल क्लास में अभीतक 45 कालखण्ड सम्पन्न किए जा चुके है।

कक्षा समयसारणी के अनुसार कक्षा 10वीं की कक्षा प्रतिदिन दोपहर 1.00 बजे 11वीं, 12 वीं की कक्षा दोपहर 2.00 और 3.00 बजे से ली जा रही है। कल शासकीय हायरसेकण्डरी देवरबीजा (बेरला) की शिक्षिका श्रीमती सुदेशा चटर्जी द्वारा रसायन शास्त्र अंतर्गत विलियन पाठ को पीपीटी के माध्यम से रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। प्रस्तुतीकरण के दौरान बच्चों से पश्न भी पूछे गए और बच्चों के कठिनाई का शंका समाधान किया गया।

देर रात आने वाली ट्रेनों से भी आ रहे हैं श्रमिक

- **जम्मू से आये 278,लख़नऊ के 448 श्रमिको को भेजा सेंटर में**

भाटापारा। उत्तरप्रदेश के लखनऊ और जम्मू से देर रात मज़दूरों को लेकर विशेष रेलगाड़ी भाटापारा स्टेशन पहुंची। इस ट्रेन में बलौदा बाजार कवर्धा जिले के अलावा कुछ श्रमिक रायपुर और महासमुंद जिले के भी उतर गए,जिन्हें स्थानीय प्रशासन ने मेडिकल जाँच करने के पश्चात उनके गृह जिला बस से रवाना कर दिया गया।

भाटापारा स्टेशन में लगातार मजदूरो का आना लगा हुआ है। मुम्बई अहमदाबाद, पुणे,लखनऊ, दिल्ली, कानपूर ,भोपाल,सुबेरगंज , अमृतसर आदि जगहों से आई ट्रेनों में प्रवासी मजदूर यहाँ पर उतर रहे है। यहाँ पर उतरने वाले सभी मजदूरो की बकायदा थर्मल स्क्रीनिंग के बाद उनको खाने पिने का पैकेट देकर उन्हें उनके गृह जिले,ब्लाक के लिए बस से रवाना किया जाता है। प्रवासी मजदूरो को ले जाने आई सभी बसो को सेनेटरीज़ किया जाता है और बस की क्षमता से कम मजदूरो को बैठकर उन्हें रवाना किया जाता है।श्रमिक मजदूरो को बस से रवाना करने के बाद दूसरी ट्रैन आने के पूर्व जिला कलेक्टर कार्तिकेय गोयल के निर्देश पर स्टेशन को सेनेट्रीज़ किया जाता है।

श्रमिक ट्रैन लगातार विलम्ब से आने के बाद भी एस डी ?म महेश सिंह राजपूत,तहसीलदार प्रवीण तिवारी,थानेदार महेश कुमार धुव,आरपीएफ प्रभारी केपीएस गुर्जर अपनी टीम के साथ डटे रहते है।गुरूवार को आधी रात आई जम्मूतवी ट्रैन से 278 मजदूर यहाँ उतरे जिन्हें इसी जिले के होने के कारण उन सभी को उनके ब्लाक के क्वार टाईन सेंटर में भेज दिया गया,उसी तरह आधी रात के तीसरे पहर पर लगभग 14 घण्टे देर से लखनऊ से आई ट्रैन में 448 श्रमिको को कवर्धा और बलौदा बाजर जिले के लिए रवाना किया गया। बुधवार की रात को भी अमृतसर से आई ट्रेन के श्रमिको को सेंटर भेजा गया था।वही पुणे से भी गुरुवार की अल सुबह पहुँची ट्रैन के 391 यात्रियो को जाँच उपरांत उनका स्वास्थ्य परीक्षण कराकर अपने गांव के आसपास के क्वारंटाइन सेन्टर के लिए रवाना किया गया। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल और एसपी श्री प्रशांत ठाकुर के नेतृत्व में सम्पूर्ण प्रक्रिया शांतिपूर्ण और सुरक्षित रूप से सम्पन्न हो रही है।कुछ मज़दूरों का स्वाब नमूना भी कोरोना परीक्षण के लिए लिया गया।

4 चोकड़ी ने संभाल रखी कमान

भाटापारा स्टेशन के बाहर जिला प्रशासन के निर्देशो का पालन करते हुए पूरी व्यवस्था की कमान एसडीएम महेश सिंह राजपूत ,तहसीलदार प्रवीण तिवारी थानेदार महेश धुव ने संभाल रखी है तो आरपीएफप्रभारी केपीएस गुर्जर प्लेटफार्म में यात्रियो को उतरनेऔर दी गई जवाबदारी का अपने अधिनसतो के साथ में मिलकर स्वयं वहा रहते हुए अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन कर रहे है।

राजीव गांधी किसान न्याय योजना का आगाज

- **जिले के 1.50 लाख किसानों को मिला फ़ायदा, किसानों में खुशी की लहर**

भाटापारा। पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न से सम्मानित श्री राजीव गांधी की शहादत दिवस के मौके पर आज छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित राजीव गांधी किसान न्याय योजना का आगाज हुआ। श्रीमती सोनिया गांधी एवं श्री राहुल गांधी की नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फेंसिंग के जरिये विशेष मौजूदगी में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के जरिये राजधानी रायपुर से इस महत्वाकांक्षी योजना का शुभारंभ किया। उनके एक क्लिक से ही राज्य के लगभग 19 लाख किसानों के खातों में 1500 करोड़ रूपये की प्रथम किश्त की कृषि आदान सहायता राशि जमा हो गई। योजना के अंतर्गत खरीफधान, मक्का एवं रबी गन्ना उत्पादक लगभग 19 लाख किसानों को राज्य सरकार द्वारा लगभग 5700 करोड़ रूपये की राशि 4 किश्तों में जमा की जायेगी। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के लगभग 1 लाख 50 हजार किसानों को इस योजना का फायदा मिला है। उन्हें प्रति एकड़ अधिकतम 10 हजार रूपये के हिसाब से साल भर में लगभग 444 करोड़ की राशि मिलेगी। प्रथम किश्त के तौर पर उन्हें लगभग 116 करोड़ 60 लाख की राशि बैंक खातों में जमा करा दी गई है। खरीफ सीजन के शुरूआत में नगद राशि मिलने से जिले के किसानों में खुशी की लहर व्याप्त है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री राकेश वर्मा, कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल, जिला पंचायत के सीईओ श्री आशुतोष पाण्डेय यहां कलेक्टोरेट के एनआईसी कक्ष में आयोजित वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये शुभारंभ समारोह में शामिल हुये।

क्वारंटाईन सेंटर में गूंजी किलकारी

भाटापारा। बुधवार को ग्राम पंचायत कोदवा के कोरोनटाइन सेंटर मे श्रीमती रामप्यारी पति पारस वर्मा ने एक कन्या को जन्म दिया। सेंटर में प्रवासी मजदूर के लड़की जन्म लेने की खबर से जनपद प्रतिनिधि परमेश्वर वर्मा सरपंच श्रीमती बेदेश्वरी बलदेव वर्मा कोरोनटाइन सेंटर पहुँचे। सरपंच ने इस दौरान प्रसूता की हर सम्भव मदद की।

सुहागिनों ने की वट वृक्ष की पूजा

भाटापारा। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति के दीर्घायु जीवन की कामना को लेकर शुक्रवार को वट सावित्री व्रत रखा। नए परिधानों में सुसज्जित हो सुहागिन महिलाएं समूह में लोकगीत गाते हुए क्षेत्र के पुराने वट वृक्ष के समीप पहुंची। वट वृक्ष पर जलाभिषेक कर अपने पति की अमर सुहाग दीर्घायु होने की कामना की। वट वृक्ष के अलावे मंदिरों पूजन को लेकर महिलाओं के व्दारा वर्तमान में कोरोना वायरस कोविड 19 के तहत सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुये दिखा । अखंड सौभाग्य की प्राप्ति एवं पति के स्वस्थ्य दीर्घायु जीवन की कामना को लेकर सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री पर्व के अवसर पर पुरोहितों से वट सावित्री व्रत की कथा सुनकर दान पुण्य किया।

किसानों को सम्मान पहुंचाने पर भूपेश सरकार का आभार : दिलीप ओगरे

गंडई पंडरिया। राजनांदगांव जिला युवा कांग्रेस के महासचिव व नगर पंचायत गंडई के पार्षद दिलीप ओगरे ने गंडई परिक्षेत्र के किसानों की ओर से प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त किया। ओगरे एक किसान है और सेवा सहकारी समिति गंडई के सदस्य भी है, उनका कहना है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में जब से कांग्रेस की सरकार आई है किसानों का हर संभव मदद करते आ रही हैं। उन्होंने अपने घोषणा पत्र के वादा पूरा करते आ रहें हैं। अपने घोषणा पत्र के अनुसार किसानों के कर्जमाफी किया, धान के समर्थन मुल्या 2500 रूपये जो दे रहे हैं। किसानों के जल कर 207 करोड़ रुपये माफ किया बस्तर में आदिवासियों की जमीन वापसी कराई। केन्द्र सरकार के लगातार दबाव बनाने के बाद भी छत्तीसगढ़ के किसानों के आनाज को 2500 में खरीद कर दिखा दिया और अंतर की राशि को देने के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री राजीव गाँधी किसान न्याय योजना के तहत सिधा किसानों के खाते में डाला।

कंप्यूटर युग के प्रेणता थे राजीव, पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी

- **सोशल डिस्टेंसिग का पालन कर कांग्रेसियों ने किया नमन**

लवन। भारत रत्न देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 129 वी पुण्यतिथि नगर पंचायत लवन के अमर मिश्रा के निवास पर कांग्रेसियों द्वारा स्व. राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पण किये। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने संचार क्रांति में दिये योगदान के लिए स्व. राजीव गांधी को याद किया। इस मौके पर कांग्रेस नेता अमर मिश्रा व अजय ताम्रकार ने कहा युवा शक्ति की जरूरत को राजीव गांधी ने महसूस किया था। इसलिए उन्होंने दो अस्त्र युवाओं के हाथों में सौंपे थे। एक 18 वर्ष में मताधिकार का और दूसरा कंप्यूटर। आज घर में रहकर भी रोजगार के साथ युवा जी रहा है, खा रहा है सो रहा है, यह चमत्कार राजीव गांधी ने कर दिखाया था। जिस डिजिटल इंडिया की बात आज की जा रही है वह कब का राजीव ने भारत को बना दिया था दूसरा अवसर था वोट देने का। इस अवसर पर प्रवासी मजदूरों को फ्ल, बिस्किट और दूध का भी वितरण किया गया। इस दौरान, जिला महामंत्री कांग्रेस कमेटी अमर मिश्रा प्रदेश सचिव सेवादल अजय ताम्रकार, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मनोज पांडे, नगर पंचायत के एल्डरमैन गोपीचंद साहू गुरुदयाल साहू, राकेश राके, सरवन ढीमर ओमप्रकाश तिवारी, संतोष साहू सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित हुए जिसमें सोशल डिस्टेंसिंग का पूर्ण रुप से पालन किया गया।

कोरोना में लापरवाही, एडीईओ निलंबित

भाटापारा। विश्व्यापी कोरोना संकट काल मे एक ओर जहां कई विभागों शासकीय कर्मचारी दिन रात 24 घन्टे आम जनता के प्रति सजग होकर कोरोना वायरस के खिलाफलडाई लड़ रहे है। वहीं कुछ कर्मचारी राष्ट्रीय आपदा के समय अपने जिम्मेदारी एवं कर्तव्यों से पीछे हट रहे है। इनके जिम्मेदारी से पीछे हटने के चलते आम जनता को काफी तकलीफउठाना पड़ रहा है। जिसके चलते जिला कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ आशुतोष पांडेय ने सख्त सन्देश देते हुए आम जनता के प्रति लापरवाही बरतने वाले शासकीय कर्मचारियों पर कार्रवाई करते हुए आज एक सहायक विकास विस्तार अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। सिमगा जनपद के अंतर्गत एडीइओ के रूप में पदस्थ सुश्री अंजुलिका कोसले विगत 24 मार्च से 10 मई तक कार्यालय से अनाधिकृत रूप से लगातार अनुपस्थित रहने के चलते एवं स्पष्टीकरण का जवाब भी उनके द्वारा नही दिया गया। साथ ही उनके द्वारा लगातार मोबाईल बंद रखा गया है। कोविड 19 के संक्रमण काल के दौरान श्रमिकों की सहायता के लिए लगाये ड्यूटी से स्थान से गायब रहने,अपने उच्च अधिकारियों के आदेशो का पालन नही करने एवं अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने के कारण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम,1966 के नियम 9(1) क के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

राजमहल पंडरिया में मनाई राजीव गांधी की 24वीं पुण्यतिथि

गंडई पंडरिया। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्य तिथि राजमहल पंडरिया में बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई। इस मौके पर लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने कहा कि स्व. गांधी देश के हर वर्ग को साथ लेकर चलने वाले प्रधानमंत्री थे। देश के विकास में उनकी अग्रणी भूमिका रही। कंप्यूटर और मोबाइल युग उन्हीं की देन है। संचार क्रांति लाने वाले प्रधानमंत्री को देश कभी भूल नहीं पाएगा। जिला महासचिव व पार्षद दिलीप ओगरे ने कहा कि राजीव गांधी के बलिदान को न देश भूला है और न ही कभी भूल पाएगा, उनमें देश को आगे बढ़ाने की दृढ़ इच्छाशक्ति थी। ओगरे ने राजीव गांधी को 21वीं सदी का प्रेरणा श्रोत बताया। यहां स्व. राजीव गांधी के जीवन पर प्रकाश डाला। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 24वीं पुण्य तिथि मनाई। इस मौके पर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। जहाँ आधुनिक भारत के निर्माण में उनके योगदान को याद किया गया।

भूमि पूजन के बाद नाली निर्माण शुरू

गंडई पंडरिया। वार्ड वासियो की कई दीनों से बड़ी समस्या बनी हुई थी । जी की आज कई सालो के बाद सम्पन्न हुआ। कल 22 मई को नगर पंचायत गंडई के वार्ड नं 05 में नाली निर्माण के भूमि पूजन हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष संजय अग्रवालने दीप जलाकर भूमि पूजन का कार्य सम्पन्न हुआ। बताया जाता है की यह नाली का निर्माण 6.5 लाख की लागत से बन रहा है । कार्यक्रम के दौरान खास बात देखने को यह रही की कोरोना वाइरस की संक्रामक महामारी को देखते हुये वहा न ही सोसल डिस्टेन्स का पालन हुआ और नहीं कई लोगो के द्वारा माक्स का प्रयोग किया गया । पर मौके पर राकेश ताम्रकार, निर्मला तुम्मन साहू, भुपेन्द पटेल, नीलम नामदेव, क्रांति ताम्रकार, सूरज नामदेव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उक्त जानकारी पार्षद प्रतिनिधि टुम्मन साहू द्वारा मिली ।

छग मनवा कुर्मी समाज ने 21700 का किया दान

भाटापारा। वैश्विक महामारी करोना से किये जा रहें बचाव के मद्देनजर छ ग मनवा कुर्मी समाज भाटापारा शहर इकाई के 11 सदस्यों ने मुख्यमंत्री राहत सहायता कोष मे कुल 21700/रूपये का दान किया है। दान की यह राशि स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया की शाखा में 21 मई को जमा कराया गया। कुर्मी समाज के सदस्यों मे नगर प्रमुख लेखराम वर्मा संरक्षक एस आर वर्मा रमेश वर्मा आर के वर्मा हेमलाल वर्मा बुद्धेश्वर वर्मा के के वर्मा गिरधारी वर्मा श्रीमती गायत्री आडिल श्रीमती मधु बघमार एवं श्री हरिराम वर्मा है । इन दान दाताओं को मनवा कुर्मी समाज भाटापारा के तरफसे धन्यवाद देते हुए अन्य सदस्यों से ऐसी ही दान देने प्रेरित करने अपील की गई ।

इंतजाम — जिले में कोविड-19 केयर सेंटर का हुआ शुभारंभ

कोविड केयर में फीवर ओपीडी की व्यवस्था शुरू

बैकुंठपुर। जिला प्रशासन कोरिया कोरोना संक्रमण के खिलाफचल रही जंग में हर संभव प्रयास कर रहा है इसी कड़ी में कोविड केयर सेंटर का शुभारंभ गत दिवस बैकुंठपुर विधायक अंबिका सिंह देव की उपस्थिति में किया गया।जिसके पश्चात यहां फीवर ओपीडी की व्यवस्था भी शुरू कर दी गई है।वही शिफ्ट के अनुसार कर्मचारियों की डयूटी लगाया गया है ।

इस अवसर पर विधायक अंबिका सिंह देव ने कहा,÷कि देशभर के जिलों में कोविड-19 हॉस्पिटल व कोविड केयर सेंटर खोलने की कवायद शुरू हो चुकी है। जिससे जिले के संक्रमित लोगों को तत्काल कोविड केयर सेंटर में भर्ती कराकर जल्द से जल्द इलाज शुरू किया जा सके वही सुरुवात में यहाँ 50 बेड की व्यवस्था उपलब्ध होने की बात कही साथ ही कोरोना योद्धाओ के प्रति अपनी कृतज्ञता भी व्यक्त करते हुए उन्होने प्रशासन की तैयारियों की सराहना भी की।

विदित है कि इन दिनों प्रदेश में इस महामारी के दौरान एक्टिव केश की संख्या बढ़ती जा रही जिससे राज्य के हर जिला स्तर पर प्रारंभिक लछन मिलने पर कोविड सेंटर खोले जा रहे जहा क्लीनिक में सामान्य बीमारियों के साथ-साथ सर्दी-खांसी-जुखाम एवं बुखार से पीड़ित लोगों का चिकित्सकों द्वारा उपचार किया जायेगा और जरूरी परामर्श दिया जायेगा,आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सकों की सलाह पर कोविड टेस्ट के लिए सैम्पल भी लिये जायेंगे।

जाने क्या है कोविड सेंटर और कोविड हास्पिटल

कोविड केयर सेंटर ,अस्थायी व्यवस्था के तहत तैयार किया जा सकता है इसमें छात्रावास या स्कूल परिसर भी हो सकता है, जबकि कोविड स्वास्थ्य केंद्र में एक अस्पताल या एक कोरोना संक्रमित ब्लॉक होना आवश्यक है. इसमें संक्रमण के जोखिम से बचने के लिए प्रवेश और निकास द्वार अलग-अलग होने चाहिए।

गांव-गांव में मनरेगा मजदूरों से मिले कांग्रेस नेता सुशील शर्मा

भाठापारा। प्रदेश कांग्रेस सचिव सुशील शर्मा आज ग्राम धोराभाटा,कोसमन्दा,गुडेलिया,बोरसी घ,चिचपोल, में मनरेगा के तहत तालाब निर्माण कार्यो का जायजा लेते हुए,सैकड़ो मज़दूरों से मुलाकात की और कार्य के दौरान दूरियां बनाकर कार्य करते रहने की सलाह दी शुशील शर्मा ने मजदूरो को बताया की-कोरोना वायरस के चलते आज गांव गांव में गरीबों, किसानों और मज़दूरों के जीवन का मनरेगा ही सही सहारा साबित हो रहा है।आज मज़दूरो को भरपूर मात्रा मे कार्य सरकार उपलब्ध करा रही है। श्री शर्मा ने मज़दूरों को बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री,भारत रत्न स्व.राजीव गांधी के शहादत दिवस 21 मई के दिन प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल किसानों के लिये राजीव गांधी किसान न्याय योजना की शुरुवात की हैं।

न्यूज गैलरी

एक अप्रैल से 26242 करोड़ रुपये के रिफंड जारी

नई दिल्ली (वार्ता)। केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने इस वर्ष एक अप्रैल से 21 मई तक कुल मिलाकर 26242 करोड़ रुपये के रिफंड जारी किये हैं। सीबीडीटी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि 1581906 करोड़ आयकरदाताओं को कुल 14632 करोड़ रुपये के रिफंड किये गये हैं। इसके साथ ही 102392 करदाताओं को 11610 करोड़ रुपये के कार्पोरेट कर रिफंड किये गये हैं।

बयान में कहा गया है कि पिछले सप्ताह वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत की गयी घोषणाओं के बाद से रिफंड में और तेजी लायी गयी है। सीबीडीटी ने गत 16 मई को समाप्त सप्ताह में 37531 आयकरदाताओं को 2050.61 करोड़ रुपये के रिफंड जारी किये गये हैं। इसी तरह से इस दौरान 2878 करदाताओं को 867.62 करोड़ रुपये के कार्पोरेट कर रिफंड किये गये हैं।

रुपया 34 पैसे कमजोर

मुंबई (वार्ता)। दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर में रही तेजी के दबाव में अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया शुक्रवार को 34 पैसे फिसलकर 75.95 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया। पिछले कारोबारी दिवस भारतीय मुद्रा 19 पैसे की मजबूती के साथ 75.61 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी।

रुपये पर आज आरंभ से ही दबाव रहा। यह 11 टूटकर 75.72 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और इसके बाद इसकी गिरावट बढ़ती गयी। कारोबार समाप्ति तक यह 75.95 रुपये प्रति डॉलर तक टूट गया। इस प्रकार गुरुवार के मुकाबले इसमें 34 पैसे की गिरावट रही। दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर सूचकांक में 0.40 प्रतिशत से अधिक की तेजी से रुपये पर दबाव रहा। घरेलू शेयर बाजार में बिकवाली से भी कमजोर हुआ।

मूडीज ने बताया कब सुधरेगी भारत की अर्थव्यवस्था

नई दिल्ली। रेटिंग एजेंसी मूडीज इंवेस्टर्स सर्विस का अनुमान है कि 2020-21 में भारतीय अर्थव्यवस्था में गिरावट देखने को मिल सकती है। यह चार दशक में पहली बार होगा जब कोरोना वायरस महामारी की रोकथाम के लिये जारी 'लॉकडाउन (बंद) की वजह से खपत कम होने और कारोबारी गतिविधियां थमने से चुनौतियों का सामना कर रही घरेलू अर्थव्यवस्था में गिरावट आएगी। वहीं आज आरबीआई ने भी जीडीपी ग्रोथ निगेटिव होने की आशंका जताई है। मूडीज के मुताबिक कोरोना वायरस संकट से पहले भी भारत की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर धीमी पड़ गयी थी और यह छह वर्ष की सबसे निचली दर पर पहुंच गयी थी।

ऋण की किश्त चुकाने से और तीन महीने की राहत

कोरोना के कारण नीतिगत दरों में कमी

नई दिल्ली (वार्ता)। कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण से भारतीय अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने के उद्देश्य से रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने नीतिगत दरों में विशेषकर रेपो दर और रिवर्स रेपो दर में 40 आधार अंकों की शुक्रवार को कटौती करने की घोषणा की जिससे घर, कार और अन्य ऋण के सस्ते होने की उम्मीद बनी है।

रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने समिति की आज संपन्न तीन दिवसीय बैठक के बाद संवाददाताओं का यह जानकारी देते हुये कहा कि समिति ने कोरोना के कारण उत्पन्न घरेलू और वैश्विक स्थिति की समीक्षा की है और इस संबंध में हुयी विस्तृत चर्चा के बाद समिति ने बहुमत के आधार पर यह निर्णय लिया है। समिति के पांच सदस्य नीतिगत दरों में कटौती के पक्ष में मतदान किया जबकि एक ने विरोध में मत दिया।

उन्होंने कहा कि रेपो दर को वर्तमान के 4.40 प्रतिशत से 40 आधार अंक कम कर 4.0 प्रतिशत कर दिया गया है। इसी तरह से रिवर्स रेपो दर 3.75 प्रतिशत से घटकर 3.35 प्रतिशत पर और बैंक दर 4.65 प्रतिशत से कम होकर 4.25 प्रतिशत हो गयी है। इसी तरह से मार्जिनल स्टैंडिंग फैस्लीलिटी (एमएसएफ) भी 40 आधार अंक कम होकर 4.25 प्रतिशत पर आ गयी है।

> कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण के कारण लॉकडाउन के मद्देनजर रिजर्व बैंक ने ऋण की किश्त चुकाने से तीन महीने की और राहत देने की घोषणा की है। केन्द्रीय बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने मौद्रिक नीति समिति की बैठक के लिए गये निर्णयों की जानकारी देते हुये आज संवाददाताओं से कहा कि कर्ज की किश्ते चुकाने में राहत को अगस?त तक बढ़ाने का फैसला किया गया है। पूरे देश में लॉकडाउन की अवधि 31 मई तक बढ़ाए जाने के मद्देनजर केंद्रीय बैंक ने यह निर्णय लिया है।

कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण के कारण लॉकडाउन के मद्देनजर रिजर्व बैंक ने ऋण की किश्त चुकाने से तीन महीने की और राहत देने की घोषणा की है।

केन्द्रीय बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने मौद्रिक नीति समिति की बैठक के लिए गये निर्णयों की जानकारी देते हुये आज संवाददाताओं से कहा कि कर्ज की किश्ते चुकाने में राहत को अगस?त तक बढ़ाने का फैसला किया गया है। पूरे देश में लॉकडाउन की अवधि 31 मई तक बढ़ाए जाने के मद्देनजर केंद्रीय बैंक ने यह निर्णय लिया है।

श्री दास ने कहा कि रेपो दर और रिवर्स रेपो दर में 40 आधार अंकों की कमी किये जाने के साथ ही कर्ज चुकाने में भी राहत देने की अवधि बढ़ायी गयी है। पहले भी तीन महीने की मई तक की छूट दी गयी थी। आरबीआई ने मार्च से लेकर मई तक सभी सावधि ऋण के भुगतान पर तीन महीने की छूट दी थी। तीन और महीनों के लिए राहत मिलने से अब अगस्त तक भुगतान करना जरूरी नहीं होगा।

शेयर बाजार को रास नहीं आई आरबीआई की क्रेडिट पॉलिसी

सेंसेक्स 260 अंक तो निफ्टी 67 अंक फिसल कर बंद

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांत दास की घोषणाएं शेयर बाजार को रास नहीं आई। कोरोना वायरस महामारी की वजह से अर्थव्यवस्था को हुए नुकसान की तस्वीर सामने रखे जाने के बाद शेयर बाजार लुढ़क गए। आरबीआई की क्रेडिट पॉलिसी के बाद सेंसेक्स 260 अंक फिसल कर 30,672.59 के स्तर पर बंद हुआ वहीं निफ्टी भी 67.00 (0.74त्न) अंकों के नुकसान के साथ 9,039.25 के स्तर पर बंद हुआ। सबसे ज्यादा मार बैकिंग शेयरों पर पड़ी। निफ्टी में एक्सिस बैंक के शेयर 5.21 फीसद, आईसीआईसीआई के शेयर 6.12 फीसद, आरबीएल का स्टॉक 4.02 फीसद, इंडसइंड बैंक के शेयर 1.95 फीसद, फेडरल बैंक के शेयर 4.20 फीसद, एचडीएफसी बैंक के शेयर 1.97 फीसद और एसबीआई का 0.85 फीसद टूट गए।

आरबीआई की क्रेडिट पॉलिसी के बाद शेयर बाजार फिसल गया है। निफ्टी 9000 के नीचे आ गया है। वहीं बैंक शेयरों की सबसे ज्यादा पिटाई हो रही है। निफ्टी बैंक 3 फीसद से ज्यादा अंक गिर चुका है। सेंसेक्स 368.68 अंक फिसल कर 30,564.22 के स्तर पर आ गया है तो वहीं निफ्टी 107.40 (-1.18%) अंक लुढ़क कर 8,998.85 के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

विमान सेवा कंपनियों ने शुरू की बुकिंग

नई दिल्ली (वार्ता)। सरकारी विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया तथा अन्य एयरलाइंस ने 25 मई से दुबारा शुरू हो रही घरेलू उड़ानों के लिए आज बुकिंग शुरू कर दी। एयर इंडिया ने दोपहर बाद 12.30 बजे बुकिंग शुरू की। उसने एक बताया कि सीधे एयरलाइंस की वेबसाइट के अलावा उसके प्राधिकृत एजेंटों या बुकिंग कार्यालयों से भी टिकट बुक कराये जा सकते हैं। निजी एयरलाइंस विस्तारा ने भी एक प्रेस विज्ञप्ति में बुकिंग शुरू करने की घोषणा की। उसने बताया कि फिलहाल उड़ानों की संख्या कम रहेगी। सरकार ने अभी पूर्व में मंजूरी ग्रीष्मकालीन समय-सारणी की तुलना में एक-तिहाई उड़ानों के परिचालन की ही अनुमति दी है। किफायती विमान सेवा कंपनियों इंडिगो और स्पाइसजेट ने भी बुकिंग शुरू कर दी है। सभी एयरलाइंस ने यात्रियों से कोविड-19 के मद्देनजर सरकार द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

सरकार ने दो महीने के अंतराल के बाद 25 मई से कई शर्तों के साथ घरेलू उड़ानें शुरू करने की अनुमति दी है। कोविड-19 के मद्देनजर 25 मार्च से ही सभी घरेलू यात्री उड़ानें बंद थीं। उड़ानों की संख्या में कटौती के अलावा सरकार ने उड़ान समय के हिसाब से हर मार्ग का अधिकतम और न्यूनतम किराया भी तय कर दिया है। यात्रियों के लिए आरोग्य सेतु ऐप का इस्तेमाल और एक स्व घोषणापत्र अनिवार्य किया है।

कोरोना काल में चीन ने बढ़ाया अपना रक्षा बजट

बीजिंग। कोरोना महामारी से जहां हलकान दुनिया के अधिकतर देश अपनी अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं तो वहीं चीन अपना रक्षा बजट बढ़ाने में लगा है। चीन के वुहान शहर से ही निकला कोराना वायरस दुनिया भर में अब तक 50 लाख से अधिक लोगों को बीमार कर चुका है। वहीं कई देशों की अर्थव्यवस्था की कमर टूट गई है। कोरोना के कारण करोड़ों लोग बेरोजगार हो चुके हैं। चीन ने अपने रक्षा बजट को पिछले साल के 177.6 अरब डॉलर से बढ़ाकर 179 अरब डॉलर कर दिया है। यह भारत के रक्षा बजट का करीब तीन गुना है और अमेरिका के बाद दुनिया में सबसे अधिक। कोरोना वायरस के कारण अर्थव्यवस्था में आए भारी व्यवधान के चलते हाल के वर्षों में की गई ये सबसे कम बढ़ोतरी है।

वालमार्ट इंडिया रायपुर में पैरामिलिट्री, एनजीओ और चिकित्सा पेशेवरों को कर रही जरूरी चीज़ों की आपूर्ति

रायपुर (नव प्रदेश)। वालमार्ट इंडिया सदस्यता आधारित व्होलसेल प्लैटफॉर्म का संचालन करती है जहां से किराना दुकानदार, दफ्तर, संस्थान, होटल, रेस्टोरेंट व केटरर के साथ-साथ सेना व पैरामिलिट्री भी सामान खरीदते हैं जैसे राशन, पर्सनल केयर आदि। देश के 9 राज्यों में हमारे 28 बैस्ट प्राइस स्टोर हैं जो इस चुनौतीपूर्ण समय में अग्रिम मोर्चे पर रह कर समाज तक आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति कर रहे हैं।

वालमार्ट इंडिया के प्रवक्ता ने कहा, ''पिछले दो महीनों से बैस्ट प्राइस स्टोर, रायपुर के हमारे ऐसोसिएट्स अथक प्रयास करते हुए चिकित्सा पेशेवर, सेना व पैरा मिलिट्री व एनजीओ जैसे कोरोना योद्धाओं को आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति कर रहे हैं। रायपुर का बैस्ट प्राइस स्टोर पैरामिलिट्री को राशन की आपूर्ति कर रहा है जिनमें सीआरपीएफ की 65 बटालियन और आईटीबीपी की 44 बटालियन शामिल हैं। बैस्ट प्राइस ने 25 से अधिक एनजीओ को जरूरी चीजों की आपूर्ति की है जिनमें अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन भी है। ये सभी एनजीओ महामारी के इस मुश्किल समय में राहत कार्यों में लगे हैं और शहर में जरूरतमंद लोगों की मदद कर रहे हैं। इसके अलावा बैस्ट प्राइस ने एम्स रायपुर के डॉक्टरों व चिकित्साकर्मियों के लिए भी अपने द्वार खोल दिए हैं जो कि सबसे आगे रह कर इस महामारी से मुकाबला कर रहे हैं। बैस्ट प्राइस ने अपने ऐसोसिएट्स और स्टोर में खरीददारी हेतु आने वाले ग्राहकों के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय किए हैं। बैस्ट प्राइस स्टोर्स के फर्श पर पीली पट्टियां लगाई गई हैं और सभी सदस्य एक दूसरे से सुरक्षित दूरी पर रहें इसके लिए फर्श पर बॉक्स बनाए गए हैं।

कारोबार | **अमेज़न अपने ग्राहकों और देश के लिये महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है- सक्सेना**

अमेजन ने की 50,000 अंशकालिक नियुक्तियों की घोषणा

नई दिल्ली (वार्ता)। वैश्विक महामारी कोराना वायरस 'कोविड-19' के खिलाफ देश जहां सामाजिक दूरी का पालन कर इससे निपटने का प्रयास कर रहा है वहीं अमेजन इंडिया ने लोगों को अनिवार्य सेवा घर तक प्रदान कराने के लिए जरुरत के आधार पर 50 हजार अंशकालिक नियुक्तियां करने की घोषणा की है। ताकि लोगों को अपने घर से निकले बिना अपने परिवारों के लिये जरूरी चीजें मिल सकें।

अमेज़न इंडिया ने शुक्रवार को अपनी सेवा पर निर्भर लोगों की बढ़ती मांग के मद्देनजर उसकी पूर्ति करने के लिये जरूरत के आधार पर करीब 50,000 नियुक्तियों (सीजनल रोल्स) की घोषणा की है। ये नियुक्तियां खासकर उन लोगों के लिये, जो भीड़ में जाने के लिए सबसे ज्यादा संवेदनशील हैं। उसके फुलफिलमेन्ट सेंटर्स और डिलीवरी नेटवर्क में विभिन्न नियुक्तियाँ होगी। इसमें अमेज़न फ्लेक्स के साथ स्वतंत्र ठेकेदार के तौर पर अंश-कालिक लोचशील कार्य अवसरों भी शामिल हैं।

अमेजन इंडिया के उपाध्यक्ष अखिल सक्सेना ने कहा, ''कोविड-19 महामारी से हमने एक चीज सीखी है कि अमेज़न और ईकॉमर्स अपने ग्राहकों, छोटे व्यवसायों और देश के लिये कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

हमने इस जिम्मेदारी को गंभीरता से लिया है और हम इस ज़िम्मेदारी को गंभीरता से लेते हैं, और इस कठिन समय में छोटे और अन्य व्यवसायों को हमारे ग्राहकों तक पहुँचाने में हमारी टीम जो काम कर रही है हमें उस पर गर्व है। हम पूरे भारत में ग्राहकों को उनकी जरूरत की हर चीज पाने में मदद करना जारी रखना चाहते हैं, ताकि वे सामाजिक दूरी का पालन करते रहें। इसके लिये, हम अपने फुलफिलमेन्ट और डिलीवरी नेटवर्क में लगभग 50,000 सीजनल एसोसिएट्स के लिये काम के अवसर निर्मित कर रहे हैं। इससे महामारी के दौरान यथसंभव संख्या में लोगों को काम मिलेगा और काम के लिये एक सुरक्षित माहौल भी मिलेगा।'' उन्होंने कहा इन अवसरों का निर्माण करते हुए अमेज़न अपने एसोसिएट्स, पार्टनर्स, कर्मचारियों और ग्राहकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिये प्रतिबद्ध है और उनके कल्याण के लिये कई उपायों पर क्रियान्वयन कर चुका है। कंपनी ने अपने लोगों की सुरक्षा के लिये अपनी परिचालन प्रक्रिया में करीब 100 महत्वपूर्ण बदलाव किये हैं, जैसे चेहरा ढंकना अनिवार्य करना, भवनों में रोजाना तापमान की जाँच, सभी साइट्स पर सफाई के काम को तेज करना, बार-बार छूए जाने वाले एरियाज का नियमित सैनिटाइजेशन और हाथ धोने तथा हैण्ड सैनिटाइजेशन पर असोसिएट्स के बीच सुरक्षा सम्बंधी जागरूकता पैदा करना है।

जाह्नबी फूकन फिक्की एफएलओ की राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त

नई दिल्ली (वार्ता)। सुश्री जाह्नबी फूकन को फिक्की लेडीज़ ऑर्गनाइजेशन (एफएलओ) का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

फिक्की एफएलओ महिलाओं के नेतृत्व और उन पर केंद्रित बिजनेस चैंबर है और शीर्ष चैंबर फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) की महिला शाखा है। सुश्री फूकन ने 36वें एफएलओ वार्षिक बैठक में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला की उपस्थिति में निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष हरजिंदर कौर तलवार से कार्यभार ग्रहण किया। फिक्की एफएलओ देशभर में 17 चैप्टर से 8,000 से अधिक महिला उद्यमियों और पेशेवरों का प्रतिनिधित्व करता है और महिलाओं के लिए आर्थिक सशक्तिकरण एवं समान अवसरों को बढ़ावा देने की दिशा में काम करता है। सुश्री फूकन फिक्की एफएलओ की 37वीं राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर वह उद्यमशीलता क्षमताओं और पेशेवर उत्कृष्टता के साथ महिलाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करेंगी जिससे ये महिलाएं कोविड के उपरांत नए वातावरण में नयी चुनौतियों का सामना कर सकें और अवसरों का लाभ उठा सकें। फिक्की एफएलओ में हम विभिन्न स्तरों पर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने की दिशा में काम करते हैं, लेकिन आगे चलकर और मौजूदा समय के मुताबिक हमारा लक्ष्य महिलाओं के लिए टिकाऊ आजीविका के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करना होगा जिससे आगे और सशक्त हो सकें।

आज का भविष्यफल

मेषः मेष राशि के जातकों को आज अधीनस्थ कर्मचारियों को लेकर कुछ परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। कुछ जातकों को लंबे समय से अटके हुए कोर्ट-कचहरी के मामले आज निपटाने का दिन है।

वृषभः वृष राशि के जातकों को अपने उच्चाधिकारियों की बात को ध्यानपूर्वक समझ कर काम करना अच्छा रहेगा। ग्रहों की वक्री चाल उनकी निर्णय लेने की शक्ति पर नकारात्मक प्रभाव डाल रही है इसलिए सावधान होकर काम करना अच्छा रहेगा।

मिथुनः मिथुन राशि के जातकों का आज का दिन कार्यक्षेत्र में परिवर्तन को बता रहा है। सारा ध्यान अधिक से अधिक धन कमाने की तरफ रहेगा। इसमें भाग्य का सहयोग भी रहेगा।

कर्कः कर्क राशि के जातक जो भी कार्य मन लगाकर करेंगे उसमें सफलता मिलेगी। इस समय आपको एक से ज्यादा स्रोत से धन लाभ का योग बन रहा है। भाग्य भी पूरा साथ देगा।

सिंहः सिंह राशि के जातक आज एक से ज्यादा कार्यों में व्यस्त रहेंगे। अतः हर कार्य को सोच समझकर एकाग्र चित्त होकर करें। आपका रचनात्मक कौशल और उसको दूसरों के सामने प्रस्तुत करने की क्षमता आपका मान बढ़ाएगी।

कन्याः कन्या राशि के जातकों को कार्यक्षेत्र में कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। आज लोगों से अनावश्यक बहसबाजी और लड़ाई-झगड़ों से बचना ठीक रहेगा।

तुलाः तुला राशि के जातकों का कार्यक्षेत्र से संबंधित गहन चिंतन मनन कामकाज के विकास में सहायक सिद्ध होगा और इसके अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे।

वृश्चिकः वृश्चिक राशि के जातकों का प्रभाव दूसरों पर रहेगा लोग उनके आगे मुंह खोलने की हिम्मत नहीं कर पाएंगे। ऐसे सभी काम को करने वाले जातक जिसमें हिम्मत और अत्यधिक एनर्जी की जरूरत होती है।

धनुः धनु राशि जातकों के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेने में और सावधानी बरतने की जरूरत है। उच्च अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में कंपटीशन का सामना करना पड़ेगा।

मकरः मकर राशि के जातकों को क्रोध पर नियंत्रण रखना जरूरी है। कार्यक्षेत्र में मेहनत बहुत करनी पड़ेगी तभी सफलता मिलेगी। समय पर लिए गए निर्णय धन प्राप्ति के दरवाजे खोलेंगे। भाग्य का सहयोग मिलेगा।

कुंभः कुंभ राशि के जातकों को लॉकडाउन का यह पीरियड गुजारना मुश्किल हो रहा है। इसकी वजह से बहुत से ऐसे काम रुके हुए हैं, जिन्हें अगर समय पर ना किया गया तो उनका प्रभाव खत्म हो जाएगा।

मीनः मीन राशि के जातकों में उमंग उत्साह रहेगा। जो सभी कार्यों में सफलता दिलाएगा आपके द्वारा उठाए गए कदम सही साबित होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

सू- दोकू क्र.030

	9			2				1
		5	1				3	
7				9		8		5
	8		3		7		5	
2		7				1		3
	4			1			8	
6		2			9			
	5		7			3		
		8		5			6	7

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.29का हल

7	8	2	6	3	1	4	5	9
6	4	1	8	5	9	2	7	3
9	3	5	4	7	2		1	8
2	6	3	1	9	7	6	8	4
5	7	8	3	6	4	1	9	2
1	9	4	5	2	8	7	3	6
4	5	7	2	8	3	9	6	1
3	1	6	9	4	5	8	2	7
8	2	9	7	1	6	3	4	5

शब्द सामर्थ्य -030

बाएं से दाएं

[illegible]

ऊपर से नीचे

[illegible]



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 29 का हल

6000 रू. 3 किस्तों में देने वाले प्रति एकड़ 10000 रू. देने वालों से पूछ रहे सवाल : मरकाम

■ केन्द्र सरकार किसान सम्मान निधी किस्तों में ही देती है

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि जिस भाजपा ने अपने शासनकाल में न किसानों को 2100 रू. समर्थन मूल्य दिया, न 5 साल 300 रू. बोनस दिया, न 5 हासपावर पंपो को मुफ्त बिजली का वादा निभाया न किसानों की कर्जमाफी की, वह किस मुंह से कांग्रेस सरकार पर सवाल खड़े करती है। छत्तीसगढ़ के किसान कभी इस बात को नहीं भूल सकते है कि इस साल 2500 रू. धान का दाम देने में भाजपा की ही केन्द्र सरकार ने ही रूकावट डाली है। भाजपा अपने गरेबान में झांककर देखे पहले। कोरोना संकट लॉकडाउन के कारण उत्पन्न वित्तीय संकट में राज्य की राजस्व आय में कमी आयी है। इसके बावजूद कांग्रेस सरकार ने किसानों को 1500 करोड़ रू. जारी किये है।

भाजपा करती है वादाखिलाफी

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि किसानों से वादाखिलाफी और किसान विरोधी आचारण भाजपा का चरित्र है और उस किसान विरोधी भाजपा की केन्द्र सरकार किसान सम्मान निधी किस्तों में ही देती है। 2013 के विधानसभा चुनाव में भाजपा छत्तीसगढ़ में सरकार बनने पर किसानों के धान की कीमत 2100 रुपया प्रति क्विंटल और 300 रुपया बोनस देने का वादा किया था ठीक उसी तरह 2014 लोकसभा चुनाव में किसानों से केंद्र में भाजपा की सरकार बनने पर स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिश के अनुसार लागत मूल्य का डेढ़ गुना समर्थन मूल्य देने,महंगाई कम करने,किसानों की आय दुगुनी करने का वादा किया था। लेकिन 2013 में बनी रमन सिंह की सरकार और 2014 में बनी मोदी की सरकार ने किसानों से वादाखिलाफी कर किसानों के साथ अन्याय किया। मोदी सरकार ने रासायनिक खादों के दामों में बेतहाशा वृद्धि कर , सस्ते डीजल को महंगे दामों में बेचकर मुनाफाखोरी कर महंगाई की मार झेल रहे कर्ज से दबे हताश परेशान मजबूर देशभर के किसानों को लगातार नुकसान पहुंचाया है।

मोदी सरकार कर रही है किसानों का अपमान

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि किसान सम्मान निधि के नाम से निरंतर किसानों का अपमान तो भाजपा की मोदी सरकार कर रही है। भाजपा नेताओं पर तंज कसते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि किसानो की इतनी ही चिंता है तो भाजपा नेता केन्द्र सरकार को छत्तीसगढ़ राज्य के लिये 30 हजार करोड़ के लिये वित्तीय पैकेज देने के लिये क्यों नहीं कहते?

किसानों के खेती में काम आएगी राशि

किस्तों पर भाजपा नेताओं के सवालों को खारिज करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि इस समय प्रदेश की अर्थव्यवस्था बड़े खर्च की अनुमति नहीं दे रही है। विपरीत परिस्थितियों में कोरोना लाकडाउन के कारण वित्तीय संकट के बावजूद छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने दृढ़ संकल्प के साथ गरीब, मजदूर, किसानों की मद्द के लिये कदम आगे बढ़ाये है जो दूरदर्शी सोच का हिस्सा है। दरअसल किसानों को खेती के लिये पैसों की जरूरत एकमुश्त नहीं होती। समय-समय पर खर्च करने की आवश्यकता होती है और उसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये समय-समय पर उनके खाली हाथ को मलने से बचाने के लिये किस्तों का फैसला लिया गया। जाहिर है, इससे खेती का काम नहीं रूकेगा और समय पर किसान अपने कृषि कार्य को पूरा कर सकेंगे।

भूपेश सरकार ले रही महत्वपूर्ण संकल्प

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि विगत 18 माह में लगातार कांग्रेस की भूपेश सरकार द्वारा अपने हर महत्वपूर्ण संकल्प पर अमल का सिलसिला जारी है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्य तिथि पर कांग्रेस सरकार ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना का आगाज कर कारोना संकट में किसानों को बड़ी राहत पहुंचाने का काम किया है। पूरे प्रदेश मंत्रीमंडल के साथ-साथ इस अवसर पर विडियो कान्फ्रेंसिग में पार्टी के प्रमुख सोनिया गांधी, राहुल गांधी, छत्तीसगढ़ के प्रभारी पी.एल. पुनिया, छत्तीसगढ़ के प्रभारी सचिव डॉ. चंदन यादव, प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारीगण भी किसानों को मिले इस न्याय के साक्षी बने।

लॉकडाउन में यह फैसला बहुत महत्वपूर्ण

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि कोरोना काल में यह राहत बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि वास्तव में किसानों को इसकी जरूरत थी। यह समय खेती किसानी की शुरूआत है, बोवई का काम सामने है। लॉकडाउन ने देश की अर्थव्यवस्था के साथ किसान-मजदूरों की रीढ़ पर भी प्रहार किया है। आज किसान को अपनी दीगर जरूरतों के साथ-साथ खेती के शुरूआती खर्चे की आवश्यकता थी। ऐसे विकट समय में सरकार ने प्रति एकड़ दस हजार की प्रोत्साहन राशि देकर न केवल उनकी जरूरतों को पूरा करने कदम बढ़ाया, बल्कि उनकी सालाना आमदनी के जरिए में बोनी की तैयारी में मदद् पहुंचाने का काम किया है। किसान न्याय योजना मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सकारात्मक सोच और संवेदनशीलता का परिणाम है। योजना से वंचित हो रहे लोगो को जोड़ने के लिए इसमें दो बड़े संशोधन भी किए हैं।

कोरोना संकट के बीच स्टाफ और दवाओं की कमी से जुझता जिला अस्पताल

मुंगेली जिले में लगभग 1000 डॉक्टर की स्वीकृत पदस्थापना है जिसमें लगभग 604 डॉक्टर कार्यरत है। जिले की जनसंख्या 889000 है। इस तरह 1472 लोगो के लिए 1 डॉक्टर उपलब्ध है, वहीं नर्सिंग स्टॉफसहित विभिन्न पदो की स्वीकृत पद की संख्या 632 है, जिसमें 383 स्टॉफ कार्यरत है।

नव प्रदेश संवाददाता

मुंगेली। जिला अस्पताल बनने के बाद से ही रिफर सेंटर के नाम से प्रचलित नगर के लिए सुविधा कम तकलिफो का सबब बनता जा रहा है। गरीब तबके लिए जहां सरकारी अस्पताल ही एक सहारा है, जहां उनके लिए उम्मीद की किरण है किन्तु वर्तमान में बने इस रिफर सेंटर ने लोगो की उम्मीदों पर पानी फेरना दिया है, डाक्टरों की कमी और दवाओ का ना होना भी आज के इस महत्वपूर्ण समय में परेशानियों का सबब बनता जा रहा है जब देश इस भंयकर महामारी का दश झेल रहा है, उस समय स्वास्थ्य महकमा का ऐसा रवैया सवालिया निशान खडा करता जा रहा है। प्रशिक्षित डाक्टर के रहते भी गरीब तबके को प्राइवेट मे इलाज करना पड रहा है भले ही जिला अस्पताल का डां प्राइवेट मे आपरेट कर रहा हो। जिले में कोरोना को लेकर ऐतिहात बरती जा रही है, एक तरफ जहां में बाहर से आने श्रमिको की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, वही इन श्रमिको का लगातार जिला अस्पताल जाना भी अनवरत जारी है, जिसको देखते हुए जिला अस्पताल में आने वाले अन्य मरिजो के इलाज को लेकर अब परेशानिया भी नजर आने लगी है। वही इन दिनों जिला अस्पताल डाक्टरों और अन्य आवश्यक दवाओं को लेकर भी अस्पताल प्रबंधन समस्याओं से लगातार जुझ रहा है। जहां बीते कल जिले में 1 मरीज के कोरोना पाजेटिव आने के बाद से प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग दोनों सतर्क नजर आने लगे है, वही बाकी अन्य बिमारियों का ईलाज कराने आये मरिजो को भटकने की स्थिति बनने लगी है। स्वास्थ्य विभाग कोविड 19 को छोडकर अन्य बिमारियों की तरफ ज्यादा ध्यान नही दे पा रहा है जिसका उदाहरण बीते दिनो देखने को मिला जब किराना में साप काटने की वजह से आये मरीज को वैकसिन नही होने की वजह से बिलासपुर रिफर करने की नौबत आ गई, और उक्त मरीज की बिलासपुर जाते समय मृत्यु हो गई थी, इसी तरह अन्य बीमारियों के मरीजो को भी इन दिनों नगर में बने प्राइवेट अस्पतालों में रिफर करने का सिलसिला शुरू हो गया है, जिसके कारण गरीब तपके के लोगो को अपने इलाज के लिए मोटी रकम चुकानी पड रही है, नगर में बुहत से एसे कई अस्पताल है जो स्मार्ट कार्ड न चलने का हवाला देने से भी बाज नही आ रहे है।

आवश्यक दवाओ की कमी से जुझता अस्पताल

जिला अस्पताल बनने के बाद से जहां लोगो को एक आशा की किरण नजर आई थी, कि नगर में बेहतर इलाज की व्यवस्था हो गई है किन्तु बनने के बाद से जिला अस्पताल मात्र एक रिफर सेंटर बन कर ही रह गया है, कभी दवाई की कमी तो कभी विशेषज्ञों के न होने से मरिजो को प्राईवेट अस्पतालों का मुंह ताकना पड रहा है जो करोडों की लागत से बने इस अस्पताल पर प्रायः सवालिया निशान लगाता आया है। हड्डी रोग, सोनो ग्राफी, सहित अन्य विशेषज्ञों की कमी ने नगर सहित आस पास के इलाको में प्राईवेट नर्सिंग होमो सहित झोलाछाप डाक्टरों के लिए वरदान साबित हो रहा है।

आरडीए के 1.75 करोड़ रुपए के 7 प्लॉट बिके

■ 502 करोड़ रुपए की प्रापर्टी की विक्रय के लिए उपलब्ध

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। लॉकडॉऊन की अवधि में भी लोगों की रायपुर विकास प्राधिकण की संपत्ति खरीदनें में रुचि बनी हुई है। आज कमल विहार और इन्द्रप्रस्थ रायपुरा योजना में कुल 7 भूखंडों का विक्रय निविदा के माध्यम से हुआ। इससे प्राधिकरण को 1.75 करोड़ की आय होगी। प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री भीम सिंह के अनुसार कमल विहार योजना में 4 आवासीय प्लॉट और एक सीबीडी क्षेत्र का एक व्यावसायिक प्लॉट निविदा व्दारा बिके। इसी प्रकार इन्द्रप्रस्थ रायपुरा योजना में एक आवासीय और एक मिश्रित प्लॉट के लिए दो लोगों ने निविदा के माध्यम प्लाट लिए। इस प्रकार कमल विहार में 91.07 लाख रुपए तथा इन्द्रप्रस्थ रायपुरा योजना में 84.20 लाख की संपत्ति विक्रय हुई है। श्री सिंह ने बताया कि इन दिनों रायपुर विकास प्राधिकरण अपनी 502 करोड़ रुपए की प्रापर्टी की ब्रिकी कर रहा है। इसमें पुरानी योजनाओं में व्यावसायिक शारदा चौक,बाम्बे मार्केट, हनुमान मंदिर, गोविंद सारंग व्यावसायिक परिसर व भक्त माताकर्मा कॉम्पलेक्स न्यू राजेन्द्रनगर में दुकानें व हॉल, रावांभाठा ट्रांसपोर्टनगर में व्यावसायिक भूखंडों तथा आवासीय में बोरियाखुर्द व रायपुरा योजना में न्यून निम्न आय वर्ग के फ्लैट्स का विक्रय कर रहा है। इसके अतिरिक्त बोरियाखुर्द में एलआईजी फ्लैट्स, ईड्ब्लू स्वतंत्र रोहाऊस आवास का भी विक्रय किया जा रहा है। प्राधिकरण की विक्रय योग्य संपत्तियों के बारे में प्राधिकरण की वेबसाईट आरडीए डॉट कॉम पर आवेदन पत्र, नियम एवं शर्तें उपलब्ध है।

लॉकडाउन के दौरान ग्रामीण मजदूरों की आर्थिक तंगी को दूर कर रहा है मनरेगा

■ जनपद पंचायत मुंगेली के 126 ग्राम पंचायतो मे चल रहा है श्रम मूलक कार्य

नव प्रदेश संवाददाता

मुंगेली। सामान्य दिनो मे जरूरतमंदो को रोजगार दिलाने व पलायन को रोकने के मकसद से चलाया जाने वाला महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना लॉकडाउन मे मजदूरो की आर्थिक तंगी को दूर करने मे सार्थक साबित हो रहा है। इस योजना के तहत कार्य प्रारंभ होने पर जरूरतमंद लोग रोजगार की चिंता से मुक्त हो गये है। अब उन्हे नियमित रूप से रोजगार उपलब्ध हो रहा है।

जिले के जनपद पंचायत मुंगेली के मुख्य कार्य पालन अधिकारी आर.एस. नायक ने बताया कि कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देश पर जनपद पंचायत मुंगेली के 126 ग्राम पंचायतो मे आजिविका संवर्धन हेतु व्यक्तिगत कार्य यथा कुआ निर्माण, डबरी निर्माण कार्य, भू नाडेप, पशु शेड साथ ही सामुदायिक कार्य यथा तालाब गहरीकरण कार्य, नवीन तालाब निर्माण कार्य, मिट्टीकृत सड़क एवं कच्चे नाली जैसे- 240 से अधिक श्रम मूलक कार्य प्रारंभ किये गये है। इन कार्यो मे 44 हजार 4 श्रमिक शामिल होकर रोजगार प्राप्त कर रहे है। कोरोना संक्रमण को ध्यान मे रखते हुए सुरक्षा की दृष्टि के लिए कार्य स्थल पर हाथ धोने के लिए साबुन एवं सेनेटाइजर की व्यवस्था की गई है। श्रमिको के द्वारा सामाजिक दूरी बनाते हुए मास्क का उपयोग किये जा रहा है। कार्य मे शामिल समस्त श्रमिको को उनकी बैंक खातो मे समय पर ही मजदूरी का भुगतान हो रहा है। यह कार्य ग्रामीणो के लिए आर्थिक रूप से बेहद कारगर साबित हो रहा है।

आदर्श गौठान ग्राम मोखला में किसानों ने किया बेलर मशीन के माध्यम से पैरादान

■ कृषक उत्साह से कर रहे हैं अपनी भागीदारी सुनिश्चित

नव प्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरूवा, घुरूवा और बाड़ी अंतर्गत आदर्श गौठान राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मोखला में पशुओं की चारा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए किसानों द्वारा पैरा दान किया गया है। उप संचालक कृषि जीएस ध्रुर्वे द्वारा पैरादान कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला स्तर पर मानिटरिंग टीम गठित कर गौठान ग्रामों में पैरा व्यवस्था सुनिश्चित करने समस्त कृषि अमलों को निर्देशित किया गया है। कृषि विभाग राजनांदगांव द्वारा राउण्ड स्ट्रा बेलर मशीन के माध्यम से पैरा एकत्र कर गठ्ठा बनाने का जीवंत प्रदर्शनी कर किया गया। जिसे देखने के लिये बहुत संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे। बेलर मशीन द्वारा 1 घण्टे में एक एकड़ खेत का पैरा एकत्र किया जा सकता है। बेलर से 18-20 किलो गठ्ठा तैयार होता है। 1 एकड़ में 35 से 40 गठ्ठा तैयार होते है। किसानों द्वारा बेलर मशीन की कुशलता को देखकर काफी उत्साह देखा गया है। सभी किसान अपने खेत में बेलर मशीन से पैरा एकत्र कर गौठान में पैरादान करने के लिए सहमति जताई। पैरादान कार्यक्रम में ग्राम जंगलेशर के किसान विरेन्द्र साहू महासिंग, सखा राम, बलेश्वर, डिगेश्वर द्वारा पैरादान किया गया। जिनके 10 हेक्टेयर खेतों से 1320 नग पैरे का बेल (गठ्ठा) बेलर मशीन से 145.20 क्विंटल पैरा एकत्र कर गौठान में दान किया। वर्तमान जिले में कृषि अभियांत्रिकी छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दो बेलर मशीन संचालित की जा रही है। समस्त आदर्श गौठान में बेलर मशीन का जीवंत प्रदर्शन एवं पैरादान किया जाएगा। पैरादान का यह द्वितीय चरण है, जिसमें कृषक बहुत ही उत्साह से अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहे है और बेलर मशीन के प्रति बहुत ही सकारात्मक दृष्टिकोण दिखाते हुए पैरा नहीं जलाने के लिए प्रतिबद्ध हुए एवं स्वयं ही पैरा जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में अन्य कृषकों को जागरूक करे रहें है। पैरादान कार्यक्रम उचित सामाजिक दूरी का पालन करते हुए आयोजित किया गया है। ग्राम जंगलेशर, मोखला, मुड़पार के कृषकगण के साथ-साथ वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राजनांदगांव ओ.पी. सिंह, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती रजनी सोनटेके, याजवेन्द्र कटरे, बी.टी.एम. सुरेन्द्र मधुकर, कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीण जन उपस्थित हुए । साथ ही आदर्श गौठान ग्राम में महिला कृषकों समूह को बीज उत्पादन कार्यक्रम से जुड़ने एवं खेत में मेड़ों पर अरहर आदि दलहनी, तिलहनी फसलों को बढ़ावा देने की सलाह दी गई। साथ ही मृदा स्वास्थ्य के लिए मृदा नमूना एकत्र करने के लिए सही तरीके का जीवंत प्रदर्शनी किया गया है एवं कृषकों को मृदा कार्ड में अनुशंसित मात्रा अनुसार उर्वरक उपयोग की सलाह दी गई। मृदा तथा फसल प्रदर्शन के लाभ लेने हेतु वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई।

रेलवे स्टेशन काउंटर पर भी बुक करा सकेंगे रिजर्वेशन टिकट

■ यात्रियों की सुविधा के लिए 1 जून से 200 पैसेंजर्स ट्रेनों को चलाने की रेलवे ने की घोषणा

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। कोरोना वायरस के कारण देश में लॉकडाउन लागू है, हालांकि, अब धीरे-धीरे इसमें ढील दी जा रही है। संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए रेलवे ने स्टेशनों पर काउंटर से टिकट बुकिंग की सुविधा भी बंद कर दी थी।

अभी जो भी ट्रेनें चल रही हैं उसके लिए यात्रियों को ऑनलाइन ही टिकट बुक करना होता है, लेकिन अब रेलवे ने फैसला लिया है कि काउंटर से भी टिकट बुक किए जा सकेंगे। यात्री शुक्रवार से रेलवे स्टेशनों पर काउंटर से आरक्षण करा सकेंगे। रेलवे के बयान के मुताबिक, आरक्षित यात्रा के लिए यात्री स्टेशनों, रेलवे परिसरों में काउंटर से टिकटों की बुकिंग करा सकेंगे. टिकटों की बुकिंग के दौरान सोशल डिस्टेंसिग की जिम्मेदारी जोनल रेलवे की होगी। इससे पहले रेल मंत्री पीयूष गोयल ने बताया था कि आम लोगों को बहुत जल्द रेलवे स्टेशन के काउंटर से भी टिकट मिल पाएगी. इसके लिए रेल विभाग की टीम सुरक्षा के सभी इंतजामों की समीक्षा कर रही है.

एक बार सभी इंतजाम सही पाने के बाद आम लोगों के लिए टिकट काउंटर खोल दिए जाएंगे. रेल मंत्री ने उम्मीद जताई कि अगले 1-2 दिनों की भीतर काउंटर से टिकट खरीदने की सेवा बहाल हो सकती है.

रेलवे की तरफसे जारी बयान के मुताबिक, रिजर्व्ड टिकट की बुकिंग और कैंसिलेशन की सुविधा पोस्ट ऑफिस और यात्री टिकट सुविधा केंद्र लाइसेंस रखने वालों को भी दी गई है. इसके अलावा जो IRCTC के आधिकारिक एजेंट हैं, रेलवे परिसर में पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम और कॉमन सर्विस सेंटर्स को भी ऑफ्लाइन टिकट बुक करने का अधिकार दिया गया है. सभी जगहों पर सोशल डिस्टेंसिंग को मानना होगा। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए 1 जून से 200 पैसेंजर्स ट्रेनों को चलाने की घोषणा की. इन ट्रेनों के लिए गुरुवार यानी आज सुबह 10 बजे बुकिंग शुरू हुई।